ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • वैशाख शुक्ल पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 05 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 91 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अनुपम खेर 537वीं फिल्म की ओर जल्दें... पेज 12 पर



## विपक्षी एकता की राह में हमसफर बनेंगे हेमंत सोरेन



**चुनाव के लिए झामुमो की चल रही है तैयारियां**

**झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं**

**12 सीटें पर भाजपा का कब्जा है**

**झामुमो के पास लोकसभा की सिर्फ एक सीट है**


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजनीति में हर मुलाकात का एक अर्थ होता है। ऐसे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पिछले दिन जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और उससे पहले जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो की मुलाकात का गठबंधन की राजनीति के लिहाज से बड़ा अर्थ है। इन मुकालातों से इन संभावनाओं को बल मिल रहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विपक्षी एकता की राह में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हमसफर की भूमिका निभाने वाले हैं। खबर है कि नीतीश कुमार खुद हेमंत से मिलने झारखंड आने वाले हैं। इसके पहले वे ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मिलेंगे और फिर वे झारखंड के दौरे पर आयेंगे। इससे पहले नीतीश और तेजस्वी बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मिल चुके हैं। विपक्षी दलों की एका की मुहिम को झारखंड के संदर्भ में देखें तो 2024 के लोकसभा के बाद झारखंड में विधानसभा के चुनाव भी होने हैं। चुनावों के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा की तैयारियां चल रही हैं। नीतीश की पार्टी जदयू का कोइरी-कुर्मी जाति के बीच बड़ा जनाधार माना जाता है। झारखंड में भी इन दोनों जातियों की खासी आबादी है। झामुमो जानता है कि नीतीश के साथ चलने से झारखंड में उसका फायदा है। झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं जिनमें से 12 पर भाजपा का कब्जा है। झामुमो के पास लोकसभा की सिर्फ एक सीट है। जदयू का साथ मिलने से झामुमो को कम से कम चार लोकसभा सीटों पर लाभ मिल सकता है। दूसरी तरफ जदयू भी झारखंड में अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन तलाशने में जुटा है। डेढ़ दशक पहले झारखंड विधानसभा में जदयू के पांच विधायक हुआ करते थे। उन दिनों जदयू एनडीए में था। अब एनडीए से उसके रास्ते अलग हैं तो स्वाभाविक तौर पर झामुमो के साथ उसकी दोस्ती जमने के आसार हैं।

## नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ को दूसरा स्थान

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग से जारी मार्च की डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले को देश में दूसरा स्थान दिया है। साथ ही हेल्थ एंड न्यूट्रिशन क्षेत्र में जिले को देश में पहला स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह कार्य करने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि नीति आयोग ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्रतिमाह जारी किए जाने वाले डेल्टा रैंकिंग में सुधार के लिए उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर नियमित रूप




से सभी विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा कर ससमय डाटा पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है।

---

**NEWS इन ब्रीफ**

### तस्करी की शिकार 11 बच्चियों को बैंगलुरू से रांची लाया जाएगा आज

**रांची।** झारखंड की पहाड़िया जनजाति की 11 नाबालिग बच्चियों को आज बैंगलुरू से रांची लाया जाएगा। जनवरी महीनें में बैंगलुरू में मानव तस्करी की शिकार बच्चियों को रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया था, जब उनकी तस्करी की जा रही थी। राज्य सरकार की पहल पर बच्चियों को अब प्लेन से बैंगलुरू से रांची लाया जा रहा है। पाकुड़ व साहिबगंज जिलों की ये बच्चियां शुक्रवार को दिन के 2.40 बजे रांची एयरपोर्ट पर पहुंचेंगी। इसके बाद सभी को प्रेमाश्रय बालिका गृह में रखा जाएगा। यहां प्रक्रिया पूरी होने के बाद बच्चियों को संबंधित जिलों के बाल संरक्षण पदाधिकारियों के साथ उनके घर भेजा जाएगा। राज्य सरकार की पहल पर बच्चियों को प्लेन से लाया जा रहा है।

### पाकिस्तान के एक स्कूल में 7 शिक्षकों की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** खैबर पख्तूनख्वा के अपर कुर्रम तहसील में गुरुवार को एक स्कूल में कम से कम 7 शिक्षकों को गोली मार दी गई। उत्तर पश्चिमी प्रांत में हिंसा की इस ताजा घटना के बाद इलाके के सभी अस्पतालों में आपात स्थिति लागू कर दी गई है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय पुलिस ने कहा कि अज्ञात बंदूकधारियों ने तहसील के हाई स्कूल के स्टाफ रूम में 7 शिक्षकों को गोली मार दी। शिक्षक अपनी परीक्षा ड्यूटी करने के लिए भवन में मौजूद थे। इसी क्षेत्र में एक अन्य घटना भी हुई। यहां पर चलते वाहन में एक शिक्षक की मौत हो गई। इसके साथ एक दिन में मारे गए शिक्षकों की कुल संख्या 8 हो गई। द न्यूज ने बताया कि पुलिस हत्यारों की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक उनका पता नहीं लगा पाई है।

**(संवाददाता/एजेंसियां)**

---

### 15 लाख का इनामी भाकपा माओवादी

## इंदल का सरेंडर

**145 नक्सल कांड दर्ज**

**चतरा में 40, पलामू में 1, हजारीबाग में 5, गया में 78 व औरंगाबाद में 13 नक्सल कांड हैं दर्ज**

**1999 से संगठन में सक्रिय था इंदल गंझू**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाकपा माओवादियों के रीजनल कमांडर व 15 लाख के इनामी इंदल गंझू ने राज्य पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। 1999 में ओवरग्राउंड वर्कर से माओवादी संगठन में जुड़े इंदल के ऊपर 145 नक्सल कांड दर्ज हैं। तकरीबन एक दर्जन पुलिस कर्मियों की हत्या, पुलिस मुखबीरों की हत्या के आरोपी इंदल के सरेंडर से भाकपा माओवादियों के मध्य जोन में संगठन को झटका लगा है। इंदल बिहार के गया जिले के इमामगंज का रहने वाला है। जमीन विवाद के बाद साल 1999 में माओवादी संगठन में जुड़ गया था। उसके खिलाफ कुल 145 कांड दर्ज हैं। सर्वाधिक 78 केस गया, चतरा में 40, पलामू में एक, हजारीबाग में पांच, औरंगाबाद में 13 नक्सल कांड उसके खिलाफ दर्ज हैं। बिहार रीजनल कमेटी में संदीप यादव की मौत के बाद मध्य जोन की कमान इंदल गंझू के हाथ में थी। इंदल के सरेंडर से मध्य जोन खास कर चतरा, पलामू सब जोन, कोलेश्वरी सब जोन में माओवादी कमजोर होंगे। गुरुवार को रांची आईजी कार्यालय ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### हजारीबाग : टीएसपीसी के 3 उग्रवादी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

पुलिस ने केरेडारी थाना के डमारु के जंगल में तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति टीएसपीसी के एरिया कमांडर पहाड़ी जी उर्फ रामेश्वर महतो उर्फ रमेश महतो, दिवाकर गंझू उर्फ प्रतापजी, राजेश गंझू, मनोज मुंडा को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों के साथ केरेडारी, बड़कागाव, बुढमु, उरीमारी, खलारी आदि क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। गुप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने जिला बल एवं सीआरपीएफ-22 बटालियन टण्डवा के साथ डमारु जंगल में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान जंगल में मौजूद टीपीसी के सक्रिय सदस्य पुलिस बल को देख कर जंगल में इधर-उधर भागने लगे। पुलिस की टीम ने उग्रवादियों को खदेड़ कर धर दबोचा। बहादुर गंझू उर्फ नरेश भोक्ता के पास से एक 9 एमएम का लोडेड देशी पिस्टल, मैगजीन सहित 4 चक्र जिन्दा गोली तथा उनकी निशानदेही पर एक देशी भराठी बंदूक एवं एक मोबाईल बरामद किया गया। मुकेश तुरी के पास से एक देशी पीजी कार्बाईन एवं 5 जिन्दा गोली एक मोबाईल एवं एक अपाची टीवीएस कम्पनी का मोटरसाईकिल बरामद किया है। दिनेश लोहरा के पास से एक देशी कार्बाईन 5 जिंदा गोली एवं एक मोबाईल को बरामद किया।



### लातेहार : पूर्व नक्सली कमांडर के पुत्र की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। हेरहंज**

पूर्व नक्सली कमांडर गोपाल गंझु उर्फ बासुदेव गंझु के पुत्र सकलदीप गंजू उम्र 25 साल का शव के गांव के कुआं में मिला पूर्व नक्सली कमांडर गोपाल ने बतलाया गांव में एक शादी में गया हुआ था रात्रि 1 बजे तक शादी समारोह में था। सुबह तक घर नही पहुंचने पर परिजनों द्वारा खोज बीन करने पर गांव के निमडाढी कुआं में शव 4 बजे मिला। गोपाल गंझु जनवरी 2020 में आत्मसमर्पण कर घर में रह रहा था गोपाल ने बतलाया मेरे पुत्र की हत्या कर शव को कुआं में डाल दिया गया है। मिर्तक सकलदीप कि पत्नी मुंकि देवी माता बसंती देवी सहित पूरे परिवार का रो रोकर हाल बुरा हाल है।

---

## आईएएस अधिकारी छवि रंजन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के पूर्व डीसी एवं समाज कल्याण निदेशक छवि रंजन को ईडी ने गुरुवार को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को रांची में जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में ईडी ने छवि रंजन को दूसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया था। जिसके बाद देर रात छवि रंजन को गिरफ्तार कर लिया गया।

### कैसे आए छवि रंजन ईडी के घेरे में

दरअसल जब छवि रंजन रांची के डीसी थे तब उनके कार्यकाल में बड़े पैमाने पर फर्जी कागजातों के आधार पर जमीन की खरीद बिक्री की गई , उनमें सबसे प्रमुख बरियातू स्थित सेना की जमीन थी।बरियातू में सेना की 4.55 एकड़ जमीन को फर्जी कागजात के जरिए कोलकाता के प्रदीप बागची ने जगत बंधु टी इस्टेट को बेच दी थी। इस जमीन की सरकारी दर 20 करोड़ 75 लाख 84200 रुपये थी, लेकिन बिक्री महज सात करोड़ में दिखायी गई। उसमें भी 25 लाख रुपये प्रदीप बागची के खाते में आए थे। बाकि पैसों के चेक के जरिए भुगतान की जानकारी डीड 6888/2021 में दी गई थी। लेकिन ईडी ने जब चेक के जरिए भुगतान की जांच की तो पता चला कि खातों में पैसे गए ही नहीं हैं। चेक के भुगतान की गलत जानकारी डीड में दी गई थी, ताकि खरीद बिक्री सही प्रतीत हो। इस दौरान छवि रंजन के परिजनों के खातों में बड़े ट्राजेक्शन और लाभांवित होने के सबूत ईडी को मिले हैं। जमीन की रजिस्ट्री करने वाले सब रजिस्ट्रार घासीराम पिंगुआ ने भी अपने बयान में बताया था कि डीसी के आदेश पर उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री की थी। तत्कालीन कमीश्नर नितिन मदन कुलकर्णी ने भी डीसी की गड़बड़ी पकड़ी थी।वही रांची के बाजरा में भी 7.16 एकड़ जमीन की घेराबंदी से लेकर म्यूटेशन तक में डीसी रहते छवि रंजन की भूमिका काफी संदेहास्पद रही। जमीन के 83 साल का दखल खारिज एक ही दिन में डीसी रहते छवि रंजन ने करायी। इस जमीन की रजिस्ट्री भी सरकारी दर 29.88 करोड़ से कम में महज 15.10 करोड़ में की गई थी।वही तीसरा मामला रांची के सदर चेशायर होम में एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री भी छवि रंजन के डीसी रहते हुई। चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की डील में प्रेम प्रकाश को डेढ़ करोड़ रुपये मिले थे। फर्जी दस्तावेज के सहारे राजेश राय ने जमीन का पावर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### गुरुवार को दिन के 10.40 बजे पहुंचे थे छवि रंजन



गुरुवार की सुबह से यह कयास लगाया जा रहा था कि छवि रंजन को ईडी के द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा। क्योंकि उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हासिल कर लिए गए थे। गुरुवार को दिन के 10.40 बजे छवि रंजन पूछताछ के लिए ईडी के रांची जोनल आफिस पहुंचे थे, पूछताछ के दौरान छवि रंजन ने जांच में ईडी अधिकारियों को कई सवालों के जवाब नहीं दिए। जमीन घोटाले में अबतक की जांच में ईडी ने तत्कालीन डीसी छवि रंजन और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश को ही मास्टरमाइंड माना है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, दोनों ने जमीन के फजीर्वाड़े कराने से लेकर इसकी रजिस्ट्री तक में भूमिका निभायी। इसके बाद दोनों ने इसी के माध्यम से करोड़ों की अवैध कमायी की, ईडी को जमीन डील में छवि रंजन के लाभांवित होने के पूरे साक्ष्य मिले ,जिसके बाद ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### राहुल के याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8(3) को असंवैधानिक करार देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता इसमें व्यक्तिगत रूप से प्रभावित नहीं है, इसलिए कोर्ट इस पर सुनवाई नहीं कर सकती है। केरल की रहने वाली आभा मुरलीधरन ने सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दाखिल की थी। आभा मुरलीधरन ने राहुल गांधी के मामले का हवाला देकर याचिका में कहा था कि आरोपों की गंभीरता और उसकी प्रकृति पर गौर किए बिना संसद की सदस्यता खत्म करना नैसर्गिक न्याय के खिलाफ है। याचिका में मांग की गई थी कि जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8(3) को असंवैधानिक करार दिया जाए।

## बाइडेन ने अजय बंगा को बनाया विश्व बैंक का अध्यक्ष

**जून 2023 में संभालेंगे पदभार**

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक अजय बंगा विश्व बैंक के अगले अध्यक्ष होंगे। उनको इस पद के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चुना है। अजय बंगा ने हैदराबाद पब्लिक स्कूल के बाद दिल्ली विश्व विद्यालय से स्नातक व आईआईएम अहमदाबाद से प्रबंध शास्त्र की डिग्री ली। उसके बाद 1981 में अपने नेस्ले कंपनी से नौकरी की शुरूआत की। फिर पेप्सिको, सिटी ग्रुप तथा क्रेडिट कार्ड की प्रसिद्ध कंपनी मास्टरकार्ड



से भी जुड़े भारतीय मूल के अजय बंगा वर्ल्ड बैंक के अगले प्रेसिडेंट होंगे। विश्व बैंक ने खुद इसकी पुष्टि की है। बंगा का कार्यकाल पांच साल का होगा। वह डेविड मलपास की जगह लेंगे। मलपास जून 2023 में अपने पद से इस्तीफा देंगे। वह अपने निर्धारित कार्यकाल से एक साल पहले पद छोड़ रहे हैं।अजय बंगा के पिता भारतीय सेना में वरिष्ठ अफसर रहे हैं। बंगा की स्कूलिंग हैदराबाद पब्लिक स्कूल से हुई है। स्नातक की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से करने के बाद बंगा ने आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए किया। अजय बंगा अब अमेरिका की नागरिकता ले चुके हैं। साल 1981 में उन्होंने अपने करियर की शुरूआत नेस्ले से की थी। इसके बाद वह पेप्सिको, सिटी ग्रुप और क्रेडिट कार्ड की बड़ी कंपनी मास्टरकार्ड में बड़े पद पर रहे।

बंगा ने मास्टरकार्ड साल 2010 में बतौर अध्यक्ष ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

---

**उपचार** कोरोना वैक्सीन बनाने वाली फर्म कैंसर के टीके कर रही है विकसित

## 2030 तक कैंसर, ह्रदय रोग व ऑटोइम्यून के टीके

**एक इंजेक्शन से कोविड, फ्लू व श्वसन सिन्सिटियल वायरस से बचाया जा सकेगा**

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

क्या कैंसर, हृदय रोग व ऑटोइम्यून सहित अन्य कई जटिल बीमारियों के टीके 2030 तक बन जाएंगे? अंग्रेजी अखबार द गार्जियन के अनुसार, एक प्रमुख फार्मास्युटिकल फर्म ने कहा कि उसे विश्वास है कि कैंसर, हृदय और ऑटोइम्यून बीमारियों और अन्य स्थितियों के लिए टीके 2030 तक तैयार हो जाएंगे। इन टीकाकरणों पर जो शोध व प्रोयग चल रहे हैं उनके परिणाम भी अच्छा आने की बात कही जा रही है। इस बारे में फार्मास्युटिकल कंपनी मॉडर्ना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी पॉल बर्टन का कहना है कि फर्म सभी प्रकार के रोग क्षेत्रों



के लिए कम से कम पांच साल में इस तरह के उपचार की पेशकश करने में सक्षम होगी। रिसर्चर्स ने कहा कि 15 सालों की प्रगति को 12 से 18 साल में हासिल कर लिया गया है। यह सिर्फ कोरोना वैक्सीन की वजह से हुआ है।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना वायरस वैक्सीन बनाने वाली एक प्रमुख फर्म कैंसर के टीके विकसित कर रही है जो विभिन्न प्रकार के ट्यूमर को टारगेट करते हैं। बर्टन ने कहा, 'हमारे पास वह टीका होगा और यह अत्यधिक प्रभावी होगा और यह लाखों लोगों की जान बचाएगा।

मुझे लगता है कि हम दुनिया भर के लोगों को कई अलग-अलग ट्यूमर प्रकारों के खिलाफ व्यक्तिगत कैंसर के टीके देने में सक्षम होंगे'। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह भी कहा कि एक ही इंजेक्शन से कई श्वसन संक्रमणों को कवर किया जा सकता है (कमजोर लोगों को कोविड, फ्लू और श्वसन सिन्सिटियल वायरस से बचाया जा सकता है) जबकि एमआरएनए उपचार दुर्लभ बीमारियों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। जिनके लिए वर्तमान में कोई दवा नहीं है। एमआरएनए पर आधारित उपचार कोशिकाओं को सिखाते हैं कि प्रोटीन कैसे बनाया जाए, जो बीमारी के विरूद्ध शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को ट्रिगर करता है।

### निकाय चुनाव को लेकर हाईकोर्ट में 8 को सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में गुरुवार को नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर दायर रिट याचिका पर सुनवाई आठ मई को होगी। मामले की जल्द सुनवाई का आग्रह करते हुए अधिवक्ता विनोद सिंह ने इस मामले को कोर्ट में गुरुवार को मेंशन किया, जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई सोमवार को निर्धारित की। पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य पार्षदों की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि राज्य में जल्द निकायों का चुनाव कराया जाए। जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्तमान पार्षद को तदर्थ रूप में दायित्व का निर्वहन करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया गया है।

**झारखंड के इन जिलों में बारिश का अलर्ट**

### आंधी-वज्रपात की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में मौसम का मिजाज फिर बदलने वाला है। मौसम विभाग ने चतरा, हजारीबाग, जामताड़ा और कोडरमा में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि तेज हवा के साथ बारिश होगी। वज्रपात की भी प्रबल आशंका है। पश्चिमी सिंहभूम के कुछ जिलों में भी अगले 1 से 3 घंटे में बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना है। संताल परगना के साहिबगंज और गोड्डा में भी बारिश और वज्रपात का पूवार्नुमान व्यक्त किया गया है। गौरतलब है कि राजधानी रांची सहित आसपास के जिलों में बुधवार को हुई बारिश के बाद तापमान गिरा। इसकी वजह से गुरुवार को मौसम सुहाना बना हुआ है। गुरुवार को भी रांची में बादलों



की आंख-मिचौली चलती रही। मौसम आमतौर पर ठंडा बना रहा। बता दें कि 20 अप्रैल को झारखंड में आए मौसम में बदलाव का असर अभी तक बना हुआ है। 20 अप्रैल के बाद से झारखंड के अलग-अलग जिलों में रुक-रुककर बारिश होती रही है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि शुक्रवार से आसमान साफ होगा और तीखी धूप खिलेगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज को आसमान साफ होगा।

## विस्थापित संघर्ष समिति की ओर से एक दिवसीय धरना सम्पन्न

# अस्पताल प्रबंधन के निदेशक व एचआर को हटाने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार को कदमा विस्थापित संघर्ष समिति की ओर से पूर्वाहन 11:00 से 3:00 बजे तक रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के मुख्य द्वार के समीप एक दिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार महतो और संचालन राजेंद्र महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाईगर ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन के निदेशक डॉ एमएम पांडे और एचआर सुचारिता को पद से हटाया जाए और झारखंड से किसी योग्य पदाधिकारी को रखा जाए। भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश संगठन महासचिव हरिनाथ साहू ने कहा झारखंड सरकार के नियुक्ति नियमावली के विरुद्ध कैंसर हॉस्पिटल प्रबंधक के द्वारा पैसों का लेनदेन कर बाहरी लोगों को योग्यता के नाम पर भरने का काम किया जा रहा है जबकि स्थानीय स्किल्ड कर्मियों को अयोग्य घोषित कर तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय बहाली में भी छटनी कर विस्थापितों एवं स्थानीय लोगों के हक अधिकार के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रबंधन के कार्यशैली को देखते हुए साफ लगता है कि नियुक्ति में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रही है। कदमा कांके विस्थापन संघर्ष समिति मांग करती है पूरे प्रबंधन में नियुक्ति का उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और स्थानीय विस्थापितों को तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय पदों में शत-प्रतिशत नियुक्ति की प्रक्रिया को अपनाया जाए।

**इसके साथ उन्होंने निम्नलिखित मुख्य मांगें रखीं :** विस्थापित एवं स्थानीय लोगों को तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में टाटा ट्रस्ट की ओर से नियुक्ति की जाए।

◆नियुक्ति के लिए विज्ञापन स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाए ◆अस्पताल प्रबंधन या टाटा ट्रस्ट के द्वारा आउटसोर्सिंग एजेंसी के चयन प्रक्रिया की जानकारी भी स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाए और नियुक्ति में स्थानीय को प्राथमिकता दी जाए ◆उम्मीदवारों के साक्षात्कार में समिति का एक मनोनित सदस्य का होना अनिवार्य रहेगा ◆ स्थानीय लोगों को कैंसर का इलाज मुफ्त में किया जाए ◆पर्यावरण और जल प्रबंधन का समुचित उपाय किया जाय ◆अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों से नियमानुसार निर्धारित घंटे और एक व्यक्ति से एक ही काम लिया जाए।

मौके पर जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी, संसद प्रतिनिधि ठानो मुंडा, विधायक प्रतिनिधि प्रभात भूषण, भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश संगठन महामंत्री हरिनाथ साहू, रामलखन मुंडा मुखिया सुकुरहुटू, सुधीर मुंडा मुखिया जयपुर, रंजीत टोप्पो, केंद्रीय सरना समिति सदस्य, शशि कुमार महतो, विकाश महतो, नमन महतो, राजेश, जग्गू, पंकज, नमन, रविकांत, रोहित, उत्तम, इशांत, सीमांत, मोहनलाल, किशन, विनोद, दीपक, आतिश,जावेद अख्तर अंसारी, शत्रुघ्न महतो, राहुल राज, निरंजन कुमार, उदयनाथ महतो, नमित हेमरोम, सेख सहाबुद्दीन, मो चांद,रंथु उरांव, रंजन सिंह सहित कदमा, सुकुरहुटू ,गारू के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### सर्वोदय शिक्षा एवं विकास समिति की बैठक संपन्न

# विद्यालय में अनुशासन बहुत जरूरी : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सर्वोदय शिक्षा एवं विकास समिति की बैठक आज समिति के अध्यक्ष और विधायक सीपी सिंह की अध्यक्षता में ज्ञानोदय उच्च विद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में कुल 12 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष और विधायक सीपी सिंह ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन बहुत जरूरी है, विशेषकर छात्रों और शिक्षकों के बीच अनुशासन का पालन होना चाहिए। उन्होंने समिति के नवनियुक्त सदस्यों से विद्यालय हित में काम करने का आह्वान किया इस मौके पर श्री सिंह ने नवनियुक्त सदस्य नीरज पांडे अनिल कुमार सिंह और नलिनी रंजन मिश्रा को समिति में पहली बार जुड़ने पर अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया बैठक में समिति के सचिव एनडी शर्मा विद्यालय के सचिव डॉ भीम प्रभाकर पूर्व प्रधानाध्यापक दीपतेंदू पांडे पारसनाथ सिंह वर्तमान प्रधान अध्यापिका निशा शर्मा उपेंद्र उपाध्याय दिनेश कुमार सिंह राजकुमार साहू मीनू कुमारी दीपक कुमार सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## पंचायत समिति सदस्यों की विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित


# लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

प्रखंड मुख्यालय सभागार में पंचायत समिति की विभिन्न विभागों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिकांश विभाग के अधिकारियों या प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति काबिले तारीफ रही। शो काउज अर्थात कारण बताओ नोटिस भले जारी किया जाएगा किन्तु ठोस कार्रवाई तो हो नहीं पाती, इसलिए कुछ विभागों के अधिकारियों द्वारा अपनी व्यस्तता का बहाना बनाकर बैठक में अनुपस्थित रहना ही बेहतर समझते हैं। बीडीओ सुलेमान मुंडारी, बीएसओ रंजन गुप्ता, मांडर रेफरल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. किशोर कुल्लू, प्रोग्राम मैनेजर उपेन्द्र सिंह, टीबी विभाग, पीएचडी विभागके जेईई सोमलाल उरांव,, पशुपालन विभाग के चंद्रोदय कुजूर, सीडीपीओ सुजाता कुमारी,15वां वित की प्रखंड समन्वयक अर्पणा खलखो, जेईई नौशाद अंसारी व अलका कुजूर, बीसीओ मोतीलाल पासवान, जेएसपीएल की अंकिता कुमारी, उपप्रमुख अमानत अंसारी, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का बीडीओ के साथ बैठक में अन्य विभाग की समस्याओं की चर्चा के इंतजार में अन्य मौजूद विभाग के साथ चर्चा करते रहे पर बैठक के अंत तक अन्य विभाग के प्रतिनिधि तक नहीं पहुंचे। अंततः शो कॉज करने पर सदन को विवश होना पड़ा। बिजली विभाग के अधिकारी तो बैठक में कभी आना मुनासिब ही नहीं समझते, जिससे प्रखंड प्रमुख सहित पंचायत समिति के सदस्य काफी लापरवाही होते हैं। बैठक में उपस्थित लोगों ने अनुपस्थित विभाग की लापरवाही पर रोष व्यक्त करते हुए अगली बैठक में नहीं आने पर ठोस कदम उठाने की चेतावनी दी। मौके पर सभी पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सेवक, विभिन्न विभागों के इंजीनियर, आपूर्ति विभाग के अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

## ट्रांसफार्मर हुआ खराब, बूटी मोड़ के तीन मोहल्लों में आठ घंटे से बिजली ठप



रांची। बूटी मोड़ के पास बुधवार देर रात ट्रांसफार्मर खराब होने से करीब आठ घंटे तक तीन मोहल्लों में अंधेरा पसरा रहा। रात में ट्रांसफार्मर ठीक नहीं से न्यू नगर, जयप्रकाश नगर व पंचवटी पूरम इलाके में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे तक बिजली गुल रही। बिजली नहीं रहने से सुबह में लोगों को पानी के लिए भी परेशान होना पड़ा। पानी की मोटर नहीं चलने से लोगों के दैनिक कार्य तक प्रभावित रहे। सुबह 7:30 बजे शिकायत करने के बाद 10:57 बजे चलित ट्रांसफार्मर लगाकार मोहल्लों में बिजली आपूर्ति सामान्य की गई। इसके अलावा शाम में कडरू और नयाटोली इलाके में लोकल फाल्ट के कारण करीब एक घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही।

# सेंटर ऑफ एक्सेलेंस एथलेटिक्स के लिए चयन साहेबगंज में 5 व 6 मई को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सेलेंस एथलेटिक्स (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) ,के लिए बालक एवं बालिका आयु वर्ग 16 से 22 वर्ष तक के सुयोग्य खिलाड़ियों के लिए में दो दिवसीय चयन प्रातः 9:00 बजे से सिदो कान्हु स्टेडियम, साहेबगंज में आयोजित किया जाएगा। अंतिम रूप से चयनित 32 बालक एवं 32 बालिका,खिलाड़ियों को रांची में राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के साथ उच्च स्तरीय अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा।

# प्रमुख-उप प्रमुख ने निर्माणाधीन अस्पताल का किया निरीक्षण


**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

तोरपा प्रखंड के प्रमुख रोहित सुरीन और उप प्रमुख संतोष कर ने गुरुवार को तोरपा रेफरल अस्पताल में बन रहे 50 बेड वाले आधुनिक अस्पताल और प्रखंड परिसर में बन रहे स्टाफ क्वार्टर का निरीक्षण किया। निमार्णाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण करते हुए प्रमुख और उप प्रमुख ने कहा कि संवेदक बाल श्रमिकों से काम करा रहा है। दोनों जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि अस्पताल भवन के निर्माण कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है और प्राक्कलन के अनुसार ठेकेंदार द्वारा काम नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंश्चिम बंगाल और अन्य जगहों से ठेकेदार नाबालिग लड़कों को लाकर कम मजदूरी में काम कराता है। प्रमुख ने आरोप लगाया कि जब प्रमुख और उप प्रमुख अस्पताल भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे, तो ठकेदार कें मुशी अजय कुमार यादव ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मुंशी ने इस बात से साफ इनकार किया कि बाल मजदूरों से काम कराया जा रहा है। वहां के लड़कों से पूछे जाने पर लड़कों ने बताया कि वे घूमने आये हैं। उप प्रमुख ने कहा कि इसके पहले भी जब विधायक कोचे मुंडा ने निर्माण कार्य की जांच की थी।

## सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल में सड़क सुरक्षा पर जागरुकता कार्यक्रम

**रांची।** सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल में छात्रों को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जमाल खान, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक और अभय कुमार, जिला सड़क सुरक्षा सहायक प्रबंधक ने अपनी टीम के साथ 12वीं कक्षा के छात्रों को कई अहम जानकारियां दी। जमाल खान ने कहा कि जीवन अनमोल है, हमें अपनी जिम्मेदारियों को समझने की जरूरत है। उन्होंने दुपहिया व चौपहिया वाहनों के सुरक्षित चालन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# डीएवी में एक दिवसीय चमेली देवी मेमोरियल कैरम प्रतियोगिता संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार को कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में एकदिवसीय स्व. चमेली देवी मेमोरियल कैरम टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में कक्षा 09 और 10 के कैरम खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस एक दिवसीय कैरम प्रतियोगिता के समापन के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी गांधीनगर के प्राचार्य डॉ एसके सिन्हा, विशिष्ठ अतिथि के रूप में डोरंडा कॉलेज के शिक्षक अवधेश ठाकुर, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, निराकार आचार्य आदि कई विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल के खेल शिक्षक गोविंद झा, कौशल कुमार, स्वाति कुमारी समेत कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

आज के प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है :

बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार आदर्श कुमार, द्वितीय पुरस्कार नलिन कुमार, तृतीय पुरस्कार अभिषेक कुमार को मिला।

संतावाना पुरस्कार प्यूश कुमार को मिला। बालिका वर्ग में : प्रथम पुरस्कार स्नेहा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार संभावी कुमारी, तृतीय पुरस्कार अनुष्का प्रिया को मिला। सांत्वना पुरस्कार श्रेया कुमारी को मिला ।यह जानकारी अमन ने दी।

**झारखण्ड सरकार**
**झारखण्ड खेल प्राधिकरण**
**(पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग)**
गेट सं०-29, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, राँची-834008
Email : - sajha9@gmail.com, Website :- www.sajha.in

आ॰सू॰सं॰ -06, दिनांक -03.05.2023

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति**

झारखण्ड खेल प्राधिकरण कार्यालय में भाड़े पर वाहन लेने के संबंध में

कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण के व्यवहारार्थ भाड़े पर Mid Segment category यथा- इनोवा क्रिस्टा, सियाज, होन्डा सिटी में से किसी एक वाहन लिये जाने हेतु IPRD के निर्धारित दर के अनुरूप मासिक किराये पर उपलब्ध कराने हेतु अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/फर्म अपना प्रस्ताव दिनांक -08.05.2023 तक झारखण्ड खेल प्राधिकरण के कार्यालय में जमा करेंगे एवं उसी दिन 3:30 बजे आवेदन खोला जायेगा।

ह॰/-
कार्यकारी निदेशक,
झारखण्ड खेल प्राधिकरण

PR 296482 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24)#D

## निर्भर — जनजातीय बहुल क्षेत्र 80 फीसदी आबादी पूर्ण रूप से कृषि पर आधारित है

# गन्ने की खेती कर अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं किसान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जनजातीय बहुल खूंटी जिले की लगभग 80 फीसदी आबादी पूर्ण रूप से कृषि पर आधारित है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि जिला गठन के 23 वर्षों के बाद भी अब तक इस जिले में कोई उद्योग-धंधा नहीं खुला लेकिन खूंटी जिला आम, तरबूज, गेंदा फूल, लेमनग्रास, ड्रैगन फ्रूट सहित कई अन्य कृषि उत्पादों का हब बनता जा रहा है। इसके साथ जिले में गन्ने की खेती भी प्रचुर मात्रा में की जाती है। ईख की सबसे अधिक खेती मुरहू प्रखंड में की जाती है। इस प्रखंड के बीरमकेल, दरला, सुंदारी, सारिदकेल सहित कई अन्य गांवों के लगभग डेढ़ सौ एकड़ खेत में गन्ने की खेती की जाती है। इसके अलावा कर्रा, खूंटी, तोरपा और अड़की प्रखंड के कुछ इलाकों में किसान ईख की खेती कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे हैं। बीरमकेल गांव के गन्ना उत्पादक किसान छोटू महतो और संतोष महतो कहते हैं कि पहले हमलोग सिर्फ धान की खेती करते थे। अच्छी वर्षा होने पर धान की खेती होती थी, अन्यथा दूसरे जगह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करना पड़ता था लेकिन अब किसान साल में दो बार ईख की खेती कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इसी गांव के गन्ने के खेत में सिंचाई कर रही अनीता देवी कहती है कि लागत और मेहनत के हिसाब से ईख की खेती किसानों के लिए काफी लाभदायक है। अनीता ने कहा कि पहले गिने-चुने किसान ही गन्ने की खेती करते थे लेकिन इससे होने वाली आय को देखते हुए अब दर्जनों किसान इसकी खेती कर रहे हैं। गांव के ही गन्ना उत्पादक किसान राजेश मांझी, निरंजन मांझी, वीरेंद्र अधिकारी, रामानंद मांझी, रितेश मांझी, उदित मांझी और शंकर मांझी ने कहा कि गन्ने की खेती नकदी फसल है। पहले लोगों को तैयार ईख को बेचने के लिए खूंटी, तोरपा, तपकारा, मुरहू जैसी जगहों में जाना पड़ता था लेकिन अब अधिक मात्रा में खेती होने से व्यापारी खेत में आकर पूरी फसल खरीद लेते हैं। किसानों ने बताया कि एक एकड़ खेत में लगभग पांच से नौ सौ क्विंटल गन्ने का उत्पादन होता है। व्यापारी खेत से ही ढाई से तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से गन्ने की खरीद कर लेते हैं। कृषि तकनीकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा) खूंटी के उप परियोजना निदेशक अमरेश कुमार कहते हैं कि गन्ने की खेती वैसे तो किसी भी मिट्टी में की जा सकती है लेकिन सबसे उपयुक्त दोमट मिट्टी होती है। खूंटी जिले में अधिकांश खेत दोमट मिट्टी वाले हैं। इसलिए यहां गन्ने की खेती की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि गन्ने की खेती में सबसे महत्वपूर्ण बात होती है खेतों से पानी की निकासी। जल जमाव से ईख की खेती खराब हो जाती है। उप परियोजना निदेशक ने कहा कि कृषि विभाग खूंटी जिले में गन्ने की खेती को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। इसके लिए किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। खूंटी-सिमडेगा मुख पथ पर बाबा आम्रेश्वर धाम से एक किलोमीटर आगे एक मोड़ आता है नाम है कतारी मोड़। गन्ने को नागपुरी भाषा में कतारी कहा जाता है। सड़क के उत्तरी भाग में स्थित बीरमकेल, सुंदारी, दरला आदि गांव में काफी मात्रा गन्ने की खेती होती है।

**कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा**
**PM Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission Scheme (PM-ABHIM)**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या -01/2023-24/NREP/SIMDEGA — दिनांक - 03.05.2023

1. कार्य का विवरण :-

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बानो | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बानो | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 2 | बानो | स्वास्थ्य उपकेन्द्र चानसाय | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 3 | बानो | स्वास्थ्य उपकेन्द्र हाटिंगहोड़े | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 4 | बोलबा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बेहरीनबासा | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 5 | बोलबा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कुन्दुरमुण्डा | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 6 | बोलबा | स्वास्थ्य उपकेन्द मालसाड़ा | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 7 | बोलबा | स्वास्थ्य उपकेन्द पिड़ियापोंछ | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 8 | बांसजोर | स्वास्थ्य उपकेन्द बांसजोर | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 9 | जलडेगा | स्वास्थ्य उपकेन्द कारीमाटी | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 10 | जलडेगा | स्वास्थ्य उपकेन्द पतिअम्बा | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 11 | कोलेबिरा | स्वास्थ्य उपकेन्द सरंगापानी | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 12 | कोलेबिरा | स्वास्थ्य उपकेन्द सिजांग | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 13 | कोलेबिरा | स्वास्थ्य उपकेन्द सोकोरला | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- 08.05.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 15.05.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष सिमडेगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ-पत्र की मूलप्रति जमा करने की तिथि एवं समय :- 16.05.2023 को 3:30 अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 17.05.2023 को 3:30 पूर्वाह्न तक।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, सिमडेगा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :- 9470162141
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में **कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, सिमडेगा** के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandternders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यापालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा

PR 296566 Rural Development(23-24)#D

# राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जिन 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का शुभारम्भ किया था। उन विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बच्चे पहली, छठी और नौवीं कक्षा में नामांकन ले सकेंगे। इसके लिए आवेदन जमा करने की तिथि 2 मई से 15 मई निर्धारित है। नामांकन के लिए टेस्ट की तिथि 19 मई निर्धारित है। जबकि फर्स्ट मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 22 मई को होगा। मेरिट लिस्ट में शामिल बच्चों के नामांकन लेने की तिथि 23 मई से 08 जून 2023 की गई है। कक्षा 9 से 12 तक संचालित होने वाले उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 9 एवं कक्षा 6 से 12 तक संचालित विद्यालयों में कक्षा 6 में नामांकन कराया जा सकता है। आवेदन प्रपत्र निःशुल्क रहेगा। उपरोक्त कक्षा में नामांकन लेने वाले बच्चों को सीबीएसई माध्यम से एनसीईआरटी पाठयक्रम में शिक्षा दी जाएगी।

**बाल वाटिका में भी नामांकन शुरू :** उत्कृष्ट विद्यालयों के बाल वाटिका एवं कक्षा 01 में बच्चे नामांकन ले सकेंगे। बाल वाटिका में वैसे बच्चे नामांकन के पात्र होंगे, जिन्होंने 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 5 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो। जबकि कक्षा 01 में वैसे बच्चे नामांकन ले सकेंगे, जिन्होंने जिन्होंने 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 06 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो। नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र राज्य परियोजना कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद के आधिकारिक वेबसाईट पोर्टल के एडमिशन लिंक पर जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ जमा करना होगा अथवा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय/संबंधित जिले के उत्कृष्ट विद्यालय से नामांकन आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर ऑफलाइन मोड में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भी जमा किए जा सकते हैं।


## हाई कोर्ट ने भुरकुंडा में प्रदूषण की रोकथाम के लिए राज्य सरकार को दिया आदेश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को रामगढ़ के भुरकुंडा में कोयला एवं लौह अयस्क ट्रांसपोर्टेशन एवं अवैध माइनिंग से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए संतोष पाठक की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को दिया निर्देश कि भुरकुंडा में प्रदूषण की रोकथाम को लेकर कोर्ट के आदेश का अनुपालन एक सप्ताह में सुनिश्चित करें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 मई निर्धारित की। इससे पहले सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राम शुभग सिंह की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अभी तक भुरकुंडा में प्रदूषण की रोकथाम को लेकर राज्य सरकार की ओर से कोई कार्रवाई शुरू नहीं हुई है। भुरकुंडा में कोल ट्रांसपोटिंग, लौह अयस्क के ट्रांसपोटिंग से प्रदूषण जारी है। अभी भी अवैध माइनिंग हो रही है एवं 50 साल से ज्यादा पुराने उद्योगों के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

## झारखंड में कोरोना से 165 मरीज हुए स्वस्थ, एक्टिव मरीज 226

**रांची।** झारखंड में कोरोना के 165 मरीज स्वस्थ हुए हैं। जबकि राज्य में कोरोना के 226 एक्टिव मरीज है। राज्य में कोरोना के 30 नए केस मिले हैं। राज्य के पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 12 नए केस है। यह जानकारी झारखंड स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता ने गुरुवार सुबह दी। स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक कोरोना के नए मामलों में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 12, गिरिडीह से नौ, लोहरदगा से तीन और रांची से छह मरीज मिले हैं। राज्य के 20 जिले में कोरोना के एक भी मरीज नहीं मिले है। सिर्फ चार जिले में कोरोना के मरीज एक्टिव है। राज्य में सबसे ज्यादा पूर्वी सिंहभूम( जमशेदपुर) में 185 मरीज एक्टिव हैं।

# शिक्षा मानव जाति के लिए सबसे बड़ा उपहार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि शिक्षा मानव जाति के लिए सबसे बड़ा उपहार है। शिक्षा के माध्यम से हम अपनी नैसर्गिक प्रतिभा को निखार सकते हैं और जीवन पथ में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। यह हमारी प्रगति और विकास की आधारशिला है। यह गर्व की बात है कि उषा मार्टिन विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता का केंद्र बनने के लिए तैयार है, जो हमारे छात्रों को दुनिया में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम और कार्यक्रम पेश करता है। राज्यपाल गुरुवार को अनगड़ा में उषा मार्टिन विवि के पहले दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख पहलों में से एक है। उन्होंने शिक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया है जो रचनात्मकता, आत्मीय सोच और समस्या को सुलझाने के कौशल को बढ़ावा देता है। सभी विश्वविद्यालयों को इसे अक्षरशः लागू करने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने आग्रह किया कि आप अपनी शिक्षा का उपयोग न केवल अपने करियर को आकार देने के लिए करें, बल्कि समाज की बेहतरी में योगदान देने के लिए भी करें। आप भाग्यशाली हैं कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम हैं। इस अवसर पर वीसी मधुलिका कौशिक ने बताया कि स्नातकोत्तर और स्नातक पाठ्यक्रम के 18 को गोल्ड मेडल सहित 577 विद्यार्थी को डिग्री दी गयी।

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले झारखंड के पहले राज्यपाल



**रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को झारखंड के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार ने राज भवन में मुलाकात की। राजभवन की ओर से बताया गया कि यह दोनों की शिष्टाचार मुलाकात थी।**

## एसएनएमएमसीएच में 7 विभागों में शुरू हो


**रांची।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज व अस्पताल (एसएनएमएमसीएच, धनबाद) के सात विभागों में पीजी की पढ़ाई शुरू करने के लिए प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग ने कोशिश तेज कर दी है। स्वास्थ्य विभाग ने आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए 16 लाख 52 हजार रुपए का आवंटन कर दिया है। राशि की निकासी व व्ययन पदाधिकारी एसएनएमएमसीएच की प्राचार्य डॉ। ज्योति रंजन होंगी, जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। बता दें कि पीजी की पढ़ाई शुरू होने से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार होगा। फिलहाल एमबीबीएस की पढ़ाई एसएनएमएमसीएच में हो रही है। एसएनएमएमसीएच की प्रिंसिपल डॉ ज्योति रंजन प्रसाद ने कहा कि 7 विभागों (मेडिसिन, सर्जरी, ऑब्स एंड गायनी, एनेस्थीसिया, ऑथोपेडिक्स, पैथोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री) में पीजी की पढ़ाई की शुरूआत को लेकर एनएमसी और एमसीआई की टीम का निरीक्षण होना है। निरीक्षण से पूर्व आवेदन शुल्क जमा कराना होता है। इसी कड़ी में विभाग के द्वारा राशि का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि टीम के निरीक्षण के बाद पीजी में एडमिशन का रास्ता साफ हो जायेगा।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन से मिले प्रवक्ता



**रांची।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन मंजूर अंसारी से गुरुवार को प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने राज्य के सभी वर्ग के अल्पसंख्यकों के समस्याओं और उनका समाधान कैसे हो उसपर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मंजूर अंसारी के प्रदेश चेयरमैन बनने से राज्य के सभी वर्ग के कांग्रेस कार्यकर्ता में खुशी का माहौल है। मंजूर अंसारी अनुभवी और मंजे हुये राजनेता हैं। निश्चित तौर पर उनके राजनीति अनुभव से संगठन मजबूत होगा।

# रिम्स में 28 मरीजों की मौत के मामले में जांच कमेटी का प्रपोजल नहीं मिलने से हाई कोर्ट नाराज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को रिम्स में हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत मामले में जांच कमेटी को लेकर अबतक प्रपोजल नहीं भेजने पर राज्य सरकार से नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगर प्रपोजल नहीं भेजा गया तो राज्य सरकार के विरुद्ध अगली सुनवाई में कड़ा आदेश पारित किया जाएगा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कमेटी के गठन के लिए प्रपोजल चीफ जस्टिस के पास भेजने के लिए एक सप्ताह के समय की मांग की गई थी, जिससे जिला जज का नाम प्रस्तावित किया जा सके। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने रिटायर्ड प्रधान जिला जज अध्यक्षता में कमेटी गठित कर मामले की जांच कराने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता मुख्तार खान ने 28 मरीजों की हुई मौत मामले को लेकर कमेटी बनाकर जांच करने एवं इस घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एक्शन लेने आग्रह कोर्ट से किया था। झारखंड छात्र संघ की ओर से यह जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि 01 जून, 2018 को एक पेशेंट का डेथ गलत ट्रीटमेंट की वजह से रिम्स में हो गया था। इसके बाद मृतक के परिजनों ने प्रोटेस्ट किया था, जिसके बाद जूनियर डॉक्टर और मृतक के परिजनों के बीच झड़प हुई थी, जिसे लेकर रिम्स में 02 जून, 2018 से जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों ने स्ट्राइक कर दिया था।स्ट्राइक के दौरान रिम्स में संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। इस दौरान करीब 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया था। 600 से ज्यादा मरीज रिम्स से बगैर इलाज के वापस लौट गए थे। इलाज के बिना 28 मरीजों की भी मौत भी हुई थी।

## दुर्घटना में तीन की मौत, दो गंभीर



**रांची।** जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र में बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी है। मरने वालों में दंपत्ति और उनका बेटी है, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया गया कि हेंदाग गांव निवासी आशाराम मुंडा अपनी पत्नी संगीता देवी और तीन बच्चों के साथ एक बाइक में सवार होकर एक शादी समारोह में भाग लेने तिलैया गांव जा रहा था। इसी बीच केरेडारी और बुढ़मू थानाक्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र हेन्दगीर के समीप एक वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में संगीता देवी, आशा राम मुंडा और बच्ची रानी की मौत हो गयी। जबकि अन्य दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

# सर्कुलर रोड फोरलेनिंग में बिजली विभाग की सुस्ती बनी बाधक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची पर ट्रैफिक का बोझ हर दिन बढ़ रहा है। इसका एकमात्र उपाय है सड़क का चौड़ीकरण या फ्लाईओवर का निर्माण। ट्रैफिक सिस्टम को स्मूथ करने के लिए नगर विकास विभाग के पहल पर कई फ्लाईओवर का निर्माण तेजी से हो रहा है, लेकिन राजधानी के सबसे व्यस्ततम सड़कों में शुमार सर्कुलर रोड का चौड़ीकरण सिर्फ बिजली विभाग की सुस्ती के कारण नहीं हो पा रहा है। यह सवाल खुद नगर विकास विभाग की ओर से उठाया गया है। दरअसल, कचहरी चौक से कांटाटोली चौक तक सड़क का चौड़ीकरण होना है। इसके लिए करीब 100 बिजली के खंभों को बिजली विभाग को सड़क के किनारे शिफ्ट करना है। इसके अलावा 33 केवीए और 11 केवीए के बिजली के तारों के साथ अन्य केबल को अंडरग्राउंड किया जाना है, लेकिन बिजली विभाग के असहयोगात्मक रवैये के कारण सर्कुलर रोड का फोरलेनिंग और चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है।कचहरी चौक से कांटाटोली चौक तक 2।772 किलोमीटर सड़क का फोरलेनिंग होना है। नगर विकास विभाग का दावा है कि इससे जुड़ी सभी जरूरतें पूरी कर ली गईं हैं। इस काम के लिए एजेंसी को कायार्देश भी दिया जा चुका है। पिछले साल अगस्त 2022 से ही बिजली बोर्ड को लगभग एक सौ खंभों और 30 ट्रांसफारमर को किनारे करने के लिए प्राक्कलन उपलब्ध कराने के संबंध में पत्राचार किया जा चुका है। इसके अलावा 11 केवीए, 33 केवीए, 440 वोल्ट और 220 वोल्ट के तारों को भी भूमिगत करने के लिए प्राक्कलन को नई दर से तैयार करने का अनुरोध पत्रों के माध्यम से किया जा चुका है। लेकिन बिजली विभाग की ओर से आठ माह के बाद भी प्राक्कलन उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिसके कारण फोरलेनिग का काम बाधित हो रहा है।

**कल्याण**

## जनजातीय बहुल क्षेत्र 80 फीसदी आबादी पूर्ण रूप से कृषि पर आधारित है

# परमात्मा हमें हमारे उद्धार के लिए परिस्थिति प्रदान करते हैं : स्वामी परिपूर्णानन्द जी





**नवीन मेल संवाददपाता। रांची**
चिन्मय मिशन, रांची के तत्वावधान में सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ के सायंकालीन सत्र के तीसरे दिन स्वामी परिपूर्णानन्द जी ने गीता के चयनित श्लोकों को उद्धृत करते हुए बताया कि परमात्मा हमें हमारे उद्धार के लिए परिस्थिति प्रदान करते हैं। सभी परिस्थितियां हमारे कल्याण के लिए ही आती है। हमें अपनी उर्जा इसके प्रतिकार में नष्ट नहीं करनी चाहिए चाहे जैसी भी परिस्थिति हो। प्राप्त परिस्थिति में हमें अपने वर्णाश्रम के अनुसार अपना कर्तव्य करना चाहिए ।अपने स्वधर्म के प्रति सावधान रहना चाहिए । स्वामी जी ने बताया कि क्षत्रिय वृत्ति के अन्तर्गत व्यवहार में अपमान बोध अधिक होता है , इसी तरह वैश्य वृत्ति में आर्थिक लाभ हानि का । स्वामी जी ने पाप को परिभाषित करते हुए एवं उदाहरण के साथ कहा कि जिस कार्य को करने से चित्त बोझिल हो जाय वहीं पाप है। प्रातः कालीन सत्र के तीसरे दिन स्वामी जी ने कहा कि भज गोविन्दम् में भगवत्पाद आदि शंकराचार्य जी ने भोग की निन्दा केवल निन्दा के लिए नहीं किया है, उन्होंने भोग की निस्सारता को समझाने के लिए इन पदों की रचना की है। भोगी यश, अपयश, निन्दा आदि की परवाह नहीं करता है। भोगी व्यक्ति अपने अन्तःकरण की शुद्धि के लिए चिन्तन, स्वाध्याय, ध्यान आदि नहीं कर सकता है, वह अपना कार्य भी ठीक से नहीं कर पाता है। स्वामी जी ने कहा कि हमें अपनी भोग वासना को निष्प्राण करना है ।अपनी संपत्ति का मिथ्या अभिमान हटाने हेतु उन्होंने कहा कि बड़ों बड़ों का महल नहीं टिका तो हमारे शीशमहल की बिसात ही क्या। उन्होंने कहा कि त्याग वृत्ति और वैराग्य वृत्ति अलग अलग है ।वैराग्य समझ का परिणाम है। कल गीता आरती के यजमान सेवा निवृत्त आरक्षी उपाधीक्षक श्री बैजनाथ सिंह सपत्नीक थे ।यह ज्ञान यज्ञ दिनांक 7 मई तक आयोजित है।

**एक लाख कांट्रैक्ट कर्मियों का डीए 27 से बढ़कर 34 फीसदी हुआ**

# परिवहन और चिकित्सा भत्ता भी मिलेगा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड सरकार ने राज्य में कार्यरत करीब 1 लाख से अधिक संविदा कर्मियों को बड़ा तोहफा दिया है। संविदा कर्मियों का डीए 27 से बढ़ाकर 34 प्रतिशत कर दिया गया है। इतना ही नहीं सरकार कुछ शर्तों के आधार पर संविदाकर्मी को परिवहन एवं चिकित्सा भत्ता भी देगी। इसको लेकर वित्त विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। वित्त विभाग के परिपत्र (संख्या 4569/ दिनांक 05।07।2022) के आलोक में संविदा के आधार पर नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों को एक मुश्त संविदा राशि अनुमान्य करने का निर्णय लिया है। इसका लाभ राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों में एक मुश्त नियत राशि पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर सहित अन्य संविदाकर्मी को मिलेगा। इन सभी को सतवां पुनरीक्षित वेतन के आधार पर 34 प्रतिशत डीए मिलेगा। इसके साथ ही छठे वेतन पुनरीक्षण में स्वीकृत चिकित्सा एवं परिहवन भत्ता भी देय होगा। जारी संकल्प के अनुसार सरकारी कर्मियों की तरह ही अनुबंधकर्मियों को भी 1 हजार रुपये मासिक के हिसाब से चिकित्सा भत्ता देय होगा। इससे अब संविदा पर कार्यरत कर्मियों को चिकित्सा को लेकर आ रही परेशानियां दूर होंगी। इसकी मांग ये कर्मी वर्षों से कर रहे थे। परिवहन भत्ता को लेकर सरकार ने कुछ शर्तें लगायी हैं। झारखंड के केवल तीन शहर बोकारो, जमशेदपुर एवं रांची में कार्यरत संविदा कर्मियों को अपने मूल वेतन का 16 प्रतिशत परिवहन भत्ता मिलेगा, जबकि अन्य जिलों में यह केवल 9 प्रतिशत ही होगा। परिवहन भत्ता की मांग भी संविदा कर्मियों के आंदोलन का एक अहम हिस्सा रहा है।

**राज्य में कार्यरत संविदाकर्मी :** मनरेगा : 4800, बीआरपी सीआरपी : 4500, एनआरएचएम : 60000, डीआरडीए : 2700, शिक्षा परियोजना : 2900, यक्ष्मा, विभाग : 2000, कृषक मित्र : 18000, ऊर्जा, मित्र : 6000, उद्यान मित्र : 4500,मत्स्य मित्र : 4500, श्रमिक मित्र : 2000, आत्माकमी : 2200, होमगाड्र्स : 16000, एसबीएम, पीएचडी : 3400, स्वास्थ्य, सहिया : 4500, रसोइया : 60000, मॉडल विद्यालय, घंटी आधारित शिक्षक : 500, समावेशी शिक्षाकमी : 550, 14वें वित्त कमी : 5100, यूनानी आयुर्वेद डॉक्टर : 500, कम्प्यूटर आपरेटर : 290, सहायकख पुलिस : 10000, तेजस्विनी : 45000, जैककमी :800, श्रमिक विद्यालय : 250, पंचायती राज : 4500, उद्योग समन्वयक : 80000, प्रधान अध्यक्ष शिक्षा समिति : 39000 हैं।

NEWS इन ब्रीफ

## रांची नगर निगम में लंबित है 300 मजदूरों का भुगतान

**रांची।** मुख्यमंत्री श्रमिक योजना अंतर्गत रांची नगर निगम में विगत वर्ष 2022 के माह जुलाई, अगस्त और सितंबर में कुल 300 श्रमिकों द्वारा शहर में साफ-सफाई का काम किया गया था तो उन सभी श्रमिकों का भुगतान अभी तक नही किया गया है।
श्रमिकों द्वारा निगम कार्यालय में पूछे जाने पर बताया जाता है की भुगतान करने के लिए फंड में पैसा नहीं है। रांची नगर निगम ने नगर विकास विभाग के सहायक निदेशक को पत्र के माध्यम से 5 बार फंड में पैसे के लिए अनुरोध है कर चुका है लेकिन नगर विकास विभाग के ओर से अभी तक किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। फंड में पैसा नहीं होने के कारण श्रमिकों का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

## पुस्तकालय के संचालन को लेकर बैठक आयोजित



**बसिया।** आगामी छः मई को प्रातः 11 बजे से बसिया के प्रखण्ड कार्यालय सभागार में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस पुस्तकालय के संचालन के लिए आमसभा की एक बैठक आहूत की गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए बसिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि अपर समाहर्ता गुमला एवं अनुमण्डल पदाधिकारी बसिया की उपस्थिति में पुस्तकालय संचालन के लिए आम सभा के गठन को लेकर यह बैठक बुलाई गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बसिया में स्थापित होने वाले बहुउद्देश्यीय पुस्तकालय का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है और इसे लेकर संचालन समिति का गठन किया जाना है।

## खूंटी के मोटर यान निरीक्षक को हटाने की मांग

**खूंटी।** जिला परिवहन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल चुके बस मालिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को रांची में परिवहन सचिव के श्रीनिवासन और संयुक्त परिवहन सचिव प्रदीप कुमार से मुलाकात की और खूंटी के मोटर यान निरीक्षक (एमवीआई) शाहनवाज को हटाने की मांग की। एमवीआई पर बसों का फिटनेस प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर बस मालिकों को बेवजह परेशान करने का आरोप लगाते हुए उन्हें तुरंत खूंटी से हटाने की माग की। बस मालिकों ने खूंटी में रजिस्टर्ड वाहनों का प्रदेश के किसी अन्य जिलों से भी फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाने का निर्देश जारी करने की मांग की।

# 2,374 किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

जिला पुलिस और एसएसबी हूंट ने गुरुवार को मरंगहादा थाना क्षेत्र के कातुद गांव के तीन मुहना रोड के पास दो पिकअप वाहनों पर लदे 125 बोरों में रखा 2374 किलो 900 ग्राम अवैध डोडा बरामद किया है। इस संबंध में सहदेव मुंडा (20) थाना टोली बुंडू निवासी और अशोक कुमार अहीर (18) बुंडू निवासी को गिरफ्तार किया गया है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमत कुमार ने गुरुवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मारंगहादा थाना क्षेत्र केतुद स्थित तीन मुहाना रोड के पास कुछ लोग अवैध डोडा को प्लास्टिक के बोरे में भरकर दो पिकअप वाहनों पर लादकर बुंडू की तरफ ले जाने की फिराक में हैं। एसपी अमन कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार और एसएसबी हूंट के सहायक कमांडेंट अजीत उपाध्याय के नेतृत्व में छापामार दल का गठन किया गया। टीम ने कातुदगांव के पास दोनों वाहनों को जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पिकअप वाहनों में एक का रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 बीएल 9963 है जबक दूसरा बिना रजिस्ट्रेशन का है। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल भी बरामद किए गए है।



## छात्रा ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

**खूंटी।** जिला मुख्यालय के तोरपा रोड पीपल चौक के समीप स्थित छत्रपाल नगर में अपनी नानी के घर में रहकर खूंटी के आदर्श विद्यालय में पढ़ाई कर रही आठवीं की छात्रा शिल्पा हेंब्रम (13) ने गुरुवार को अपनी नानी के घर में ही दुपट्टा से फंदे में झूल कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार घटना के समय उसकी नानी पड़ोस में कहीं गई हुई थी। वापस घर लौटने पर शिल्पा को फंदे से झूलता देख उसकी नानी के होश उड़ गए। बाद में घटना की जानकारी पास पड़ोस के लोगों के साथ ही खूंटी थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया और स्वजनों को सौंप दिया।

## मुख्यमंत्री के इशारे पर स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष का मामला उलझाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा नेता विधायक दल सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने नेता प्रतिपक्ष मामले में विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो को कटघरे में खड़ा किया। मरांडी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष मुख्यमंत्री के इशारे पर मामले को लटकाए बैठे हैं। प्रदेश भाजपा ने अपने विधायक दल का नेता चयन कर विधानसभा सचिवालय को विधिसम्मत सूचना दी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जहां तक जेवीएम का भाजपा में विलय का सवाल है, चुनाव आयोग ने अपने निर्णय में सारी स्थित स्पष्ट कर दी है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसने विलय को मान्यता देते हुए दो बार उन्हें राज्यसभा चुनाव में भाजपा विधायक के रूप में मत देने का अधिकार दिया। फिर भी स्पीकर के द्वारा भाजपा नेता विधायक दल को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं देना राज्य सरकार के इशारे पर एक राजनीतिक साजिश है।

**राज्य सरकार नहीं चाहती लोकायुक्त, सूचना आयुक्त का चयन :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार नहीं चाहती कि नेता प्रतिपक्ष की अनुशंसा से लोकायुक्त का चयन हो, सूचना आयुक्त का चयन हो। क्योंकि फिर राज्य सरकार की नाकामियां उजागर होंगी। लोकायुक्त के माध्यम से भ्रष्टाचार की जांच हो सकेगी। उन्होंने कहा कि भले ही राज्य सरकार तिकड़म से महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों को भरने से रोक दे, लेकिन देश में कार्य कर रही अन्य संवैधानिक एजेंसियों की जांच से नहीं बच सकती। आज राज्य सरकार पर जांच एजेंसियों का शिकंजा लगातार कसता ही जा रहा। भ्रष्टाचार से बचाव के लिए राज्य सरकार कागजात तक गायब करवाने से बाज नहीं आ रही। राज्य के हालात ये हैं कि राज्य सरकार के मंत्रियों से नैतिकता गायब है, गरीबों की थाली से रोटी गायब है, बेरोजगारों के हाथों से रोजगार गायब है और पूरी सरकार का ईमान गायब है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार से राज्य के विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती।

## नरकोपी में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन का हुआ उद्घाटन

# सुविधायुक्त होना चाहिए थाना

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के नरकोपी में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन का उद्घाटन गुरुवार को सांसद सुदर्शन भगत,विधायक शिल्पी नेहा तिर्की,पूर्व विधायक बंधु तिर्की, गंगोत्री कुजुर एसपी कौशल किशोर द्वारा फीता काटने के बाद पूजा अर्चना एवं नारियल तोड़कर किया गया। वही उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त थाना भवन बन जाने से पुलिस को कार्य करने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि समय के साथ साथ पुलिस को अपने कार्य शैली में भी बदलाव लाना होगा। जनता के साथ दोस्त के जैसा व्यवहार करने की जरूरत है। विधायक ने कहा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित थाना भवन बन जाने से पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ थाना क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी। पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि पुलिस जनता के साथ समन्वय बना कर कार्य करे। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर ने कहा यहां पदस्थापित पुलिसकर्मियों को आज नया भवन मिल रहा है।हमें पूरा विश्वास है कि पुलिसकर्मी इसका सदुपयोग करते हुए आम जनता की समस्याओं व परेशानियों को दूर करने प्रयास करंगे। एसपी ने कहा कि जनप्रतिनिधि और आमजन के सहयोग से पुलिस अच्छा व बेहतर कार्य करेगी। उद्घाटन के मौके पर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, डीएसपी रजत मणिक बाखला, बीडीओ डा प्रवीण कुमार सीओ सुमंत तिर्की, बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि व कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



## अर्जुन मुंडा और दीपक प्रकाश ने मेगा ट्रेड फेयर का किया भ्रमण

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर रांचीवासियों के लिए मनोरंजन का केंद्र बन गया है। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी मेगा ट्रेड फेयर के स्टॉल का भ्रमण किया। ट्रेड फेयर में खरीदारी करने के लिए रांची सहित अन्य जिलों के लोग भी पहुंच रहे हैं। गुरूवार को भी फेयर में लोगों का आना लगा रहा। प्रत्येक स्टाल में लोगों की भीड़ दिखी, जो अपनी जरूरत की चीजें खरीदारी करते नजर आये। घरेलू सामान, बच्चों के खिलौने, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, कालीन, सजावटी सामान की भी जमकर खरीदारी की जा रही हैं। गर्मी के कपड़ों सहित डिजायनर कपड़े महिलाओं को काफी पसंद आ रहे हैं। फूड जोन में अनेक तरह के व्यंजनों का लुत्फ भी लोग उठा रहे हैं। मेले में प्रवेश शुल्क 20 रुपए है। ऑटो जोन में विभिन्न कंपनियों के कार को प्रदर्शित किया गया है। लोग इन कारों की जानकारी ले रहे हैं। जबकि कई स्टालधारक की ओर से बेहतरीन ऑफर भी दिये जा रहे हैं।

## बेड़ो में पेड़ की डाली गिरने से सामान सहित गुमटी व झोपड़ी क्षतिग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग के पोस्ट ऑफिस के सामने बुधवार की रात एक पुराने करंज के पेड़ के अचानक बारिश व तेज हवा के झोंके से पुरानी पेड़ के डाली गिर जाने से संजय भगत की मोबाइल गुमटी व मुकेश वर्मा की चाउमीन गुमटी में पेड़ की डाली गिरने के बाद वहां पर लगाये गए दुकान व दुकान के सामान सहित गुमटी ,झोपड़ी क्षतिग्रस्त हो गया। क्षतिग्रस्त होने के बाद दोनों पीड़ित परिवारों ने प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए प्रशासन से गिरे डाली हटाने व समानों की हुई क्षतिग्रस्त को लेकर मुआवजा की मांग की है।

# बीडीओ ने की विकास योजनाओं की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

कार्य के प्रति जिम्मेदार बनकर ही विकास की कहानी लिखी जा सकती है। अपने दायित्व का निर्वाह किए बगैर हम अपने कार्य के प्रति इंसाफ नहीं कर सकते हैं। उक्त बातें गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक के दौरान उन्होंने कही। उन्होंने कहा कि जिला और राज्य स्तर पर विकास योजनाओं की मॉनिटरिंग की जा रहे हैं और पंचायत में चलने वाले कार्यों को कई पैरामीटर पर परखा जा रहा है। हम कार्य के प्रति जिम्मेदार बने। जिसके लिए पंचायतों में पर्यवेक्षक के नेतृत्व में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का आवश्यकता है। उन्होंने फील्ड कर्मी एवं पर्यवेक्षकों को फील्ड भ्रमण कर कार्य में प्रगति लाने और योजनाएं पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी। मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पोटोहो खेल मैदान को अति शीघ्र पूर्ण करने की बात कही। रोजगार सेवकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन प्रति गांव कम से कम 5 योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करें। सभी पंचायत प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन कम से कम एक सौ मजदूरों को कार्य देना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिन पंचायतों में अधिक कार्य होने की संभावना है वहां 200 मजदूरों को काम देने का सार्थक प्रयास किया जाए। इस बैठक में अनुपस्थित रहने पर कनीय अभियंता से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मनरेगा मजदूरों के आधार सीडिंग के कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। सभी पंचायत में पूर्ण हुए एवं अधूरे सभी योजनाओं का जियो टैग करने और कार्य में प्रगति लाने की बात कही। मौके पर संजय तिर्की, फारुक नदीम, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक, कंप्यूटर सहायक सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।



## रिम्स में हुआ ब्रेन के निचले हिस्से के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

**रांची।** रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में एक बार फिर ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया गया है। सिकिदिरी की रहने वाली 44 वर्षीय महिला पिछले पांच से छह सालों से ट्यूमर से परेशान थी। यह ट्यूमर आंख के पीछे तथा ब्रेन के निचले हिस्से में था, जिसकी वजह से एक आंख बाहर निकल आई थी। मरीज को इस वजह से देखने में काफी परेशानी हो रही थी। इसके इलाज के लिए उन्हें कई जगह भाग दौड़ करनी पड़ी थी लेकिन अपने किसी जानकार की सलाह पर वह रिम्स आई। इसके बाद उन्हें न्यूरोसर्जरी विभाग में डॉ सीबी सहाय की देख रेख में भर्ती किया गया। ट्यूमर का आंख के अलावा आसपास फैल जाने की वजह ऑपरेशन में काफी दिक्कते भी आयी।

## रिटायर्ड रेंजर के घर डकैती का खुलासा, दो गिरफ्तार

**रांची।** टाटीसिलवे थाना पुलिस ने रिटायर्ड रेंजर रूप नारायण प्रसाद के घर हुई डकैती मामले में दो डकैत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार डकैतों में चतरा जिले के हंटरगंज थाना निवासी राजा कुरैशी उर्फ सरफराज और बिहार के गया जिले के गुरारु थाना निवासी सोनू कुमार उर्फ विकास शामिल है। दोनों की गिरफ्तारी उनके आवास से की गयी है। इनके पास से डकैती का 25 हजार 800 रुपये नकद,दो मोबाईल, एक ऑटो, एक सोने का चेन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी ने गुरुवार को बताया कि टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में बीते पांच अप्रैल को रिटायर रेंजर के घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना को दस से 12 की संख्या में आए डकैतों ने अंजाम दिया था। इस दौरान डकैतों ने रेंजर के घर से 20 लाख रुपये और सोना चांदी का जेवरात लूट लिया था। मामले में अनुसंधान के क्रम में बीते 23 अप्रैल को 10 डकैतों को गिरफ्तार किया गया था। साथ ही तीन देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल, पांच गोली, 24 लाख 57 हजार 500 नगद, मोबाइल फोन सोने के जेवरात और कार बरामद किया गया था।

## मांगों को लेकर पीडीएस दुकानदारों में सरकार के विरुद्ध आक्रोश

**बेड़ो।** प्रखंड जनवितरण प्रणाली संघ ने दुकानदारों के सात सूत्री मांगों को सरकार के द्वारा अभी तक संज्ञान नहीं लेने पर रोष व्यक्त किया है। बेड़ो के महादानी मैदान में बैठक आयोजन कर संघ के अध्यक्ष ने कहा की हमलोगों ने विगत 3 अप्रैल को राजभवन के समक्ष शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से हमारी सात सूत्री मांग से अवगत कराया था। लेकिन अभी तक सरकार के तरफ से इसकी ना तो कोई जवाब आया ना ही हम लोगों से मिलने का समय दिया गया। ऐसे में हम सभी जनवितरण दुकानदार एक जुट होकर सरकार से मिलकर अपनी बात रखने को कोई ना कोई कदम जरूर उठाएंगे। विगत एक मई को भी झारखण्ड प्रदेश महासचिव के अगुवाई में धनबाद में जनसम्पर्क कर धनबाद के दुकानदारों से भी उनके समस्याओं को समझने उनके साथ बैठक की गई थी।

# बेड़ो में स्वच्छता पखवाड़ा पर स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को पंचायत की मुखिया सुशांति भगत व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों द्वारा पंचायत स्तरीय स्वच्छता पखवाड़ा के तहत छात्र छात्राओं द्वारा स्कूल परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई।जागरूकता रैली स्कूल परिसर से शुरू होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए स्कूल परिसर पहुंच कर रैली समाप्त हुई। मौके पर मुखिया ने कहा कि पंचायत स्तरीय स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पूरे पंचायत में यह अभियान चलाया जाएगा। वही सांसद प्रतिनिधि ने कहा जहां भी गंदगी होगी, उसका सफाई स्थानीय लोगों के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा सरकार का एक महत्वपूर्ण योजना है। यह अभियान तभी सफल हो पाएगा, जब सभी लोग साथ मिलकर अभियान मे जुटेंगे। मौके पर पंसस राखी भगत,विजय भगत, ईलम देवी,रीता राय शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।



**अंजाम** रेकी कर पैसे गायब करने वाला गिरोह सक्रिय

# ईंट कारोबारी से उड़ा ले गए 5.50 लाख

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में बैंक के अंदर से ही रेकी कर पैसे गायब करने वाला गिरोह लगातार वारदातों को अंजाम दे रहा है। ताजा मामला रांची के सुखदेव नगर इलाके का है इस बार अपराधियों ने संतोष उरांव नाम के ईट कारोबारी के ऊपर खुजली वाला पाउडर फेंक कर उनके कार में रखे 5.50 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। मामले को लेकर संतोष ने रांची के सुखदेव नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। सीसीटीवी कैमरे में खुजली वाला पाउडर फेंक पर अपराधी की तस्वीर कैद हुई है।

**खुजली पाउडर डालकर उड़ाए पैसे :** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज के पास संतोष अपने कार के पंचर टायर को बनवा रहे थे। इसी दौरान एक अपराधी उनके पीछे पहुंचता है और खुजली वाला पाउडर डालकर वहां से चला जाता है। सारी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि कैसे एक अपराधी संतोष के गर्दन पर खुजली वाला पाउडर डाल रहा है।खुजली वाला पाउडर शरीर पर पड़ते ही संतोष पूरी तरह से परेशान हो जाते हैं और अपने कार का लॉक खोल कर उसमें से कुछ पैसे निकाल कर सामने वाले दुकान से टेलकम पाउडर खरीदने चले जाते हैं ताकि उन्हें खुजली से कुछ राहत मिले। खुजली से परेशान संतोष जब वापस लौटते हैं तो देखते हैं कि उनके कार में पैसों से भरा बैग गायब है। संतोष को समझते देर नहीं लगती है कि अपराधियों ने पूरी प्लानिंग के साथ बैंक से उनका पीछा किया और फिर पैसे गायब कर दिए। पैसे गायब होने के बाद संतोष सुखदेव नगर थाना पहुंचे और वहां पर मामला दर्ज करवाया।

**क्या है पूरा मामला :** संतोष उरांव ने बताया कि वे ईट सप्लाई का काम करते हैं । इस दौरान कुछ लोगों ने उन्हें चेक में पेमेंट किया था। चेक के जरिये नगद पैसे लेने के लिए ही वे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के घर के पास स्थित स्टेट बैंक के हरमू शाखा से पैसे निकालने गए थे। उनके पास पहले दो लाख रुपये मौजूद थे जबकि उन्होंने बैंक से 3.50 लाख रुपये निकाले। पैसे निकालकर वह अपने भाई के साथ अपनी कार से सबसे पहले हरमू में ही एक होटल में गए और वहां पर खाना खाया। खाना खाने के बाद वे अपने भाई के साथ अपने घर मोराबादी के लिए निकल पड़े। किशोरगंज चौक के पास पहुंचने पर उनकी कार बाई की तरफ थोड़ा झुकने लगी। हालांकि उन लोगों ने कार रोका नहीं और उन्हें लगा कि नई कार है तो शायद एलाइनमेंट में कुछ दिक्कत हो रहा होगा। इतने में कुछ ऑटो चालकों ने इशारा कर यह बताया कि आपके कार का एक चक्का पंचर है।

## टायर भी अपराधियो ने ही किया पंक्चर

दरअसल राजधानी रांची में एक ऐसा गिरोह सक्रिय है जो लगातार बैंकों से पैसा निकालने वालों की रेकी कर उनके पैसे गायब कर रहा है। रांची में इस महीने यह तीसरा मामला है ।लेकिन इस मामले में अपराधियों ने पहले तो कार के टायर को पंचर किया और फिर जैसे ही कार मालिक टायर का पंचर बनाने के लिए रुके उन पर खुजली वाला पाउडर फेक कर के पैसे गायब कर दिए।

**जांच में जुटी पुलिस :** मामले की जानकारी मिलने के बाद सुखदेव नगर पुलिस मौके पर पहुंची और वहां के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने का काम कर रही है सीसीटीवी फुटेज में भी खुजली का पाउडर फेखने वाला अपराधी दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है।

# हेमंत राज में बेटियां असुरक्षित : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार की विधि व्यवस्था को ध्वस्त बताते हुए कहा कि अपराधियों में पुलिस प्रशासन का भय पूरी तरह समाप्त हो चुका है। राज्य में जंगल राज की स्थिति है। साहेबगंज के बोरियो संथाली गांव की रहने वाली आंगनबाड़ी सेविका मालोती सोरेन की टुकड़ों में काटकर हुई हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत राज में बहन बेटियों की इज्जत और जान दोनो सुरक्षित नहीं है। बेटियों के माता पिता और परिजन दहशत में जी रहे हैं। जिस साहेबगंज के बोरियो में विगत 16 दिसंबर को 50 टुकड़ों में काटकर रुबिका पहाड़िन की दर्दनाक हत्या की गई थी, उसी क्षेत्र में 6 माह के अंदर उसी प्रकार की घटना की पुनरावृति होना यह बताता है कि राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 5000 से अधिक बलात्कार की घटनाएं पिछले तीन वर्षों में पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं। दरिंदे और अपराधी 5- 6वर्ष के बच्चियों को भी अपनी हवस का शिकार बना रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री का ढोल पीटने वाले हेमंत सोरेन के राज में सर्वाधिक प्रताड़ित आदिवासी और दलित बहन बेटियां ही हो रही हैं। फिर भी मुख्यमंत्री को अपराधियों पर गुस्सा नहीं आता है।



# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में डीसीसी व डीएलआरसी की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सबसे पूर्व अग्रणी जिला प्रबन्धक संजीव कुमार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियो की जानमारी दी गयी। जिसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों की जमा साख अनुपात की समीक्षा की। इस दौरान वार्षिक साख योजना के तहत प्राप्त उपलब्धि, सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, केसीसी आदि के अंतर्गत प्राप्त प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा ऋण, हाउसिंग लोन, डेयरी लोन, पोल्ट्री फार्मिंग, मछली पालन आदि के लिए दिए गए ऋण, वित्तीय समावेशन के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना आदि की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों को अपनी जमा साख अनुपात में वृद्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उपलब्ध कराए जाने वाले बैंक लिंकेज के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी मामलों को समय से निष्पादित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बैंक वार दिए गए लक्ष्य के तहत लाभुकों को उपलब्ध कराए गए ऋण की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने बैंक प्रतिनिधियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। किसानों को उपलब्ध कराए जाने वाले केसीसी के तहत जिला स्तर पर प्राप्त हुए आवेदनों के तहत बैंकों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने जिन आवेदनों को अब तक निष्पादित नहीं किया गया है उन पर कार्य करते हुए सभी योग्य किसानों को ऋण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश।

# बरही : कोल्हूआकला में पेयजल की घोर समस्या

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
भले ही मौसम ने नरमी दिखाई हो, परंतु गर्मी अपनी बेरूखेपन के लिए बेताब है । प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर पेयजल स्त्रोत सूखने लगे है या लगभग सुख गए है । कई स्थान पर पेयजल की समस्या से संबंधित शिकायतें मिल रही है । पेयजल और स्वच्छता विभाग अपने कच्छप गति से काम करने का आश्वासन दे रहा है, जो जनता के लिए संतोषजनक नहीं है । विभागीय अभियंता सिर्फ सूची और सर्वे में ही व्यस्त है, जहां अब तक कार्य की प्रगति नहीं दिख रही है । पेयजल संकट पर बोलते हुए कोल्हुआकला पंचायत के पूर्व मुखिया रघुवीर यादव ने बताया कि उनके पंचायत में पेयजल समस्या बरकरार है । जलस्तर पूरी तरह नीचे चला गया है। जलस्त्रोत सुख गए है । नल जल योजना धरातल पर कही भी नही है। उन्होंने बताया कि उनके गांव में एक सोलर जल मीनार बनाया गया था, जिससे आठ या दस घरों में नल जल के तहत पानी पहुंचाने का प्रयास किया गया । परंतु आज तक चालू नही हुआ, सफेद हाथी बना हुआ है । उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले पेयजल विभाग की ओर से नल जल के लिए सर्वे किया गया है । उन्होंने आरोप लगाया कि यह सर्वे वैसे स्थान पर हुआ है जहां पानी है ही नही, चिन्हित स्थल के आस पास के क्षेत्र में किए गए बोरिंग से बमुश्किल पांच से दस बाल्टी पानी मिल पाते है । ऐसी स्थिति में यदि चिन्हित स्थल पर बोरिंग होता है तो





सिर्फ सरकारी पैसे का दुरुपयोग होगा । उन्होंने विभाग से मांग किया कि बराकर नदी क्षेत्र से पानी लाने की व्यवस्था की जाए तो पेयजल के समस्या का स्थाई समाधान हो सकता है । वही इसी पंचायत के पूर्व मुखिया टेकलाल यादव ने बताया कि उनके पंचायत में पानी की घोर समस्या है । जलस्तर पूरी तरह नीचे चले गए है । जलस्त्रोत सुख गए है । इस दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है । उन्होंने बताया कि पेयजल समस्या के स्थाई समाधान हेतु उन्होंने अपने कार्यकाल में एक वृहत जलमीनार बनवाने हेतु प्रयास किया था । कार्य भी प्रगति पर थे, परंतु चुनाव हारने के बाद यह योजना ठंडे बस्ते में चला गया ।

### प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन

# रामगढ़ उपायुक्त ने टीबी के पांच मरीजों को लिया गोद



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सदर अस्पताल रामगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर 24 मार्च 2023 को पांच टीबी मरीजों को गोद लेकर इलाज के दौरान उन्हें फूड बास्केट उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी जिसके उपरांत गुरुवार को मरीजों को उपायुक्त द्वारा फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए एवं सभी लोग इस में अपना योगदान दें। इस दौरान उपायुक्त टीबी रोग को पहचानने एवं इससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए रोग के उपचार का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, रोग के लक्षण को पहचाने एवं इसमें सभी

**मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण**

कार्यालयों, निजी संस्थानों, अस्पतालों, एजेंसियों आदी के महत्व की सभी को जानकारी दी। साथ ही उपायुक्त ने देश से टीबी रोग को खत्म करने के उद्देश्य से सभी सक्षम लोगों से अपने सामर्थ्य के अनुसार मरीजों को गोद लेने एवं जो भी मदद वे मरीजों को पहुंचा सकते हैं उस दिशा में कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने 5 मरीजों, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ उदय श्रीवास्तव, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक अग्रवाल के द्वारा 2-2 मरीजों एवं कंसल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल, जिला लेखा प्रबंधक हिना वर्णवाल, अस्पताल प्रबंधक अतिंद्र उपाध्याय, जिला यक्ष्मा कार्यालय के रविंद्र कुमार के द्वारा एक- एक टीबी मरीज को गोद लेते हुए फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया।

### डीसी ने किया दुलमी प्रखंड का दौरा

# झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने गुरुवार को रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने दुलमी प्रखंड में निमार्णाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता को ध्यान में रखने एवं जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने निमार्णाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक

**रामगढ़** । उप विकास आयुक्त नागेन्द्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन और संवर्धन के लिए केन्द्रीय क्षेत्र योजना (सीएसएस) के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति (डी-एमसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डीडीएम नाबार्ड श उपेन्द्र साह के द्वारा सभी को विस्तार से योजना की जानकारी दी गई।

## ट्रेन की चपेट में आने से सीसीएलकर्मी की मौत

**रामगढ़।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सारूबेड़ा खिजुरिया टोला के निकट गुरूवार की सुबह मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से एक सीसीएल कर्मी की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सारूबेड़ा निवासी सीसीएल कर्मी बिनोद उरांव (46 वर्ष) पिता स्व एतवा उरांव चैनपुर व करमा हाट रेलवे स्टेशन पोल संख्या 83/20- 83/18 के बीच खिजुरिया टोला के पास ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक बिनोद उरांव सीसीएल कुजू क्षेत्र के पुंडी कोलियरी में कार्यकरत था।

## स्वच्छता-पेयजल सुरक्षा को लेकर प्रभातफेरी



**बरही** । पेयजल और स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बरही पश्चिमी पंचायत में मुखिया मो शमशेर आलम के निर्देशन उम विद्यालय बरहीडीह के विद्यार्थियो ने प्रभातफेरी निकाली । इस दौरान बच्चे स्वच्छता और पेयजल संरक्षण से संबधित नारे लगा कर लोगो को संदेश दे रहे थे । जो बरहीडीह के विभिन्न मुहल्लो में भ्रमण किया । इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रमोद सिंह, पंचायत सचिव रामवृक्ष सिंह, प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार अग्रवाल, शिक्षक अजय प्रजापति, लालमणि सिंह, कंचन कुमारी, आशा कुमारी, सोनामती कुमारी, मनोज ठाकुर, शहनाज हुसैन सहित युवा समाजसेवी टिंकू उर्फ असलम अंसारी आदि शामिल थे । मुखिया ने बताया कि प्रखंड पदाधिकारी के निदेर्शानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।

## सड़क दुर्घटना में प्रवासी मजदूर की मौत

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकप्पी पंचायत के ग्राम हेठली डबो के प्रवासी मजदूर नकुल कुमार की मौत मुंबई में सड़क दुर्घटना में हो गई। घटना की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। वही मृतक नकुल राम पिता देवलाल सिंह उर्फ दुलारी सिंह का शव गुरुवार को घर पंहुचा। शव पहुंचते ही हर किसी की आंखे नम हो गई। वहीअं परिवार वालो का रोरोकर बुरा हाल था। घटना की खबर मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को मिलते ही मृतक के घर पंहुचकर परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया साथ ही सरकार द्वारा दिये जाने वाले मुआवजा को दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर केदार सिंह, ब्रहदेव सिंह, कृष्ण देव सिंह, तिलक सिंह, सुखदेव सिंह, मोहन साव समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षक की बाइक चोरी

**बरकट्ठा।** सूर्यकुंड धाम में शादी समारोह में शामिल हुए शिक्षक की स्पेंलडर बाइक चोरी का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत पीड़ित शिक्षक किशुन हांसदा पिता लालजी हांसदा ग्राम बाजुकोला निवासी ने गोरहर थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है की महेश गुप्ता,सहायक अध्यापक की पुत्री की शादी समारोह शामिल होने के लिए गया था। मंगलवार को रात्रि करीब 8:30 में धर्मशाला के बाहर गाड़ी खड़ा कर अंदर प्रवेश किया। तत्पश्चात घर जाने के लिए करीब 10 बजे बाहर आया तो उक्त स्थान से स्पेलंडर बाइक वहां से गायब पाया। काफी खोजबीन की बाद भी नहीं मिली। बाइक हीरो होंडा स्पेंलडर काला कलर का बाइक संख्या जेएच 02यू 3951 है। गाड़ी की डिक्की में रखे एम. डी. एम का रजिस्टर, दादी का ग्रामीण बैंक का पासबुक, विद्यालय प्रबंधक समिति झंडवाटाड का पासबुक समेत अन्य कागजात थे। मामले को लेकर गोरहर थाना में मामला दर्ज कर ली गई है।

## ग्रेड पे घटाने के विरोध में आंदोलन का निर्णय

**रामगढ़।** कृषि विभाग झारखंड सरकार की ओर से वर्ष 2012 में 2400 रूपए ग्रेड पे पर जनसेवकों की नियुक्ति की गई थी। बताया जा रहा है की विभाग की ओर से जारी नियेे निर्देश के मुताबिक जनसवकों का ग्रेड पे 10 वर्ष के बाद 2400 रूपए से घटाकर 2000 रूपए कर दिया गया है। उसी के विरोध में 4 जुलाई को जनसेवकों ने छत्तर मांडू स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। इस मौके पर झारखंड राज्य जनसेवक संघ के महामंत्री लोकेश कुमार ने बताया की सरकार के इस निर्णय से प्रत्येक जनसेवक के वेतन में हर माह 10-12 हजार रूपए की कमी आ जाएगी। कहा की यदि हमारा ग्रेड पे 2400 रूपए प्रति माह नही किया गया और लंबिंत पुरानी 11 सूत्री मांगों को नही माना गया तो हम 9 मई से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। धरना प्रदर्शन में अजीत कुमार गुप्ता, उपेंद्र कुमार, अरविंद कुमार महतो, परमानंद कुमार, विकास कुमार, रंजित कुमार रजक, पंकज कुमार, आनंद कुमार, आलोक मित्रा आदि शामिल हुए।

# रामगढ़ चेंबर ने बिजली विभाग को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता संतोष सिन्हा, कार्यपालक अभियंता देशराज, एसडीओ काली नाथ मुंडा एवं जेई अनिल कुमार मरांडी से मिलकर रामगढ़ जिला में हो रही बिजली की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने शहर में बिजली के तारों की स्थिति जर्जर होने के संबंध में बताते हुए जर्जर तारों को बदले जाने की मांग की। चेम्बर प्रति निधिमण्डल ने विभाग के अधिकारियों से पूरे शहर में ए बी स्विच की व्यवस्था करने, महीने में दो बार कैंप लगाकर बिजली की समस्याओं का समाधान करने, ट्रांसफार्मर खराब होने पर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने, सुचारू रूप से बिजली मिले इसकी व्यवस्था करने की मांग की। प्रति निधिमण्डल की ओर से बताया गया की कार्यपालक अभियंता ने चेंबर को आश्वस्त किया कि शहर में ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही उपभोक्ताओं को बिजली संबंधित कोई भी परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में चेंबर के उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी मानू, पूर्व अध्यक्ष मनजी सिंह, मुरारी अग्रवाल, गोपाल शर्मा, दिलीप अग्रवाल एवं विनय कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## चौपारण में प्रतिबंधित मांस जब्त, युवक धराया

**हजारीबाग।** चौपारण पुलिस ने बुधवार की रात तस्करी के लिए ले जा रहे प्रतिबंधित मांस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इनमें बिहार के गया स्थित बाराचट्टी निवासी मो. आफताब कुरैशी (24 वर्ष) पिता : स्व. महबूब कुरैशी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं इस कारोबार में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध जांच की जा रही है। इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी शंभू नंद ईश्वर ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक बिना नंबर की बाइक पर अवैध रूप से प्रतिबंधित गोवंशीय पशु के मांस को तस्करी करने के लिए बिहार की ओर से चौपारण होते हुए ले जाया जा रहा है। इस सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए चोरदाहा चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने चोरदाहा चेक पोस्ट पर बिना नंबर की होंडा सीटी 100 पर अवैध रूप से 10 किलोग्राम गोवंशीय मांस पाया। चौपारण थाना में झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम दर्ज कर लिया गया।

# मुखिया ने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम केवालु स्थित नौघरिया टोला में मुखिया रीता देवी के द्वारा पीसीसी पथ का उद्घाटन किया गया।पथ निर्माण हेतु तीन लाख 14 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। विदित हो कि यहॉ कई वर्षों से सरकारी विकास का काम नहीं हो पाया था। कुछ दिन पूर्व नौघरिया टोला मे पूल तथा रोड के लिए कई बार यहां के निवासियों ने प्रतिनिधियों से मांग की लेकिन कोई भी काम नहीं हुआ।वहीं मुखिया के पहल से सरकारी योजना के तहत 15वें वित्त मद से योजना दी गई।मौके पर मुखिया ने कहा कि जहां-जहां अधूरा काम पड़ा है तथा कोई विकास का काम नहीं हुआ है वहां मैं खोजबीन कर काम करूंगी ताकि हमारे पंचायत वासियों को परेशानी ना हो। उद्घाटन कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य सूरज मुनि देवी, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, पंचायत समिति प्रतिनिधि रामकृष्ण मुर्मू ,विजय साव, मोहन साव ,अनिल साव ,टुकलाल साव ,विमल साव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# समाज सेवी की मां की मनी पुण्यतिथि



**बरकट्ठा।** प्रखंड के डाकडीह निवासी समाजसेवी महेश चंद्रवंशी की दिवंगत मां पार्वती देवी की दुसरी पुण्यतिथि सादगी के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव समेत अन्य प्रतिनिधियों ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मुखिया प्रतिनिधि टुकलाल नायक ने किया। मौके पर विधायक ने मां की ममता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां का स्थान स्वर्ग से भी ऊंचा होता है। उन्होंने माता पिता को सेवा, मान सम्मान, आदर करने की अपील की।

**विष्णुगढ़ विस** | ट्रांसफार्मर खराब रहने से परेशान थे लोग

# मडमो में आई बिजली, ग्रामीणों के चेहरे पर आई चमक

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
विष्णुगढ़ अंतर्गत बगोदर विधानसभा क्षेत्र के मड़मो में बिजली आ गई। इससे ग्रामीणों को गर्मी में बड़ी राहत मिली है. बगोदर के पूर्व विधायक और भाजपा नेता नागेंद्र महतो ने ग्रामीणों की मांग पर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। गुरुवार को ट्रांसफार्मर चालू कराते हुए उन्होंने ग्रामीणों से से कहा कि परेशानियों का हल करना उनका दायित्व है। इस गांव में किसान रहते हैं। ट्रांसफार्मर जल जाने से रात में गांव में अंधेरा छाया रहता था। साथ ही कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा था। इस मौके पर कोडरमा संसदीय क्षेत्र के हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुखदेव महतो, मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा, पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा, घनश्याम महतो, सरिता कुमारी वार्ड सदस्य, अर्जुन महतो, जगदीश महतो, कैलाश महतो, कारुलाल महतो, खेमनारायण महतो, गणेश महतो, सीताराम महतो, सुरेंद्र महतो, टेकलाल महतो, रामानंद सिंह, अरविंद सिंह, बहराम मरांडी आदि मौजूद थे।



## सड़क दुर्घटना में पारा शिक्षक की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग के विष्णुगढ़ में बुधवार की रात सड़क हादसे में घायल शिक्षक संतोष महतो की मौत हो गई। वह कैलुजारा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के पारा शिक्षक थे। वह बाइक से अपने घर जा रहे थे, तभी पीछे से दूसरी बाइक ने उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गये। घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उनकी मौत हो गयी। वह विष्णुगढ़ के जमनीजार के रहने वाले थे। मृतक के दो बेटे और एक बेटी है। बता दें कि विष्णुगढ़ में 15 दिनों के भीतर लगभग सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो चुकी हैं। बीते दो दिनों में यह तीसरी मौत है। एक दिन पहले ही इसी सड़क पर हादसे में नवादा के कर्बला चौक में दो लोगों की जान चली गई थी।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत इंटर हाउस पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें कुल 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इसमें पावन हाउस की छात्रा रिशु कुमारी को प्रथम, आकाश हाउस की छात्रा ऋषिका कुमारी, पानी हाउस की छात्रा साक्षी राज को संयुक्त रूप से द्वितीय और धरती हाउस की छात्रा सौम्या कुमारी राम को तृतीय स्थान मिला। निर्णायक की भूमिका रजनी बाला, सुमित साव और अनमोल रतन ने निभाई। जबकि जूनियर वर्ग में कार्टून कैरेक्टर मेकिंग कंपटीशन हुआ। इसमें तेजस कुमार को प्रथम, तन्मय कुमार को द्वितीय और साक्षी रजक को तृतीय स्थान मिला। बच्चों ने पोस्टर मेकिंग और कार्टून करैक्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में वर्ग 6 से 8 में कोऑर्डिनेटर सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, संजय कुमार, मनोज सिंह, राहुल कुमार, जूनियर वर्ग में कुंतल जेठवा, लता सिन्हा, अलका सिंह, किशोर कुणाल, रूबी वर्मा, सपना शर्मा, रेणु सेठ, सरोज पांडेय, स्वाति कुमारी, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, दीक्षा सिंह, कामिनी सहाय और मरियम मैडम समेत अन्य शिक्षकों का योगदान रहा। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा और कहा कि ऐसे प्रतियोगिताओं से बच्चों का थिंकिंग स्किल डेवलप होता है। इससे उनमें रचनात्मक कौशल का विकास होता है।

### ट्रेड लाइसेंस को लेकर

# शहर के कई प्रतिष्ठानों को किया सील



**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
नगर परिषद के द्वारा लगातार लोगों को ट्रेड लाइसेंस को लेकर के जागरूक किया जा रहा था । जिसके बावजूद भी कई ऐसे प्रतिष्ठान हैं जो बिना ट्रेड लाइसेंस के अपने व्यापार को संचालित कर रहे हैं। जिसे लेकर नप द्वारा गुरुवार को संयुक्त टीम गठित कर कई प्रतिष्ठानों को सील किया गया। सील किए गए प्रतिष्ठानों में टाटा मोटर्स, शगुन बैंक्विट हॉल, मोदी ट्रेडर्स, प्रतिक ऑटोमोबाइल्स महिंद्रा, एवं ओम ट्रेडिंग है। नप के नगर प्रबंधक सतीश कुमार के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया । नगर प्रबंधक ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बिना ट्रेड लाइसेंस लिए व्यापार करना गैर कानूनी है जिसे लेकर लगातार प्रचार प्रसार एवं पूर्व में नोटिस भी किया गया। जिसके बावजूद भी लोग ट्रेड लाइसेंस नहीं ले रहे है जिसे लेकर आज कई प्रतिष्ठानों को सील किया गया। टीम में सिटी मिशन मैनेजर नीलम कुमारी, टैक्स दरोगा महादेव यादव, बिमल कुमार ,बलराम कुशवाहा, मुकेश राणा आदि मौजूद थे।

# ग्रेड पे कम के विरोध में जनसेवक संघ का धरना



**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
झारखंड सरकार के कृषि विभाग के द्वारा जनसेवकों का ग्रेड पे कम किए जाने के खिलाफ झारखंड राज्य जनसेवक संघ ने राज्यव्यापी आह्वान पर जिला समाहरणालय पर एकदिवसीय धरना दिया। धरना में सीटू और अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ सहित कई संगठनों के नेताओं ने आंदोलन में शामिल होकर समर्थन दिया। विदित हो कि 2011 में 2400 रुपए ग्रेड पे के विज्ञापन के आधार पर राज्य में 1816 जनसेवकों की बहाली हुई थी, जिसमें कोडरमा जिला के 48 कर्मी शामिल हैं। दस साल बाद पत्रांक - 1914 दिनांक - 25/04 /2023 के माध्यम से झारखंड सरकार के कृषि विभाग के द्वारा उक्त जनसेवकों का ग्रेड पे 2000 कर दिया गया। जिसका विरोध कर्मी कर रहे हैं। धरना स्थल पर जनसेवक संघ के जिलाध्यक्ष हिमांशु हिमवान व रवि रंजन के संचालन में हुई सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार के सलाहकार ब्यूरोक्रेट आईएएस दिग्भ्रमित कर रहे हैं, गलत रास्ते पर ले जा रहे हैं और हेमंत सरकार को बदनाम कर रहे हैं। दस साल में वेतन बढ़ता है, प्रमोशन मिलता है लेकिन उसके बदले 2012 में बहाल इन जनसेवकों का ग्रेड पे घटा दिया गया। जो गैरकानूनी और नियम विरुद्ध है। वक्ताओं ने कहा कि एक एक जनसेवक प्रखंड स्तर पर कई पर्यवेक्षक स्तर के पदों पर काम कर रहे हैं। पंचायत सचिव, प्रखंड कल्याण, प्रखंड आपूर्ति, सहायक गोदाम प्रबंधक, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी निभा रहे हैं और सरकार के अरबों खरबों रुपए बचा रहे हैं। जनसेवक का ग्रेड पे 4200 रुपए बढ़ाने के बजाय ग्रेड पे कटौती करना झारखंड सरकार का बचकाना कदम है। जनसेवक संघ के नेताओं ने सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि कि ग्रेड पे घटाने का आदेश अविलंब वापस लिया जाय। अन्यथा 9 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। सभा को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, जिला संयोजक रमेश प्रजापति, झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी, जिला मंत्री शशि कुमार पांडेय, संयुक्त सचिव दिनेश रविदास, जनसेवक संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष दिलीप कुमार, झारोटेफ के जिलाध्यक्ष वासुदेव राम, महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय अध्यक्ष सुधा शर्मा, मनोज वाजपेयी, अनुबंध पारा चिकित्सा कर्मी संघ के सचिव इन्द्रदेव यादव, एएनएम जीएनएम संघ के अध्यक्ष सागर रजनीश आदि ने सम्बोधित किया. धरना में जनसेवक संघ के सचिव सतीश कुमार, सनोज कुमार यादव, प्रेम कुमार, विकास रंजन, बिनोद कुमार, बिनोद रविदास, अनील कुमार, अनील यादव, इन्द्रदेव कुमार, राकेश कुमार, राकेश सिन्हा, जान सोरेन, कपिलदेव यादव, मनोज कुमार, निर्मला एक्का,, नूतन कुमारी, अजय पंडित, देवनारायण गोप, अमित कुमार, अजय साव, सर्वेश कुमार, संतोष मिश्रा, राजीव कुमार, विमलेश पासवान, बिनोद उरांव, मुकेश दास, पंकज कुमार आदि शामिल थे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर चला जागरुकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
द रामेश्वर वैली स्कूल में कोडरमा जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा नियम एवं दिशा निर्देश पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत आर वी एस के निदेशक प्रवीण कुमार ने जिला परिवहन विभाग से आए अधिकारियों को बच्चों के समक्ष परिचय कराते हुए कार्यक्रम का आगाज किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद एवम जिला सड़क सुरक्षा मैनेजर हिमांशु उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद ने कहा कि लोगों को बाइक चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग जरूर करना चाहिए एवं बाइक पर दो ही लोग सवार होने चाहिए। साथ ही कार चलाते वक्त सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को बताया कि रोड क्रॉस करते वक्त हमें दोनो ओर देखकर जेबरा क्रॉसिंग का इस्तेमाल करना चाहिए। 18 साल से कम उम्र के बच्चों को बाइक स्कूटी चलाने से बचना चाहिए। ट्रैफिक के नियमों का पालन करना, स्पीड से बचना, रॉन्ग वे में गाड़ी नहीं चलानी चाहिए।जिला परिवहन अधिकारी द्वारा विद्यालय में कार्यरत ड्राइवर को भी जरूरी दिशा निर्देश दिए गए एवं विद्यालय की गाड़ियों को निम्न कही बातों पर चलाने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्त अधिकारी भागीरथ प्रसाद ने बच्चों से सवाल जवाब किए जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं जवाबों से अधिकारी को संतुष्ट भी किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के निदेशक प्रवीण कुमार ने दिया एवम बच्चों से यह वचन लिया कि वह ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे, हेलमेट का इस्तेमाल करेंगे एवं अपने माता पिता को भी ट्रैफिक के नियमों के बारे में बताएंगे उनसे भी अनुरोध करेंगे कि वह भी ट्रैफिक के नियमों का पालन करें ताकि हम किसी घटना दुर्घटना के शिकार ना हो और हमारा जीवन कुशल मंगल रहे। कार्यक्रम को सफलता पूर्ण संचालित करने में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई। शिक्षक में अनिल ,सागर , आकाश एवम शिक्षिकाओं में सृष्टि, एकता थे। बच्चों में किंजल, अभिषेक, शिवांश, श्रेयांश, मुस्कान , अकाशी, निशू ,दीपक, निखिल, निपुण, तेजस आदि मौजूद थे। ड्राइवर में मंडल , धीरज , शिवम , महेश , प्रकाश , ईश्वर, कृष्णा मौजूद थे।

# पीजी में इतिहास विभाग के छात्रा को मिला गोल्ड मेडल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा में इतिहास विषय में पीजी के क्षेत्र में रांची विश्वविद्यालय में पूरे राज्य भर में से सिमडेगा जिले की छात्रा को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया है जिसके बाद पूरे महाविद्यालय में खुशी की लहर है इधर गुरुवार को महाविद्यालय के बहुउद्देशीय परीक्षा भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित करते हुए छात्रा को सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अगुवाई प्रिंसिपल डॉ रामकुमार प्रसाद, इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ तिरियो एक्का, कॉमर्स विभाग के डॉक्टर देवराज प्रसाद सहित अन्य प्रोफेसर उपस्थित रहे इस दौरान सर्वप्रथम छात्रा सुगन्ति लुगुन को अंग वस्त्र देकर तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया पता उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई मौके पर प्रिंसिपल डॉ रामकुमार प्रसाद ने कहा कि 50 वर्षो के बाद सिमडेगा कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं की कमी के बावजूद जो सम्मान यहां की छात्रा ने पूरे राज्य भर में गोल्ड मेडल लाकर दिलाया है इससे पूरा महाविद्यालय परिवार गर्व महसूस कर रहा है आने वाले दिनों में छात्राएं भी सिमडेगा कॉलेज का नाम रोशन करें। इधर छात्रा ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि ठेठईटांगर प्रखंड के छोटे से गांव गुटबहार में पली-बढ़ी मां के निधन के बाद पिता किस प्रकार खेती किसानी कर उसे इस काबिल पहुंचाया और सिमडेगा में लॉज में रहकर वह अपना पढ़ाई लिखाई कि सिमडेगा कॉलेज में मात्र इतिहास विषय में एक शिक्षक होने के बावजूद उसने मन लगाकर पढ़ाई की और रांची विश्वविद्यालय से पीजी के क्षेत्र में गोल्ड मेडल हासिल किया उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए मेहनत करने की बात कही। इस मौके पर काफी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

# क्षेत्र के विकास पर ध्यान दें विधायक : लक्ष्मण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी द्वारा सीएनटी एसपीटी एक्ट को लेकर भाजपा पर बयान दिया गया था इस पर भारतीय जनता पार्टी ने अपने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की कोलेबिरा विधायक की साढ़े तीन साल की उपलब्धि शून्य है इसीलिए अपनी विफलता को छुपाने के लिए कोलेबिरा विधायक आए दिनों सिर्फ सरना आदिवासी जल जंगल की बात करते फिर रहे हैं जहाँ भी मीटिंग जाते हैं भाजपा द्वारा जमीन लूटने जल जंगल जमीन हाथी कॉरिडोर और अन्य अर्नगल बातों से ग्रामीण और अपने कार्यकताओं का ध्यान भटकाने का काम करते हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष ने सीएनटी एसपीटी एक्ट पर कहा कि पीएमटी में अब तक 26 संशोधन किए जा चुके हैं इसमें प्रथम संशोधन 1920 में तथा अंतिम संशोधन 1995 में किया गया था।ज्ञात हो कि सीएनटी एसपीटी एक्ट की बात करने वालों के शासनकाल में ही सबसे अधिक जमीन की लूट हो रही है इसका उदाहरण पिछले दिनों तत्कालीन रांची के उपायुक्त रवि रंजन से आईडी द्वारा पूछताछ एवं अंचल निरीक्षकों की गिरफ्तारी से मिलती है।कोलेबिरा विधायक की साढ़े तीन साल की उपलब्धि है कि उन्होंने आदिवासी बहुल सिमडेगा जिला से मेडिकल कॉलेज एवं बस स्टैंड का प्रस्ताव वापस करवा दिया ये लोग चाहते ही नहीं की यहां के आदिवासी मूलवासी पढ़ लिख कर शिक्षित बने और नौकरी करें।

### बोलबा सामुदायिक आयुष केंद्र खुला

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक आयुष केंद्र का प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने फीता काटकर किया उद्घाटन ।इस मौके पर बताया गया कि प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक आयुष केंद्र काफी दिनों से बंद था यहां कोई चिकित्सक नहीं थे साथ ही इसका भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका था । पुराने भवन की मरम्मती करके आयुष केंद्र का डॉक्टर रंजीत कुमार की अगुवाई में प्रखण्ड विकास पदधिकारो उषा मिंज , अंचल अधिकारी बलिराम माँझी, डॉ देबातोष भुटिया एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा फीता काटकर विधिवत उदघाट्न किया गया इस मौके पर कई मरीजों की जाँच करके दवा भी दिया गया ।प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों उषा मिंज ने कहा कि बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर खुलने से यहाँ का लोगों के लिए सुविधाएं बढ़ी है । ग्रामीण होम्योपैथिक से भी अपनी बीमारी का ईलाज करा सकेंगे ।

# सिमडेगा में हॉकी टीम गठन के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
08से 12मई तक जमेशदपुर में आयोजित हॉकी झारखंड राज्य स्तरीय सबजुमियर पुरुष और जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में सिमडेगा जिला हॉकी टीम की भागीदारी के लिए सिमडेगा जिला सब जूनियर पुरुष हॉकी टीम एवम सिमडेगा जिला जूनियर पुरुष हॉकी टीम के गठन के लिए गुरुवार को हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल प्रतियोगिता एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित किया गया। इस चयन ट्रायल सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखंड से कुल 147 खिलाड़ियों ने भाग लिए,जिसने से 127खिलाड़ियों के सभी कागजात सही पाए गए।जिनका आपस में तीन बनाकर मैच खेलेया गया और उनमें से बेहतर सब जूनियर से 22तथा जूनियर से 22खिलाड़ियों को चयनित किया गया। इन खिलाड़ियों का तीन दिन विशेष प्रशिक्षण लेने के बाद दोनो वर्ग से 18-18खिलाड़ियों को चयनित कर जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। आज के चयन ट्रायल में हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी, सुनील तिर्की, पंखरासियुस टोप्पो,वेद प्रकाश, सुजीत एक्का,अनु राहुल मिंज,मनसुख सुरीन एवम अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन

सिमडेगा। समाहरणालय के पास झारखंड राज्य जन सेवक संघ के आवाहन पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सिमडेगा के 10 प्रखंडों में कार्यरत जनसेवक प्रभारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सहायक, गोदाम प्रबंधक प्रखंड ,पंचायती राज पदाधिकारी का एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना का आयोजन किया गया ।जिसमें अपनी मांगों को लेकर धरना किया गौरतलब हो वर्ष 2012 में झारखंड सरकार के तत्कालीन कृषि एवं गन्ना विकास विभाग जो कि पूर्व में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा किसी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य भर में 1836 पदों के लिए जन सेवकों की नियुक्ति की थी ।जिसमें सिमडेगा जिला में 33 जनसेवक की नियुक्ति हुई थी। वर्तमान में 28 जन सेवक सिमडेगा जिले में कार्यरत हैं। राज्य सरकार की अधिसूचना के द्वारा जन सेवक भर्ती एवं सेवा शर्त नियमावली 2011 को सूचित करते हुए संपूर्ण झारखंड में प्रावधानों के आलोक में विज्ञापन में स्पष्ट रूप से वेतन 5200 से 20200 ग्रेड पे 2400 पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।

### सड़क हादसे में पति-पत्नी घायल,भर्ती

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेसराजारा गांव के पास गुरुवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में पति-पत्नी गिरकर घायल हो गए ।दोनों ही घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया ।जहां उनकी इलाज चल रही है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोहन प्रधान एवं उसकी पत्नी सुखमणि देवी सिमडेगा की ओर आ रहे थे ।इसी क्रम में अचानक नियंत्रण खो बैठे और गिर पड़े गिरने के बाद माथे चेहरे हाथ सहित कई हिस्सों में चोट लगी और घायल हो गये । इधर सदर अस्पताल में दोनों का उपचार चल रहा है फिलहाल दोनों ही खतरे से बाहर हैं।

### सड़क हादसे में एक घायल

**बानो।** बानो सर्किल के महाबुवांग थाना क्षेत्र के सूत्रीउली जारा टोली के पास ट्रेक्टर ने स्कूटी को मारा टक्कर, एक गम्भीर हो गया। मिली जानकारी के अनुसार लचरागढ़ केवर कट्टा निवासी मसीह कंडुलना व सरयू सिंह एक स्कूटी में बेडाइरगी जा रहे थे।तभी सामने से आते ट्रेक्टर से सूत्रीउली जारा टोली के पास जोरदार टक्कर मार दी ।जिसके कारण मसीह कंडुलना को सिर तथा अन्य हिसे में गम्भीर चोट लगी है।जानकारी मिलने पर महाबुवांग थाना के एस आई अभय मिंज घटनास्थल पर जाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो लाया गया। स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए मसीह कंडुलना को सिमडेगा रेफर कर दिया गया ।जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना घायल से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया ।

### झामुमो के पदाधिकारियों ने लोगों की सुनी समस्याएं

**ठेठईटांगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा ठेठईटांगर प्रखंड के रेंगारिह क्षेत्र के पाईकपारा पंचायत,कोनपाला पंचायत में गुरुवार को जन संपर्क भ्रमण किया गया। एवं लोगों की समस्या जिसमे पानी, बिजली, राशनकार्ड, योजनाओं की जानकारी एवं जन समास्याओं से अवगत हुए और लोगों की समस्याओं को विभाग के अधिकारीयों से बात कर तुरंत निराकरण करने की बात कही बताया गया भण्डार टोली से बैजू टोली तक रोड व्यवस्था को देखा गया और कहां गया कि जल्द ही इन समस्याओं को दूर किया जाएगा।

**कार्यक्रम** मंत्री पद के लोभ में भाजपा के साथ मिलकर क्षेत्र के जन भावनाओं के साथ किया खिलवाड़

# पूर्व मंत्री ने विधायक के बयानों पर किया पलटवार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
कोलेबिरा विधायक नमन मिक्सर कोंगाडी द्वारा जलडेगा में आयोजित कांग्रेस के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री एनोस एक्का पर लगाए गए आरोप पर उन्होंने पलटवार किया है ।उन्होंने कहा कि कोलेबिरा के वर्तमान विधायक ने इस क्षेत्र की जनता की जन भावनाओं को ?30करोड़ और मंत्री पद के लोभ में भाजपा और आरएसएस के साथ सौदा करने का काम किया ।जिसकी वजह से कोलकाता में उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल में रहना पड़ा जो कि सबके सामने है और यहां तक कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें पार्टी से निलंबित करते हुए बाहर का रास्ता दिखाने का कार्य किया। और वह आज तक निलंबित पार्टी के विधायक के रुप में है। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार से उन्होंने गंभीर आरोप लगाए हैं वह पूरी तरह से बेबुनियाद है झारखंड पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी जाति धर्म और समुदाय से ऊपर उठकर क्षेत्र का विकास करती है। उनका के मेरे मंत्री रहते हुए जो इस क्षेत्र में विकास हुआ है जो आज तक आजादी से लेकर अब तक किसी के कार्यकाल में नहीं हुआ है जो कि पूरी सिमडेगा की जनता जानती है ।आज जल जंगल जमीन के नाम पर लोगों को बरगला कर अपनी ओछी राजनीति करते हुए लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम कर रहे हैं जो कि जनता जानती है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी ।क्षेत्र कि जनता विकास के नाम पर अपने आप को ठगा महसूस कर रही है हर तरफ बिजली पानी सड़क हाथी एवं जनमानस की दर्जनों समस्याएं हैं जिसे नजरअंदाज करते हुए विधायक भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर करोड़ों रुपए का लेनदेन करते हुए अपने निजी स्वार्थ में लीन हो गए थे जिसके कारण पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। मेरे कार्यकाल के दौरान इस क्षेत्र की पुल पुलिया सड़क आदि सभी चीजों का जहां तक विकास की किरण संभव नहीं थी वहां तक पहुंचाने का काम किया है जो कि 5 साल से अधिक कार्यकाल में इनके द्वारा कहीं दिखाई नहीं देता है। कोलेबिरा विधायक को ऐसे बचकाना बयानों से बचते हुए क्षेत्र के विकास पर ध्यान देना चाहिए जिससे कि लोगों का भला परंतु वह दिन दूर नहीं जब कोलेबिरा विधानसभा की जनता इन्हें सत्ता से बेदखल करते हुए एक बार फिर से झारखंड पार्टी को सेवा का मौका देगी।

# नारी शिक्षा नहीं तो देश का विकास नहीं : श्रेया

**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के तत्वाधान में गुरुवार को शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर कक्षा 8 की एक जरूरतमंद छात्रा को बेहतर पठन-पाठन एवं उसके 6 माह की फीस विद्यालय को जमा किए । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत समाज को प्रगति के रास्ते पर ले जाने को लेकर प्रेरणा शाखा ने यह कदम उठाया। मौके पर मंच की अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि नारी शिक्षा नहीं , तो देश का विकास नहीं हो सकता है । बेटियां शिक्षा की ओर अग्रसर हो और उनकी बेहतर पढ़ाई के लिए समय-समय पर प्रेरणा शाखा इस तरह का आयोजन करती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश उपाध्याय ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। प्रेरणा शाखा का यह प्रयास पिछले 2 वर्षों से इस बच्ची के प्रति देखा जा रहा है । उन्होंने कहा कि समाज में प्रेरणा शाखा का यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा । सचिव सारिका लड्ढा ने कहा की समाज सेवा ही प्रेरणा शाखा का मुख्य उद्देश्य है । शाखा ने इस माह कई कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है । 5 मई को कोडरमा गोशाला परिसर में गो आहार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर कार्यक्रम की परियोजना निदेशक प्रीति गुटगुटिया, श्वेता गुटगुटिया एवं शीतल पोद्दार मुख्य रूप से उपस्थित थी ।

# डीसी की अध्यक्षता में ई-गवर्नेंस यूआईडी मोबाइल टावर कमेटी की समीक्षा बैठक




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस, यूआईडी, मोबाइल टावर, कनेक्टिविटी, कमेटी की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में उपायुक्त ने बीएसएनएल. मोबाइल नेटवर्क, सीएससी मैनेजर को जमीन लगान रसीद काटने, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, नए सीएससी गठन की प्रक्रिया, डीपीओ यूआईडी एवं अन्य प्रज्ञा केंद्र से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में 70 मोबाइल टावरों के अधिष्ठापन किया जाना है। इस हेतु संबंधित अंचल अधिकारी से भूमि सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने संबंधित मामलों की समीक्षा की। जिले में टावर अधिष्ठापन से संबंधित एन.ओ.सी. प्राप्त हुआ है तथा जमीन संबंधित भौतिक सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त उसका ससमय निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने डीपीओ से संबंधित मनरेगा जॉब कार्डधारियों का शत प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिए। इसके आलावा उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, ईडीएम चंद्रशेखर कुमार , डीपीओ सरोज कुमारी, सीएससी. मैनेजर, बीएसएनएल के एसडीओ एवं अन्य उपस्थित थे।

# सीसीटीवी से अपराधियों पर निगरानी रखेगी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**
पुलिस ने अपराध को कंट्रोल करने के लिये पूरी तैयारी कर ली है। पुलिस जिले के प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरे के जरिए अपराध पर निगरानी करने की तैयारी कर रही है। इससे चोरी, डकैती, लूट, छिनतई और अन्य तरह की आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने में पुलिस को मदद मिलेगी। इसके अलावा पलामू के बिहार, यूपी और छत्तीसगढ़ की सीमाओं पर भी सीसीटीवी लगाया जायेगा। सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस को पहले भी कई घटनाओं के उद्भेदन में सफलता मिली है।



## इन जगहों पर लगाए जायेंगे सीसीटीवी

अपराध को नियंत्रित करने के लिये पुलिस नेशनल हाईवे पर भी जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगायेगी। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पहले चरण में मेदिनीनगर के शहरी इलाकों में 15 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। पूरे इलाके में 35 से 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए जायेंगे। जिसके माध्यम से आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखी जायेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि इन कैमरों की मदद से अवैध माइनिंग के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। पलामू के हरिहरगंज, मनातू, नौडीहा बाजार, हुसैनाबाद में इंटरस्टेट बोर्डर है। इन जगहों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। पलामू में नेशनल हाई-वे पर आपराधिक गिरोहों ने कई चार पहिया वाहनों की चोरी की है। जबकि बड़ी संख्या में बाइक चोरी हुई है। पिछले एक वर्ष में पलामू में 22 चार पहिया जबकि 40 से अधिक बाइक चोरी की घटना हुई है। इन घटनाओं में कइयों का खुलासा सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से हुआ है। यही वजह है कि पालमू पुलिस प्रमुख इलाको में सीसीटीवी कैमरे के मदद से निगरानी बढ़ा रही है।

# दम घुटने से युवक की मौत महिला समेत तीन बेहोश

## विवाह में डीजे बजाने आया था लातेहार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
नेतरहाट थाना क्षेत्र के सोहर पंचायत के माइल गांव में एक वैवाहिक समारोह में डीजे बजाने आये एक युवक की दम घुटने से मौत हो गयी जबकि एक महिला समेत दो युवक बेहोश हो गये। तीनों को बेहोशी की हालत में महुआडांड़ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। इलाज के बाद दोनो युवक होश में आ गये। समाचार लिखे जाने तक महिला बेहोश थी। घटना की सूचना मिलते ही नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत सदल बल माइल गांव पहुंचे। उन्होंने शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। माइल ग्राम के बंधन मुंडा के घर दो दिवसीय विवाह का कार्यक्रम था। इस वैवाहिक कार्यक्रम में गुमला जिला के ग्राम राजावल गांव के प्रेम लकड़ा का डीजे एवं जनरेटर बुक किया गया था। डीजे लेकर प्रेम लकड़ा का 19 वर्षीय बेटा प्रशांत लकड़ा विवाह में पहुंचा था। उसके साथ दो अन्य लड़के साहिल केरकेट्टा (18 ) और असीम एक्का ( 18 ) भी आये थे। सोमवार रात्रि को वैवाहिक कार्यक्रम अच्छे से संपन्न हो गया। मंगलवार की रात तीनो युवक एक कमरे में सोने गये। उस कमरे में जेनेरेटर चल रहा था। सुबह जब लोग उस कमरे में गये तो प्रशांत लकड़ा को मृत पाया गया जबकि दो अन्य युवक बेहोश थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित खलखो ने कहा कि दोनों युवक एवं महिला खतरे से बाहर है। महिला का इलाज चल रहा है। जेनेरेटर के धुआं से रूम में ऑक्सीजन लेवल कम हो गया होगा और इससे वे बेहोश हो गये। इसी दौरान पूरी तरह से ऑक्सीजन लेवल खत्म होने के बाद शायद उस युवक की मौत हो गई है। अधिक जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही दी जा सकती है।

# पूर्व विधायक पर जूनियर इंजीनियर और कर्मियों को पीटने का आरोप, एफआईआर

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**
विश्रामपुर (पलामू) के पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे पर एनएचआई के जूनियर इंजीनियर और कर्मियों को पीटने का आरोप लगा है। इस मामले में पलामू नावा बाजार थाना में चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, उनके पीए और आठ-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। नावाबाजार थाना कांड संख्या 45 / 23 के तहत चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे पर आईपीसी की धारा 147, 149, 341, 342, 353, 323, 447, 504 506 लगाई गयी है। बता दें कि नेशनल



हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा पलामू में नेशनल हाइवे (एनएच) 75 पर पड़वा मोड़ तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। फोरलेन सड़क बनाने के लिए नावा बाजार थाना क्षेत्र के पड़वा मोड़ पर कैंप कार्यालय बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट के इंचार्ज पार्थ घोष ने नावा बाजार थाना को दिये आवेदन में लिखा है कि चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे अपने निजी सहायक और 8 -10 अज्ञात लोगों के साथ कार्यालय में घुसे। पार्थ घोष ने आरोप लगाया कि उन्होंने कंपनी के जूनियर इंजीनियर दीपांजन दत्ता सहित अन्य कर्मियों के साथ गाली गलौज और मारपीट की। नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि इस मामले में एफआइआर दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

## हिसरा बरवाडीह निवासी की संदेहास्पद मौत

**पाटन।** प्रखंड के हिसरा बरवाडीह निवासी सतीश शुक्ला उम्र 45वर्ष पिता सामेश्वर शुक्ला नामक व्यक्ति की मृत्यु संदेहास्पद स्थिति में हो गयी। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पाटन पुलिस को दी। पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव एवं एसआई राजकिशोर महतो दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि सुबह हम सब इनको बाहर में नहीं देखे, तो उनके घर के पास जाकर आवाज लगाएं पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से देखने पर पता चला कि कुर्सी पर शांत बैठे हुए थे। बहुत जोर जोर से आवाज लगाएं पर कोई अंदर से जवाब नहीं मिला तब इसकी सूचना पाटन पुलिस को दी गयी।

# आठ को पार्षदों की याचिका पर सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के नगर निकाय में चुनाव को लेकर हाईकोर्ट ने 8 मई की तारीख मुकर्रर की है। गुरुवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की बेंच में प्रार्थियों के वकील विनोद सिंह द्वारा जल्द सुनवाई का आग्रह किया गया। जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगले सप्ताह मामले को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि झारखंड में नगर निगम और नगर निकायों में चुनाव का मामला हाईकोर्ट के समक्ष पहुंच चुका है। निगम चुनाव कराने और चुनाव होने तक निवर्तमान पार्षदों को अवधि विस्तार देने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। चुनाव को लेकर रांची नगर निगम के निवर्तमान पार्षद विनोद सिंह, सुनील यादव, अरुण झा, रौशनी खलखो और अन्य ने इस संबंध में रिट याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि निगम के पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के पहले ही सरकार को चुनाव कराना चाहिए, म्यूनिसिपल एक्ट की धारा 20 में भी इसका उल्लेख है।

# एक जलमीनार के भरोसे 250 ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**
प्रचंड गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र के लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। कहीं चापाकल खराब है तो कहीं पानी निकलना बंद हो गया है। इस दौरान चैनपुर प्रखंड की रामपुर पंचायत के दानपुर गांव के ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पानी के लिए दर-दर भटक रहे। ग्रामीणों को सुबह होते ही पानी के लिए लाइन में लगना पड़ता है, क्योंकि लगभग 250 ग्रामीणों की आबादी वाले इस गांव में एक मात्र जलमीनार है, साथ ही कई बार जलमीनार से भी पानी सही तरीके से नहीं निकल पाता है। इसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए काफी समस्या झेलनी पड़ती है। लोगों को काफी दूर से पानी सिर पर ढोकर लाना पड़ता है। ग्रामीण विकास केरकेट्टा, चमरू उरांव, अंजलु टोप्पो, सुखमनिया देवी, सुदर्शन आईद, ममिषा खलखो, फूलों का कहना है कि इस गर्मी में नदी सूखने के कारण चुआं से भी सही तरीके से पानी नहीं निकल पाता है। इसके कारण भीषण गर्मी में पानी के लिए लंबी दूरी तय कर पानी के लिए दूसरा टोला जाना पड़ता है। दिन प्रतिदिन पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग के अधिकारियों को गर्मी से पहले पानी की समस्या दूर करनी चाहिए, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाती है। ईधर इस मामले पर चैनपुर प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने कहा कि ग्रामीणों को पानी के लिए समस्या झेलनी पड़ रही है। विभाग को जानकारी होने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रही हैं।

# 15 मई से लाइफलाइन एक्सप्रेस ट्रेन में होगा मरीजों का इलाज

**लातेहार।** लाइफलाइन एक्सप्रेस ट्रेन से निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर डीसी भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन बैठक की गयी। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन लातेहार व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से लोगों का निःशुल्क इलाज 15 मई से 4 जून तक किया जाएगा। लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के टोरी स्टेशन पर खड़ी रहेगी। इस ट्रेन के जरिए नेत्र रोगियों का इलाज और ऑपरेशन किया जाएगा। कटे-फटे होठ वाले मरीजों का इलाज किया जाएगा। इसके साथ ही कान व दांत के रोगियों का उपचार किया जाएगा। ऑपरेशन और इलाज के बाद पोस्ट ऑपरेटिव केयर के लिए चंदवा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्था की गई है। आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी 15 से 20 मई, कान की जांच और कान की सर्जरी 22 से 26 मई, मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी (14 साल के नीचे) 28 से 30 मई, कटेझफटे ओठ की जांच एवं सर्जरी 28 से 30 मई, दांत की जांच एवं उपचार 30 मई से चार जून, स्तन और ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परीक्षण 15 मई से 20 मई तक किया जायेगा। बैठक में डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक विंदेश्वरी ततमा आदि मौजूद रहे।

**आस्था** — इस ग्रहण का सूतक काल मान्य नहीं होगा

# 130 वर्षों बाद बुद्ध पूर्णिमा व चंद्र ग्रहण का दुर्लभ संयोग

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** साल का पहला चंद्र ग्रहण आज लगेगा। यह एक उप छाया चंद्र ग्रहण होगा। इस ग्रहण का सूतक काल मान्य नहीं होगा। वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि पर लगने वाले इस चंद्र ग्रहण पर 130 वर्षों बाद दुर्लभ संयोग बनेगा। दरअसल 130 साल बाद बुद्ध पूर्णिमा और चंद्र ग्रहण दोनों का संयोग बन रहा है। सूर्य ग्रहण के बाद साल का पहला चंद्र ग्रहण वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि को लगने जा रहा है। ज्ञात हो कि 15 दिनों के अंतराल पर यह साल का दूसरा ग्रहण होगा। इसके पहले 20 अप्रैल को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगा था। इस ग्रहण को भारत में नहीं देखा जा सका था। अब



बुद्ध पूर्णिमा के दिन साल का पहला चंद्रग्रहण लगेगा। यह ग्रहण एक उपच्छाया चंद्र ग्रहण होगा। जिसमें चांद की सतह पर धूल भरी आंधी नजर आएगी। खगोल विज्ञानियों के अनुसार साल का पहला चंद्र ग्रहण यूरोप, एशिया के ज्यादातर हिस्से, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, प्रशांत, अटलांटिक, अंटार्कटिका और हिंद महासागर में दिखाई देगा। जहां तक भारत में इस चंद्र ग्रहण के दिखाई देने का मामला है तो ज्यादातर खगोल शास्त्र के जानकारों और हिंदू पंचांग की गणनाओं के आधार पर यह चंद्र ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा।

**कब से शुरू होगा चंद्र ग्रहण :** साल का पहला चंद्र ग्रहण भारतीय समय के अनुसार आज रात 8 बजकर 44 मिनट से शुरू हो जाएगा। जो आधी रात को यानी 1 बजकर 1 मिनट तक चलेगा। ग्रहण का उच्चतम काल रात 10 बजकर 52 मिनट पर होगा।

**यह एक उपच्छाया चंद्र ग्रहण होगा :** साल का पहला चंद्र ग्रहण उपच्छाया चंद्र ग्रहण होगा। खगोल विज्ञान के अनुसार जब सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है तो तब ये तीनों एक सीधी लाइन में कुछ देर के लिए आ जाते हैं। इस घटना को ही चंद्र ग्रहण कहते हैं। जब पृथ्वी की परछाई सीधी चंद्रमा पर न पड़े तो इसे उपच्छाया चंद्र ग्रहण कहते हैं।

**भारत मे सूतक काल मान्य नही :** पुरोहित ओम पाठक के अनुसार धार्मिक नजरिए से जब भी उपच्छाया चंद्रग्रहण लगता है तो इसको ग्रहण की श्रेणी में नहीं रखा जाता है ऐसे में इस चंद्र ग्रहण का सूतक काल मान्य नहीं होगा। गौरतलब है कि सूर्य ग्रहण के होने पर ग्रहण शुरू होने से 12 घंटे पहले सूतक काल आरंभ हो जाता है। जबकि चंद्र ग्रहण होने पर 9 घंटे पहले सूतक शुरू हो जाता है। सूतक काल में किसी भी तरह के शुभ काम और पूजा-पाठ नहीं की जाती है। सूतक की समाप्ति के बाद ही सभी तरह के धार्मिक कार्य दोबारा से शुरू होते हैं।

## स्कूटी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पलामू।** पलामू जिला के मेदिनीनगर के छहमुहान के पास स्थित पुलिस केंद्र के बाहर से एक महीने पहले चोरी की गयी स्कूटी को पुलिस ने बरामद किया है। साथ ही एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तरहसी थाना क्षेत्र के तेलियाडीह निवासी जितेन्द्र पांडे सिंटू के रूप में हुई है। आरोपी स्कूटी के नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर उसका इस्तेमाल कर रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि टीओपी वन में कार्यरत मुंशी राकेश कुमार अपनी साली की स्कूटी का इस्तेमाल कर रहे थे। 5 अप्रैल को छहमुहान से सटे काली मंदिर के सामने पुलिस केंद्र के दरवाजे पर स्कूटी लगी हुई थी। वहीं से इसकी चोरी कर ली गई। इसी बीच शहर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सद्वीक चौक के आसपास चोरी की गई स्कूटी देखी गई है। मंगलवार की रात करीब 8.30 बजे स्कूटी को बरामद किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने स्कूटी के नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ किया था। वहीं मेडिकल जांच के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## चंदवा : सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच रांची चतरा मुख्य मार्ग पर बुधवार की रात 10 बजे सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गयी। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अशोक गंझू के रुप में हुई है, जबकि घायल युवक की पहचान प्रमोद उरांव के रूप में हुई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि दोनों युवक बाइक में सवार होकर चंदवा जा रहे थे तभी अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से दोनों दुर्घटना के शिकार हो गये। जिसमे एक की मौत घटना स्थल पर हुई जबकि दूसरा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया जबकि घायल युवक को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## आग लगने से घर का समान जलकर हुआ राख

**उंटारी रोड।** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के ग्राम डेवडर में एक घर मे आग लगने से घर का सारा समान जल कर राख हो गया, गृहस्वामी रवींद्र शर्मा ने बताया की बुधवार की रात खाना खा कर सभी लोग सो गए थे। आग कब और कैसे लगी इस बात की जानकारी नहीं है। रात्रि लगभग तीन बजे आग की लपटों से जब अन्य घरों में सोये लोग झुलसने लगे तब आग लगने की जानकारी हुई। ग्रामीणों की सहयोग से काफी देर के बाद जब आग बुझायी गयी तब तक घर में रखा सारा समान जल कर राख हो गया था। गृहस्वामी ने बताया की घर मे रखे गैंहू, चावल, दाल, आटा, सरसो, खाने पीने की सभी समान के साथ पहनने के सभी कपड़े भी जल गये, साथ ही पुत्र मनीष शर्मा के दसवीं, बारहवीं, और आईटीआई के सभी कागजात जल कर राख हो गये। मौके पर पहुंचे बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह ने उंटारी रोड अंचलाधिकारी ललित राम से बात कर मामले की जानकारी दी। अंचलाधिकारी ने कहा की आपदा राहत से जो भी मदद होगी, मिलेगी। मौके पर महमूद अंसारी, एस कुमार यादव, जगन शर्मा, के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## दुकान का ताला तोड़कर एक लाख की चोरी

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला गांव में एनएच 98 किनारे स्थित गल्ले की दुकान के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लगभग एक लाख के सामान की चोरी कर ली। दुकानदार विजयेंद्र साव ने बताया कि बुधवार की रात वे अपनी दुकान बंद करके घर चले गये। गुरुवार की सुबह दुकान का शटर खुला होने की जानकारी मिलने पर दुकान में जाकर देखे कि 23 बोरा राहर, एक बोरा चावल, एक बोरा सरसों तथा दुकान से 3 हजार नगद गायब थे। वहीं दुकान के बाहर खड़े रामाश्रय साव के टेंपो के गेट का शीशा तोड़कर बैटरी तथा टूल कीट की चोरी कर ली गयी। चोरों ने शटर में लगे दो ताला व लॉक को तोड़कर घटना का अंजाम दिया है। पीड़ित दुकानदार ने इसकी सूचना थाना को दी। इसके आधार पर एसआई निर्भय कुमार तथा निरंजन कुमार सिंह ने घटना स्थल पर आकर छानबीन की।

## छेड़छाड़ कर आभूषण व पैसा छीनने का आरोप

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी निवासी शहंशाह आलम की पत्नी शमीमा खातुन ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि वह 02 मई को अपने रिश्तेदार के घर उपरी कलां से अपने घर हुसैनाबाद शहर स्थित राजटोली मोहल्ला वापस आ रहीं थीं। जपला- छतरपुर रोड के पोखरा के पास 2 मई की रात्रि करीब 8:05 बजे पहुंची तो उपरीकला गांव के शाहबाज खान, शाहिद खान व लियाकत खान शमीमा खातून व आठ वर्षीय पुत्र अली के साथ गाली गलौज करने लगे। साथ ही शमीमा के गले की सोने की चेन जिसकी कीमत करीब 50,000 रूपए है । कान का झुमका जिसका कीमत भी करीब 50,000 है, छीन लिया। साथ ही नगद 2800 रुपए भी छीन लेने की बात कही गई है। साथ ही शमीमा खातून ने छेड़ छाड़ का भी आरोप लगाया है। शमीमा के मुताबिक राहगीर के आ जाने के कारण उनकी जान बच पाई। उसके बाद वह किसी तरह भागकर जान बचाई। उन्होंने थाना प्रभारी हुसैनाबाद से मामले में दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। उधर हुसैनाबाद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने कहा है कि केस पंजीकृत कर अनुसंधान शुरू कर दीया गया है।

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंकारी निवासी सरवन भुइयां की पत्नी सरिता देवी उम्र 40 वर्ष की मौत बाइक दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम सरवन भुइयां और उनकी पत्नी सरिता देवी बाइक पर सवार होकर पाटन किसी काम से जा रहे थे। तभी रास्ते में कुडवा मोड़ के पास सरिता देवी बाइक से अचानक गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार की रात उसकी मौत हो गई।

## अफीम की खेती करने के 3 आरोपी गए जेल

**मनिका।** प्रखंड में अफीम की खेती करने के आरोप में मनिका पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी बबलू कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि दिनेश सिंह (38) पिता स्व. भागवती सिंह घर एकता थाना लेस्लीगंज जिला (पलामू), जितेंद्र सिंह (38) एवं राजेश सिंह उम्र (45) दोनों पिता स्व. मुन्नी सिंह घर पटना थाना मनिका जिला (लातेहार) के विरुद्ध अवैध तरीके से पोस्ता/अफीम की खेती करने के आरोप में मनिका थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। छापामारी दल में प्रभारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बबलू कुमार, एसआई मिथिलेश कुमार, एसआई राजकुमार तिग्गा आदि शामिल थे।

## अवैध कोयला लोड वाहन जब्त

**चंदवा।** वन विभाग की टीम ने चंदवा वन क्षेत्र से लोड किये गए एक अवैध कोयला लोड पिकअप वाहन को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त पिकअप वाहन से अवैध धंधा करने वाले लोग धड़ल्ले से अवैध कोयला कारोबार कर रहे थे। अवैध कोयला लदा वाहन के साथ वाहन चालक को भी बोलेरो वाहन से ओवर टेक कर मैक्लुस्कीगंज रांची सड़क से पकड़कर चंदवा वन कार्यालय लाया गया है। वन विभाग के अनुसार वाहन चालक मौके पर से वाहन छोड़ कर भागने में सफल रहा। इस संबंध में जब वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विभाग की गश्ती टीम ने बुधवार की देर रात भगीया से एक पीकअप वाहन जिस पर अवैध कोयला लदा था उसे पकड़ गया है। गुरुवार को उक्त कोयला लदे पीकअप वाहन पर पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## तालाब से अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित पवन एक्का के तालाब में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने पर गांव में मातम पसर गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना के प्रभारी थाना प्रभारी गणेश यादव को मिलते ही पुआनि शर्मा भगत एवं सआनि जमशेद खान दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई। मृतक की पहचान बक्सीडीपा निवासी स्वर्गीय बैजू उरांव के 50 वर्षीय पुत्र रामप्रसाद उरांव के रूप में की गई। वहीं मृतक के पुत्र रंजीत उरांव ने बताया कि पिताजी बुधवार शाम घर से निकले थे, जो देर रात तक घर लौट कर नहीं आए। छानबीन के दौरान गुरुवार सुबह तालाब में शव मिलने की सूचना मिली तो शव देखकर पहचान की।

ज्ञान की बात

दुनिया में कई लोग ऐसे होते हैं जिनके अंदर आत्मविश्वास की कमी होती है, जिसके चलते उन्हें कई बार असफलता का सामना करना पड़ता है। वहीं किसी महान व्यक्ति ने कहा है कि जो लोग खुद पर विश्वास नहीं करते, ऐसे लोग परमात्मा पर भी भरोसा नहीं कर सकते हैं।

- राजेन्द्र कुमार

# मानवता पर कलंक

**झारखंड** में अंधविश्वास का जाल बिछा हुआ है। डायन बिसाही को लेकर जिस तरह से लातेहार के चंदवा में बुजुर्ग दंपती की हत्या कर दी गई,वह मानवता के नाम पर कलंक है। ऐसे में सवाल उठता है कि सरकार ऐसे मामले को क्यों हल्के में लेती है। सच्चाई है कि राज्य में हर समय इस तरह की घटनाओं का घटना आम बात है। लेकिन ऐसे मामले सामने नहीं आते हैं। एफआइआर भी नहीं होती है। कारण इसमें पीड़ित परिवार के लोग भी शामिल होते हैं। दूसरी ओर गांव की एकजुटता देख भयवश लोग पुलिस तक नहीं पहुंच पाते हैं। गांव वाले सोचते हैं कि हमें यहीं रहना है। क्यों बखेड़ा मोल लें। यही कारण है कि आये दिन इस तरह की घटना घटती है। लाठी से पीट-पीटकर हेसला गांव में जिस प्रकार बुजुर्ग दंपती की जान ले ली गई, उससे सवाल उठता है कि हमारी संवेदनायें आखिर ऐसे मामले में क्यों मर जाती है। हमले में मृतकों की बहू भी घायल हो गई। वह किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाने में सफल रही। बीते दिनों हेसला गांव के दो युवकों की मौत लाधुप के समीप एनएच 75 पर सड़क दुर्घटना में हो गई थी। युवकों की मौत के बाद गांव में ओझा गुनी के कारण मौत होने का कयास लगाया गया। दूसरे गांव हेसालोंग का एक ओझा धीरज मुंडा गांव पहुंचा और हेसला के पाहन बुतरू पाहन के साथ मिलकर गांव वालों के साथ बैठक की। बैठक में गांव में हो रही घटनाओं और दोनों युवकों की मौत का जिम्मेदार दोनों बुजुर्ग दंपती को ठहराते हुए लोगों को भड़काने लगा। इसके बाद गांव वालों ने दोनों दंपती को बैठक में बुलाया। बैठक में गांव वाले भी ओझा की बात पर विश्वास कर दंपती पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। हमले में घायल दोनों बुजुर्ग दंपति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की बहू ने बताया कि घटना के वक़्त घर में मेरे सास-ससुर और मैं थी। मेरे पति बाहर कमाने गए हुए हैं। अचानक बैठक में मेरे सास ससुर को बुलाया और उनपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और उन्हें बुरी तरह से पीटने लगे। मैं लोगों के सामने दोनों की जान बचाने के लिए गिड़गिड़ाती रही पर उन्होंने मेरी एक न सुनी और मेरे सास ससुर की पीट-पीटकर जान ले ली। मैंने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। घटना के बाद से महिला इतनी डरी हुई है कि वह उस गांव में वापस नहीं जाना चाह रही है। उसे इस बात का डर है कि कहीं उसके साथ भी ऐसी घटना न दोहरा दी जाये। इससे पूर्व गुमला में भी इस तरह की घटना घट चुकी है। जहां दो दर्जन महिलाओं को उम्र कैद की सजा सुनाई गयी थी। इसके बाद भी ऐसी घटनायें नहीं रूक रही हैं। सरकार एवं क्षेत्र के बुद्धिजीवियों को इस गंभीर समस्या के निराकरण के लिए जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। कारण इस तरह की घटना मानवता को शर्मसार करती हैं।

**लाठी से पीट-पीटकर हेसला गांव में जिस प्रकार बुजुर्ग दंपती की जान ले ली गई, उससे सवाल उठता है कि हमारी संवेदनायें आखिर ऐसे मामले में क्यों मर जाती है। हमले में मृतकों की बहू भी घायल हो गई।**

# जीवन जीने का धर्म





गिरीश्वर मिश्र

**पूजा** और प्रशस्ति के बीच बुद्ध की प्रखर चिंतन प्रक्रिया ओझल या सरलीकृत हो जाती है। उनकी चिंतन प्रक्रिया कोरे वाग्विलास की जगह व्यावहारिक समाधान की ओर उन्मुख थी। जीवन की पीड़ादायी और असंतोषजनक स्थिति उनके विचार-यात्रा का मूल थी। जन्म-मृत्यु के बंधन कारागृह जैसे ही थे। पुनर्जन्म का अनवरत चलने वाला वात्याचक्र दुःख का कारण था और इससे उबरना मुख्य समस्या थी। ईसा पूर्व पाँचवीं सदी में जन्मे महात्मा बुद्ध अपने समय में प्रचलित धर्म-कर्म, विश्वास और जीवन पद्धति की विसंगतियों से क्षुब्ध थे। इतिहास में यह वह काल था जब कृषि की समृद्धि से नगर जन्म ले रहे थे और व्यापार के माध्यम से भारत से बाहर की संस्कृति की जानकारी भी मिल रही थी। बाह्य सम्पर्क से यह भी पता चल रहा था कि जाति विहीन समाज भी होते हैं और संस्कृत के अतिरिक्त और भी भाषाएँ बोली जाती हैं। बढ़ती सामाजिक गतिशीलता के आलोक में नए किस्म के धर्म की आवश्यकता महसूस की जाने लगी थी। तरह-तरह के कर्मकांड थे और आगे चल कर उपनिषद के वेदांत विषयक विचार के प्रतिपादन में अनादि और अनंत ब्रह्म और उसकी प्राप्ति को जीवन के लक्ष्य के रूप में प्रतिष्ठित किए जा रहे थे। जीवन परिवर्तनशील है और ब्रह्म शाश्वत अर्थात निरंतर उपस्थित रहने वाला और इस भाँति अपरिवर्तनीय। उसे शिव (कल्याणकारी) के रूप में प्रतिपादित किया गया। संभवतः ब्रह्म के साथ तादात्म्य के जरिए अमरता की प्राप्ति की अवधारणा शिवत्व का आधार थी।

महात्मा बुद्ध ने हमारे अनुभव जगत की परिवर्तनशीलता और अनित्यता के घोर सत्य को स्वीकार किया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी लक्ष्य किया कि हमारे सुख-संतोष के क्षण भी आसन्न मृत्यु की पृष्ठभूमि में अस्थायी हो जाते हैं। परिवर्तन में दुःख, कुंठा और असंतोष भी स्वभावतः आ जाते हैं। महात्मा बुद्ध के विचार में जीवन के तीन लक्षण हैंः उसका अस्थायित्व, संतोष का अभाव और आत्मा की अनुपस्थिति। चीजें अस्थायी हैं इसलिए असंतोष होगा और वे आत्मा नहीं हो सकतीं क्योंकि उसे स्थायी और शाश्वत माना गया था। यदि आत्मा है जो परिवर्तित नहीं होता जो वह हमारे जीवन में, जो सतत परिवर्तनशील है, भाग ही नहीं ले सकता और हमें उसका किसी तरह की प्रतीति या अनुभव भी नहीं हो सकता। अनुभव तो कार्य और कर्म के परिणाम का ही होता है या हो सकता है जिसका चक्र निर्वाण मिलने तक चलता ही रहता है। ध्यान रहे कि ह्यअनात्तह्व कह कर अस्तित्व की निरंतरता को नकारते हुए बुद्ध व्यक्ति को उसकी नैतिक जिम्मेदारी से मुक्त या बरी नहीं करते। हमारी निरंतरता (आत्मा की जगह) कर्म में बनी होती है। उपनिषद के चिंतन में जो स्थायी है अधिक महत्व का और वास्तविक यानी सत्य है और दूसरी ओर जो बदलता है वह कमतर सत्य है। अपरिवर्तनशील आत्मा का अस्तित्व है। बुद्ध इसके विपरीत खड़े होते हैं। कर्म का शाब्दिक अर्थ है कार्य या क्रिया। कर्म का बाद में भविष्य में अच्छा या बुरा परिणाम होता है जैसे- किसान खेत में बीज बोते हैं और बाद में चल कर फसल काटते हैं। बुद्ध के लिए कर्म भौतिक न था। वह कर्म को उसके पीछे की भावना या मंतव्य से जोड़ते हैं जो नैतिक या अनैतिक हो सकती है। पर हम जीवन का आरम्भ साफ स्लेट से नहीं करते। हम अपने अतीत के कर्मों के दाय से युक्त होते हैं। यदि नैतिक रूप से अच्छी भावना हो तो मन शुद्ध रहता है। नैतिक आदमी ध्यान द्वारा चित्त को शुद्ध कर सकता है तब स्वार्थी मनोवृत्तियों से मुक्त हो कर बुद्धि निर्मल हो जाती है। महात्मा बुद्ध ने चार आर्य सत्य बताए। उनमें पहला यह है कि सभी प्राणी दुःख का अनुभव करते हैं। दूसरा यह है कि दुःख का कारण होता है। वह है इच्छाएँ होना। इच्छाओं का पूरा न होना दुःख का कारण बनता है। दुःख से मुक्ति की राह है इच्छाएँ न करना। चौथा इसका उपाय है अष्टांगिक मार्ग जो सम्यक आचरण, आदि हैं। हम स्वयं अपने लिए उत्तरदायी हैं।

**बढ़ती सामाजिक गतिशीलता के आलोक में नए किस्म के धर्म की आवश्यकता महसूस की जाने लगी थी। तरह-तरह के कर्मकांड थे और आगे चल कर उपनिषद के वेदांत विषयक विचार के प्रतिपादन में अनादि और अनंत ब्रह्म और उसकी प्राप्ति को जीवन के लक्ष्य के रूप में प्रतिष्ठित किए जा रहे थे।**

इन दिनों

महात्मा बुद्ध खुद को इच्छाओं के बाण को बाहर निकालने वाले शल्य चिकित्सक की तरह व्यक्त करते हैं। वे यह भी कहते हैं कि जैसे समुद्र का स्वाद नमकीन होता है उनकी शिक्षाओं में सिर्फ मुक्ति का संदेश है। वे यह भी कहते हैं कि संदेह होने पर किसी और पर नहीं बल्कि अपने साक्षात अनुभव को प्रमाण मानें। बुद्ध ने यह कहा कि हमारे जीवन और अनुभव में जो कुछ है वह केवल प्रक्रिया है और सभी चीजें कारणों से जुड़ी होती हैं। अर्थात विश्व का न कोई आदि है न सर्जक। कुछ भी कारण से स्वतंत्र नहीं है। प्रक्रियाएं यादृच्छिक (रैंडम) नहीं हैं न ही पूरी तरह पूर्वनिश्चित हैं। वे पूर्व दशाओं की सीमा में होती हैं। यदि चुनने का विकल्प न हो तो नैतिकता का ही लोप हो जायगा। कर्म को केंद्र में ला कर महात्मा बुद्ध ने आत्मा के विचार के स्थान पर, जो स्थिर और नैतिकता से रहित था, उसकी जगह एक प्रक्रिया के विचार को स्थापित किया जिनका अवलोकन किया जा सकता है और जो अनुभवगम्य है। यह प्रक्रिया परिवेश के साथ सतत अंत क्रिया करती रहती है और व्यक्ति को प्रभावित करती है। महात्मा बुद्ध कोरे सिद्धांतकार न थे। उनहोने जीवन जीने के अनेक सूत्र भी दिए हैं। 'धम्म पद' में इनका सुंदर संकलन मिलता है। मनुष्य के आचरण के लिए मन की प्रधानता बतलाते हुए वे कहते हैंः मनो पुब्बंगमा धम्मा मनोसेट्ठा मनोमया अर्थात सब कुछ मन से शुरू होता है और मनोमय है। अगर कोई दुष्ट मन से बोलता या करता है तो दुःख उसका पीछा करता है वैसे ही जैसे बैलगाड़ी का पहिया उसे खींचने वाले बैल के पीछे पीछे चलता है। इसके विपरीत यदि कोई प्रसन्न मन से बोलता या कुछ करता है तो सुख उसके पीछे-पीछे अनुसरण करता है जैसे आदमी की परछाई उसके साथ-साथ रहती है। यदि मन में किसी के प्रति कोई गांठ बांध ली जाय तो उसके प्रति द्वेष या वैर का भाव कभी कम नहीं होता। महात्मा बुद्ध का दृढ़ विचार है कि अवैर से ही वैर समाप्त होता है। महात्मा बुद्ध का जीवन-दर्शन आज भी प्रासंगिक है। वे कहते हैं कि पृथ्वी पर सभी प्राणियों का जीवन नश्वर है परंतु अक्सर लोग यह बड़ा तथ्य भूल जाते हैं। जो यह जानता है कि इस दुनिया से विदाई अनिवार्य है उसके मन में दूसरों के प्रति कटुता दूर हो जाती है, आसक्ति जैसी अग्नि नहीं रहती और द्वेष जैसा मल भी नहीं एकत्र होता है। इसी तरह यदि जीवन में अपरिग्रह (यानी जरूरत से ज्यादा संग्रह न करना) आ जाय तो लोग सुखी जीवन बिता सकेंगे। पारस्परिक सम्बन्धों के बारे में धम्म पद में कहा गया है कि ह्य विजय से दूसरे के साथ वैर जन्म लेता है और पराजित आदमी दुःख की नींद सोता है किंतु जो जय और पराजय दोनों से परे रहता है वह चैन से सुख की नींद सोता है। शांति से बड़ा कोई सुख नहीं होता : नत्थि संतिपरं सुखं। महात्मा बुद्ध की सीख है कि अक्रोध से क्रोध को, भलाई से दुष्ट को, दान से कंजूस को और सच से झूठ को जीतना चाहिए। चूंकि सबको अपना जीवन प्रिय होता है और सब जीव अपने लिए सुख की कामना करते हैं इसलिए महात्मा बुद्ध कहते हैं कि आदमी अपने ही तरह सबका सुख-दुःख जान कर न तो खुद ही किसी को मारे और न दूसरों को किसी को मारने के लिए उकसाए। मनुष्य जीवन में आरोग्य या स्वास्थ्य आज सबसे बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इस संदर्भ में जीवनचर्या पर महात्मा बुद्ध के विचार ध्यान देने योग्य हैं।

बोधि वृक्ष

## आईए सुनें भगवान बटुक भैरव की कथा

समय में वाराणसी स्थित कपाल मोचन तीर्थ है। इसी कथा से सम्बंधित बाबा कपाल भैरव के जन्म की कथा है जिसके बारे में मैं आपको आगे बताऊंगा अभी हम बाबा बटुक भैरव की जन्मकथा के बारे में जानते हैं। बाबा बटुक भैरव के जन्म की कथा- आप सभी को उस कथा का ज्ञान होगा जब परमेश्वरि महाकाली को शांत करने के लिए परमेश्वर भगवान् शिव माता के चरणों के नीचे लेट गए थे तब माता काली को जिस पश्चाताप ने घेरा था उसके कारण माता ने भगवान् शिव से ये वचन लिया था की आज के उपरांत वो कभी उनके सामने भूमिशायी नहीं होंगे। तब भगवान् ने उन्हें वचन दे दिया परन्तु कालांतर में जब माता ने दारुक नमक असुर का संघार करने के लिए पुनः काली स्वरुप धारण किया और वो नियंत्रण से बाहर हो गयी तो भगवान् ने वचनबंधित होने के कारण एक नन्हें से बालक का रूप धारण किया और माँ माँ कह कर काली माँ को पुकारना आरम्भ किया। बालक की करूण पुकार को सुन कर माँ काली का ह्रदय द्रवित हो गया और वो अपना आक्रोश भूलकर उसे गोद में लेकर लाड-प्यार करने लगी और उनका क्रोध शांत होकर उनका उग्र रूप शांत हो गया तब उस बालक से माँ ने पूछा की तुम कौन हो? तो उस बालक ने उत्तर दिया की मै शिव हूँ तुम्हें शांत करने के लिए मैंने ये बटुक रूप धारण किया है। बटुक का अर्थ होता है बाल रूप। तब माता ने कहा कि आप अपने पूर्व रूप को धारण करिए। तब भगवान् शिव अपने शिवरूप में आ गए। तब माता ने उनसे पुनः आग्रह किया की आप अपने भीतर से उस बटुक रूप को बहार निकालिए। तो भगवान् शिव ने उनसे इसका कारण पूछा। इस पर उन्होंने कहाँ की उस स्वरूप में आपने मुझे माँ कहाँ है? आप तो मेरे स्वामी हैं पुत्र नहीं हो सकते। तब परमेश्वर ने पुनः बटुक रूप को प्रकट किया। तब माता ने उनसे कहा की आपने इस बटुक *(क्रमशः)*

# भुखमरी से छुटकारा कब?



रमेश सर्राफ धमोरा

**आधुनिक** युग में भी भुखमरी से लोगों की मौत की खबरें आती रहती हैं। दुनिया भर के देशों में लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। यह एक डरावना सत्य है। एक ओर जहां लोगों के रहन-सहन, जीवन-यापन के स्तर में काफी बदलाव देखने को मिलता है। लोग पहले की अपेक्षा अधिक सुख-सुविधाओं के साथ जीवन-यापन कर रहे हैं। वहीं, एक तबका ऐसा भी है जिनको खाने को भरपेट भोजन भी नहीं मिल रहा है। भोजन के अभाव में लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। 21वीं सदी में आधुनिक होते जा रहे लोगों के लिए भुखमरी से होने वाली मौत एक करारे तमाचे से कम नहीं है। जब तक दुनिया के हर इंसान को दोनों वक्त भरपेट भोजन नहीं मिलेगा तब तक सारी तरक्की बेमानी है। खाद्यान्न वितरण प्रणाली में सुधार तथा अधिक पैदावार के लिए कृषि क्षेत्र में निरंतर नये अनुसंधान के बावजूद भारत में भुखमरी के हालात बदतर होते जा रहे हैं। वैश्विक भूख सूचकांक के आंकड़ों के मुताबिक 2022 में भारत 121 देशों कि सूची में 107 वें स्थान पर पहुंच गया है। 121 देशों की सूची में श्रीलंका 64 वें, म्यांमार 71 वें, नेपाल 81 वें, बांग्लादेश 84 वें, पाकिस्तान 99 वें, अफगानिस्तान 109 वें स्थान पर है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स के प्रकाशकों ने भारत में 'भूख' की स्थिति को गंभीर बताया है। हालांकि भारत ने वैश्विक भूख सूचकांक 2022 को खारिज किया है। भारत ने इस रिपोर्ट को लेकर कहा है कि यह देश की छवि खराब करने का प्रयास है। सरकार ने कहा कि भूख सूचकांक रिपोर्ट न केवल जमीनी हकीकत से अलग है। इस रिपोर्ट में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को जानबूझकर अनदेखा किया गया है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत के खराब प्रदर्शन की बात करें तो यह बीते कुछ सालों से लगातार जारी है। 2017 में इस सूचकांक में भारत का स्थान 100 वां था। साल 2018 के इंडेक्स में भारत 119 देशों की सूची में 103 वें स्थान पर रहा। वहीं 2019 में देश 117 देशों में 102 वें स्थान पर रहा था। वर्ष 2020 में भारत 94 वें स्थान पर था। 2021 में 116 देशों की सूची में 101 वें स्थान पर था। वैश्विक स्तर पर भूख के खिलाफ प्रगति हाल के वर्षों में काफी हद तक स्थिर रही है। 2014 में 19.1 की तुलना में 2022 में 18.2 के वैश्विक स्कोर के साथ केवल मामूली सुधार हुआ है।

ग्लोबल हंगर इंडेक्स स्कोर की गणना चार संकेतकों पर की जाती है। जिनमें अल्पपोषण, कुपोषण, बच्चों की वृद्धि दर और बाल मृत्यु दर शामिल हैं। वर्तमान ग्लोबल हंगर इंडेक्स अनुमानों के आधार पर पूरी दुनिया और विशेष रूप से 47 देश- 2030 तक लक्ष्य के निम्न स्तर को प्राप्त करने में विफल रहेंगे। इसमें यह भी कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा पर कई मोर्चों पर बिगड़ती स्थितियां, वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन से संबंद्ध मौसम के बदलाव और कोविड -19 महामारी से जुड़ी आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भुखमरी को बढ़ा रही हैं। सहायता कार्यों से जुड़ी आयरलैंड की एजेंसी कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी के संगठन वेल्ट हंगर हिल्फ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई रिपोर्ट में भारत में भूख के स्तर को चिंताजनक बताया गया है। रिपोर्ट तैयार करने के लिए डेटा संयुक्त राष्ट्र के अलावा यूनिसेफ, फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन समेत कई एजेंसियों से लिया गया हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में लोग कोविड -19 और महामारी संबंधी प्रतिबंधों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट में भुखमरी की स्थिति के लिहाज से दुनिया के 121 देशों को खतरनाक, अत्यधिक खतरनाक और गंभीर जैसी तीन श्रेणियों में रखा गया है। इनमें भारत गंभीर की श्रेणी में है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की इस स्थिति के कारण ही दक्षिण एशिया का प्रदर्शन हंगर इंडेक्स में और बिगड़ा है। भारत एक ऐसा देश जो अगले एक दशक में दुनिया के सर्वाधिक प्रभावशाली देशों की सूची में शामिल हो सकता है। वहां से ऐसे आंकड़े सामने आना बेहद चिंतनीय माना जा रहा है।

**खाद्यान्न वितरण प्रणाली में सुधार तथा अधिक पैदावार के लिए कृषि क्षेत्र में निरंतर नये अनुसंधान के बावजूद भारत में भुखमरी के हालात बदतर होते जा रहे हैं।**

देश-दुनिया

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# गैस आधारित अर्थव्यवस्था के लिए युक्तिकरण और सुधार



हरदीप एस पुरी

**मोदी** सरकार भारतीय उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए कई उपाय कर रही है। जनवरी, 2021 से फरवरी, 2023 के बीच अंतरराष्ट्रीय गैस की कीमतों में 228% की आश्चर्यजनक वृद्धि के बावजूद, भारत में सीएनजी की कीमतों में वृद्धि को 83% तक सीमित रखा गया है, जो वैश्विक वृद्धि का केवल एक तिहाई है। राजनीतिक तौर पर विरोध कहने वाले, बढ़ती कीमतों की आलोचना करने की हड़बड़ी में, यह देखने में विफल रहते हैं कि अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत ने अपने नागरिकों को अत्यधिक मूल्य अस्थिरता से बचाने के लिए कितने अच्छे कदम उठाये हैं। घरेलू प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम), गैस आवंटन को बढ़ाने और गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से परिवहन और घरेलू क्षेत्रों में गैस की आपूर्ति करने जैसे सक्रिय उपायों के माध्यम से दूरदर्शी शासन-व्यवस्था ने इसे संभव बनाया है। हाल ही में, महत्वपूर्ण एपीएम गैस मूल्य निर्धारण सुधारों की एक श्रृंखला को मंजूरी देने से संबंधित कैबिनेट निर्णय इस उद्देश्य को और आगे बढ़ाएगा। इन सुधारों के द्वारा दो प्रमुख लक्ष्यों को हासिल किया गया है - पहला, अत्यधिक मूल्य अस्थिरता से भारतीयों की रक्षा करना और गैस आधारित क्षेत्रों में योजनाबद्ध पूंजीगत व्यय से जुड़े निवेश के लिए स्पष्ट रूपरेखा प्रदान करना और दूसरा, अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) में नवाचार और निवेश को और बढ़ावा देना। नए घरेलू गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश, 2014 की सीमाओं के कारण युक्तिकरण और सुधार (आर एंड आर) की आवश्यकता सामने आयी, जो हाल तक, चार अंतरराष्ट्रीय केंद्रों पर गैस की मात्रा-भारित औसत कीमत के आधार पर एपीएम की कीमतों को निर्धारित करती थी। इन कीमतों का प्रभाव एक महत्वपूर्ण समय अंतराल (6-9 महीने) के बाद पड़ता था और इससे कीमतों में उच्च अस्थिरता मौजूद रहती थी, यहां तक कि पिछले कुछ वर्षों में दो उत्पादक देशों की गैस हब कीमतों ने अपनी प्रासंगिकता खो दी है। उदाहरण के लिए, अक्टूबर 2020 और सितंबर 2021 के बीच एपीएम मूल्य 1.79 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रहा, जो नामित क्षेत्रों के लिए 3.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की उत्पादन लागत से बहुत कम है। इस अवधि के दौरान, पश्चिम भारत में एलएनजी की कीमतों का औसत लगभग 11 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रहा था। संक्षेप में, घरेलू उत्पादन को एलएनजी की कीमतों के 20% से भी कम मूल्य प्राप्त हुआ। हालांकि, रूस-यूक्रेन संकट के बाद अंतरराष्ट्रीय हब की कीमतों में 400% की वृद्धि के कारण सितंबर 2021 में उक्त एपीएम की कीमतें सितंबर 2021 के 1.79 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से बढ़कर अक्टूबर 2022 में 8.57 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू हो गईं, जिसका उर्वरक, बिजली और सिटी गैस वितरण (सीजीडी) क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

सरकार ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं के साथ-साथ राष्ट्रीय तेल कंपनियों को इस तरह की अस्थिरता से बचाने का फैसला किया, एपीएम की कीमतों को मासिक आधार पर निर्धारित किए जाने वाले भारतीय क्रूड बास्केट मूल्य के 10% पर रखने के साथ-साथ नामांकन क्षेत्रों के लिए 6.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के अधिकतम सीमा और 4.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की न्यूनतम सीमा तय की गयी। अधिकतम सीमा पिछले 20 वर्षों के भारतीय कच्चे तेल की कीमत (लगभग 65 डॉलर प्रति बीबीएल) के 10% पर निर्धारित की गई है, जबकि न्यूनतम मूल्य का निर्धारण, नामांकन क्षेत्रों से गैस उत्पादन के लिए लगभग 3.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के उत्पादन की सीमांत लागत पर विचार करता है।

**घरेलू प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम), गैस आवंटन को बढ़ाने और गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से परिवहन और घरेलू क्षेत्रों में गैस की आपूर्ति करने जैसे सक्रिय उपायों के माध्यम से दूरदर्शी शासन-व्यवस्था ने इसे संभव बनाया है।**

राजनीति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# चंद्रगहण पर भूलकर भी न करें ये काम, बुद्ध पूर्णिमा के दिन लग रहा साल का पहला चंद्र ग्रहण

बुद्ध पूर्णिमा वाले दिन यानी की 5 मई 2023 को साल का पहला चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। चंद्रग्रहण के दौरान कई ऐसे काम होते हैं, जिनको करने से बचना चाहिए। क्योंकि ग्रहण के समय नकारात्मक ऊर्जा अधिक प्रभावी होती है। बुद्ध पूर्णिमा वाले दिन यानी की 5 मई 2023 को साल का पहला चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। रात 8 बजकर 45 मिनट से चंद्र ग्रहण की शुरूआत होगी और वहीं रात 1 बजे इसकी समाप्ति होगी। बता दें कि साल के पहले चंद्र ग्रहण को सेंट्रल एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, यूरोप, प्रशांत अटलांटिक, अंटार्कटिका और हिंद महासागर में देखा जा सकेगा। भारत में यह चंद्रग्रहण नहीं दिखेगा। इसलिए इसका सूतक काल नहीं मान्य होगा और न ही इसका प्रभाव होगा।

हालांकि ज्योतिष शास्त्र में चंद्रग्रहण की घटना को शुभ नहीं माना जाता है। इसलिए चंद्र ग्रहण के दौरान होने के बाद कुछ ऐसे कार्य होते हैं जिनको करने से बचना चाहिए। वहीं कुछ ऐसे कार्य होते हैं जिनको करने से नकारात्मक प्रभाव कम होता है। तो आइए जानते हैं कि चंद्रगहण के दौरान किन कार्यों को करने से बचना चाहिए और चंद्र ग्रहण की समाप्ति के बाद कौन से कार्य करने चाहिए।



चंद्र ग्रहण के मोक्षकाल यानी समाप्ति के बाद पानी में गंगा जल डालकर स्नान आदि करना चाहिए। इसके साथ ही सभी देवी-देवताओं को भी स्नान करवाएं। फिर पानी में नमक डालकर पूरे घर में पोछा लगाने से ग्रहण का नकारात्मक असर कम होता है। मान्यता के अनुसार, इन कार्यों को करने से ग्रहण की नकारात्मक ऊर्जा कम होती है।

चंद्रग्रहण की समाप्ति के बाद घर, दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान की साफ-सफाई करनी चाहिए। हर स्थान पर गंगाजल का छिड़काव करें। इसके अलावा यदि घर के आसपास कोई मंदिर हो, तो उसकी भी साफ-सफाई करें। शास्त्रों के अनुसार, चंद्रग्रहण के बाद दान-पुण्य करना शुभ होता है। इसलिए चंद्रग्रहण खत्म होने के बाद चंद्रमा से संबंधित सफेद चीजों जैसे- दूध, दही, सफेद मिठाई, चावल, सफेद कपड़े आदि का दान करें। इसके अलावा चंद्रग्रहण के दौरान भोजन में तुलसी की पत्तियां डालें।

## चंद्रग्रहण में क्या न करें

ग्रहण के दौरान देवी-देवताओं की पूजा-पाठ नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से धर में दरिद्रता और नकारात्मकता का वास होता है।

चंद्र ग्रहण के दौरान घर के मंदिर के दरवाजों को बंद कर देना चाहिए।

ग्रहण के दौरान श्मसान या सुनसान जगह पर अकेले नहीं जाना चाहिए। क्योंकि इस दौरान नकारात्मक शक्तियां काफी ज्यादा हावी रहती हैं। ग्रहण के दौरान नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव बढ़ जाता है। इसलिए इस दौरान अपने घर पर ही रहना चाहिए।

चंद्र ग्रहण के दौरान किसी भी व्यक्ति को नए काम की शुरूआत करने से बचना चाहिए। इसलिए किसी भी शुभ व मांगलिक कार्य को इस दौरान न करें। क्योंकि ग्रहण के दौरान नकारात्मक ऊर्जा अधिक प्रभावी होती है।

ग्रहण के दौरान गर्भवती महिलाओं को ग्रहण की छाया से दूर रहना चाहिए व भगवान का स्मरण करना चाहिए। साथ ही व्यक्ति को सोने, नाखून या बाल काटने, सुई-धागा आदि के इस्तेमाल से बचना चाहिए। इस दौरान कुछ भी खाने-पीने से बचना चाहिए।

# डिप्रेशन के इन लक्षणों की पहचान कर बचा सकते हैं कई जिंदगियां

कई बार ऐसी खबरें सुनने को मिलती हैं, जो हमें अंदर तक हिला कर रख देती हैं। जैसे हाल-फिलहाल भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे का सुसाइड केस। अगर आपके पास भी कोई ऐसा व्यक्ति है, जो डिप्रेशन से जूझ रहा है, तो आप उसकी इन तरीकों से मदद कर सकते हैं। बीते कुछ समय से हमें कुछ ऐसी खबरें सुनने को मिल रही हैं। जिन बार एक बार में तो यकीन करना मुश्किल हो जाता है। जैसे हाल ही में भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे ने आत्महत्या कर ली। कई बार लोग डिप्रेशन या तनाव की वजह से अपनी जान दे रहे हैं। न सिर्फ आकांक्ष दुबे बल्कि उनसे पहले भी कई जाने-माने कलाकारों ने मौत को गले लगाकर लोगों को हैरान कर दिया। लेकिन ऐसा क्या कारण होता है, जिसके कारण लोग सुसाइड जैसा बढ़ा कदम उठा लेते हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसी ही वजहों के बारे में, जो व्यक्ति को सुसाइड जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर कर देती हैं।

## सुसाइड के कारण

दुनियाभर में बीते कुछ समय से खुदकुशी एक चिंता का विषय बना हुआ है। लगभग हर वर्ग के लोग अपनी जिंदगी से हताश होकर जान दे रहे हैं। आमतौर पर सुसाइड का मुख्य कारण डिप्रेशन माना गया है। लेकिन यह भी जरूरी नहीं है कि इसकी कोई एक वजह हो। कई अन्य कारणों से भी परेशान लोग आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। आत्महत्या के पीछे कुछ प्रमुख कारण हैं। आइए जानते हैं इन कारणों के बारे में...

तनाव
डिप्रेशन
एंग्जायटी
अकेलापन
साइकैट्रिक डिसऑर्डर

## तनावग्रस्त व्यक्ति की ऐसे करें पहचान

अकेले रहना
चिड़चिड़ापन
मूड्स स्विंग
नींद नहीं आना
नर्वस होना
स्वयं को अयोग्य या दोषी मानना
जीवन से अरूचि हो जाना
वजन में उतार चढ़ाव
किसी भी काम में मन नहीं लगना
दिन भर और खासकर सुबह के समय उदासी
लोगों से मिलने से कतराना
बारझबार मृत्यु या आत्महत्या के विचार आना



## ऐसे करें इन लोगों की मदद

अगर आप भी अपने आसपास किसी व्यक्ति में इस तरह के लक्षण देख रहे हैं। तो हो सकता है कि वह व्यक्ति डिप्रेशन से गुजर रहा हो और तनाव फील कर रहा हो। ऐसी स्थिति में आप उनकी मदद कर सकते हैं। डिप्रेशन से गुजर रहे व्यक्ति के लिए बेहतर होगा कि आप उनकी बातों को सुनें। बता दें कि जो व्यक्ति डिप्रेशन से गुजर रहा होता है, वह कोई समाधान या जवाब नहीं चाहता है। ऐसा व्यक्ति किसी ऐसे सुरक्षित स्थान को चाहता है। जहां पर वह अपनी चिंताओं और भय को खुलकर व्यक्त कर सके। जहां पर लोग उसकी बात को सुनें। नीचे बताए गए तरीकों से आप भी अवसादग्रस्त व्यक्ति की मदद कर सकते हैं।

ऐसे में व्यक्ति की बातों को आपको बेहद ध्यान से सुनना चाहिए।

बातों को सुनने के अलावा वह जो बता रहे हैं, उसके पीछे उनकी फीलिंग्स को समझने का प्रयास करें।

तनाव से गुजर रहे व्यक्ति की मदद करने के लिए जरूरी है कि आप उनकी चीजों को उनके दृष्टिकोण से देखें।

## विश्वासपात्र व्यक्ति

निराश और हताश व्यक्ति की बातें सुनने के बाद उनकी भावनाओं का सम्मान करें। डिप्रेशन से गुजर रहा व्यक्ति चाहता है कि उनके द्वारा कही गई बातों को गुप्त रखा जाए। साथ ही उनकी बातें सुनने के दौरान उन पर हावी होने का प्रयास न करें।

## बात को सुनें

डिप्रेशन से गुजर रहा व्यक्ति अपने जीवन से निराश व हताश हो जाता है। ऐसे में उसे एक ऐसे विश्वासपात्र व्यक्ति की तलाश होती है, जो उसकी बातों को ध्यान से सुनें। कोई ऐसा व्यक्ति को जो बिना किसी राय, निर्णय या सलाह के तनाव से जूझ रहे व्यक्ति की बातों को सुनें।

## ध्यान और ख्याल रखने वाला व्यक्ति

तनावग्रस्त व्यक्ति अपने आसपास किसी ऐसे शख्स को चाहता है, जो जरूरत पड़ने पर उसके साथ मौजूद हो, उन्हें मानसिक तौर पर शांति दे सके। ऐसे लोग चाहते हैं कि कोई उनका विश्वास जीत सकें और उन्हें यह एहसास दिलाएं कि वह भी उनकी परवाह करता है।

डिप्रेशन से पीड़ित व्यक्ति को इन चीजों से बचाएं

डिप्रेशन की समस्या से जूझ रहे व्यक्ति को जितना हो सके अकेले न रहने दें।


अगर कोई आपसे अपने मानसिक तनाव के बारे में या परेशावनी आदि के बारे में बता रहा है, तो उसे सलाह नहीं दें।

मानसिक तनाव से परेशान व्यक्ति की किसी से तुलना, वर्गीकरण, विश्लेषण या आलोचना न करें। उनको आश्वासन देने से बचना चाहिए।

यदि कोई व्यक्ति आपके सामने जान देने, या सब कुछ खत्म करने के बारे में बोले, तो इसे नजरअंदाज करने की गलती न करें।

❖ अनन्या मिश्रा

# बच्चों को स्क्रीन के सामने बैठाने से हेल्थ पर पड़ता है बुरा असर



आजकल की भागदौड़ भरी लाइफ में पैरेंट्स बच्चों के साथ ज्यादा समय नहीं बिता पाते हैं। वहीं कई बार अपने कामों को निपटाने के लिए पैरेंट्स बच्चों को फोन या टीवी में लगा देते हैं। लेकिन डॉक्टर का कहना है कि ऐसा करने से बच्चों की सेहत पर इसका बुरा असर पड़ता है। इस बात में कोई शक नहीं है कि आजकल की भागदौड़ भरी और बिजी लाइफस्टाइल के चलते मां-बाप अपनी जिंदगी में बहुत व्यस्त रहने लगे हैं। अपने कामों को निपटाने के लिए अक्सर पैरेंट्स बच्चों को टीवी या फोन में लगा देते हैं। देखा जाए तो ऐसा हर पैरेंट्स करने लगे हैं। जबकि माता-पिता यब बहुत अच्छे से जानते हैं कि ज्यादा स्क्रीन देखना बच्चों की आंखों और सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। भुवनेश्वर से केयर हॉस्पीटल की पीडियाट्रिशियन डॉक्टर ममता पांडा ने जानकारी देते हुए बताया कि टीवी या स्क्रीन टाइम से टॉडलर उम्र में बच्चों पर नेगेटिव असर पड़ सकता है?

**क्या कहती हैं डॉक्टर :** डॉक्टर ममता के अनुसार, कई रिसर्चों में यह खुलासा हुआ है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम का बच्चे के विकास पर गहरा असर पड़ता है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के मुताबिक दो साल से कम उम्र के बच्चे को स्क्रीन से बिलकुल दूर रखना चाहिए। वहीं 5 साल तक की उम्र के बच्चे को पूरे दिन में सिर्फ 1 घंटे स्क्रीन देखने के लिए दिया जा सकता है।

**ज्यादा स्क्रीन देखने के नुकसान :** डॉक्टर ममता बताती हैं कि ज्यादा देर तक स्क्रीन देखने से बच्चों की सोशल-कॉग्नीटिव और बिहेवरियल टेस्ट में परफॉर्मेंस घटने लगती है। वहीं बच्चों द्वारा जब स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताया जाता है तो उनकी हेल्दी स्लीप पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। इससे बच्चे में अटेंशन डेफिसिट प्रॉब्लमों का खतरा बढ़ाने के साथ ही बच्चे एंग्जायटी, मोटापा और डिप्रेशन आदि का भी शिकार हो सकते हैं।

**टीवी देखने के नुकसान :** डॉ. ममता ने जानकारी देते हुए बताया कि स्क्रीन टाइम की वजह से टॉडलर उम्र में बच्चे वायलेंस को भी अपना सकते हैं। क्योंकि बच्चों को कई बार ऐसा लगता है कि मुश्किल होने पर या मुश्किलों से डील करने के लिए एक तरीका वायलेंस भी है। जिससे बच्चों के इमोशनल विकास पर इसका बुरा असर देखने को मिल सकता है। इसके अलावा इसका असर उनकी पढ़ाई पर भी पड़ता है। डॉ. ममता पैरेंट्स को सलाह देते हुए कहती हैं कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को टीवी, मोबाइल, कंप्यूटर और टैबलेट आदि बिलकुल भी नहीं देना चाहिए।

**क्या करें पैरेंट्स :** इसके अलावा डॉ. ममता कहती हैं कि अचानक से बच्चों को स्क्रीन टाइम से दूर नहीं करना चाहिए। क्योंकि इससे बच्चे के हेल्दी विकास पर असर पड़ने की संभावना होती है। अचानक से उन्हें स्क्रीन से दूर करने से फायदा होने की जगह नुकसान भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ पैरेंट्स को भी टीवी देखनी चाहिए। लेकिन स्क्रीन टाइम को लिमिट में रखें। इसके अलावा बच्चों को आउटडोर एक्टिविटीज जरूर करवाएं। इससे टॉडलर बच्चों पर स्क्रीन से पड़ने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## सूडोकु नवताल- 6690

✶✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |


■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6689 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

05 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.03 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मिथुन | 08.01 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | कर्क | 10.15 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.31 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 14.43 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | तुला | 16.53 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.08 ब.से |
| राहु | मेष में | धनु | 21.24 बजे से |
| केतु | तुला में | मकर | 23.29 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.16 बजे से |
| 10.30 से | | मीन | 02.49 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मेष | 04.19 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 125 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 23.04 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** स्वाती 21.39 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 09.16 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 11.28 बजे तदनन्तर बव 23.04 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 07' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871604 **जूलियन दिन** 2460069.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** सव्वाल **तारीख** 14 **विशेष** बुद्ध पूर्णिमा(बुद्ध जयंती), चैत्र पूर्णिमा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7752

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | |
| ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | ■ |
| 14 | | | ■ | 15 | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | 21 | ■ | | ■ | | ■ | 22 | |
| ■ | 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1.सरस्वती-3
3.किनारा,तट-3
5.मूल्य,कीमत-2
6.उस समय-2
8.प्रबंध,व्यवस्था-4
10.नमक-3
11.अधीन,मातहत-3
12.संज्ञा,संबोधन-2
13.मार्ग,रास्ता-2
14.तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
16.धुन,आसक्ति-3
18.जमानत-4
20.रहस्य-2
22.पुत्र,तनय-2
23.मुलायम-3
24.गंवार,अनपढ़-3

### ऊपर से नीचे

1.संध्या,सांझ-2
2.असुर,दैत्य-3
3.शोरबा,रसा-3
4.बुरी आदत-2
5.प्रवेश,एडमिट-3
7.वर यात्रा,दूल्हे का जुलूस-3
8.प्रियतम,साजन-4
9.अनाज-2
11.सनसनी,रोमांच-4
14.तृतीय-3
15.सच्चाई,सत्य-2
17.जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18.मुंशी,दीवान-3
19.रवैया,तरीका-3
21.आम जनता-2
22.लता,लतिका-2

### शब्द पहेली -7751 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ना | ह | र | ■ | ■ | आ | ■ | सी |
| टॉ | ■ | म | ■ | फ | स | ल | ■ | ल |
| क | म | ला | क | र | ■ | म | ही | न |
| ■ | ■ | व | ■ | क | म | ■ | र | ■ |
| ब | ना | र | स | ■ | द | र | क | ना |
| ■ | जु | ■ | म | य | ■ | ख | ■ | ■ |
| अ | क | ल | ■ | तौ | मा | र | दा | री |
| स | ■ | क | र | म | ■ | खा | ■ | स |
| ली | ■ | वा | ■ | ■ | ह | व | न | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और महत्वपूर्ण कार्यों में सफल होंगे। नये कार्यों की शुरूआत कर सकते हैं। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**वृष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा। आज आपको संभलकर चलना होगा, अन्यथा किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

**मिथुन राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार अच्छा चलेगा और आकस्मिक धनलाभ की स्थिति रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों की मदद से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि :** आज का दिन बहुत अच्छा बीतेगा। व्यवसाय में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं।

**कन्या राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, जिससे शिथिलता एवं मानसिक व्याकुलता का अनुभव होगा।

**तुला राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा और कार्यभार की अधिकता रहेगी। पैसों के लेन-देन से बचें और निवेश का निर्णय बुजुर्गों की सलाह लेकर ही करें।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायियों को अच्छा मुनाफा कमाने के अवसर मिलेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**धनु राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन कड़े परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। सहकर्मियों का भी भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मकर राशि :** विद्यार्थी, कलाकार और खिलाडियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय भी अच्छा चलेगा, लेकिन छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं।

**कुंभ राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। मन में काल्पनिक विचार आएंगे, जिससे सृजनात्मक शक्ति को उचित दिशा मिल जाएगी, लेकिन व्यवसायियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसाकि क्षेत्र में छोटी-छोटी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन समाधानकारी व्यवहार अपनाने से कार्यों में सफलता मिलेगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीकी की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। महिलाओं के खेल में सबसे तेज गेंदबाज इस्माइल ने कुल 241 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और सभी प्रारूपों में 317 विकेट लिए। 34 वर्षीय इस्माइल ने एकदिनी क्रिकेट में 191 विकेट लिए हैं, और सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में भारत की झुलन गोस्वामी (255) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इस्माइल, जिन्होंने आखिरी बार फरवरी में विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में खेला था, ने उस टूर्नामेंट के दौरान महिलाओं के क्रिकेट में सबसे तेज गेंद फेंकी थी। उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 128 किलोमीटर प्रति घंटे (80 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। इस्माइल ने बुधवार को एक बयान में कहा, 16 साल के बाद गर्व से अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के बाद, मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने और अपने जीवन के अगले अध्याय में जाने के मुश्किल फैसला ले रही हूं।

### कार्लोस अल्काराज पहुंचे सेमीफाइनल में

**मैड्रिड।** स्पेन की युवा सनसनी और शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कराज कड़ी मशक्कत के बाद रूस के कारेन खचानोव को हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रहे। इसी हफ्ते अपना 20वां जन्मदिन मनाने वाले अल्काराज ने बुधवार को 10वीं सीड खचानोव को 6-4, 7-5 से मात दी। दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी अल्कराज रविवार के फाइनल में जगह बनाने के लिये बोर्ना कॉरिक या डेनियल अल्तमाइर में से किसी एक से मुकाबला करेंगे।

### भारत अंडर-17 ने रियाल मैड्रिड अंडर-17 को 3-3 के ड्रा पर रोका



**नई दिल्ली।** स्थानापन्न खिलाड़ी थांगलालसौन गंगटे ने अंतिम सेकंडों में गोल करते हुए भारत अंडर-17 को रियाल मैड्रिड अंडर-17 के खिलाफ मैड्रिड में एक ट्रेनिंग मैच में 3-3 से बराबरी दिला दी। भारतीय अंडर-17 टीम इस समय स्पेन में है और अंडर-17 एशिया कप 2023 की तैयारी के लिए कुछ अभ्यास मैच खेल रही है। अंडर-17 एशिया कप का आयोजन इस वर्ष जून में थाईलैंड में होना है। गंगटे ने 90वें मिनट में कप्तान कोरौ के क्रॉस पर बराबरी का गोल दागा।

# जूनियर हॉकी एशिया कप 2023 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 23 मई से 1 जून तक ओमान में होने वाले बहुप्रतीक्षित पुरुष जूनियर एशिया कप 2023 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। उत्तम सिंह को टीम का कप्तान और बॉबी सिंह धामी को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। यह इस दिसंबर में मलेशिया में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट होगा और भारत को पूल ए में प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, जापान, थाईलैंड और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है, जबकि पूल बी में कोरिया, मलेशिया, ओमान, बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान की टीमें हैं। भारतीय टीम में खिलाड़ियों का एक अनुभवी मिश्रण है, जिन्होंने अतीत में भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित 2021 एफआईएच जूनियर विश्व कप के पिछले संस्करण के साथ-साथ 10वें सुल्तान जोहोर कप 2022 में हिस्सा लिया था, जहां भारत ने खिताब जीता था।



#### भारतीय जूनियर पुरुष टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर :** मोहित एच एस और हिमवान सिहाग।
**डिफेंडर :** शारदानंद तिवारी, रोहित, अमनदीप लाकड़ा, आमिर अली, योगेम्बर रावत।
**मिडफील्डर :** विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, पूवन्ना सीबी, अमनदीप, सुनीत लाकड़ा।
**फॉरवर्ड :** बॉबी सिंह धामी (उपकप्तान), अरिजीत सिंह हुंदल, आदित्य लालगे, उत्तम सिंह (कप्तान), सुदीप चिरमाको, अंगद बीर सिंह।

टीम चयन के बारे में बोलते हुए, भारतीय जूनियर पुरुष कोच सीआर कुमार ने कहा, हमारे पास काफी अनुभवी टीम है, जिसमें से कुछ खिलाड़ियों ने हाल के टूर्नामेंटों में अपनी सीनियर शुरूआत की है। सुल्तान जोहोर कप जीतना एक बड़ा प्रेरक कारक था और यह टीम इस टूर्नामेंट के लिए बहुत अच्छी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा, हम दो तैयारी और दो प्रतियोगिता चक्रों से गुजरे हैं, जिससे खिलाड़ियों को सही मात्रा में प्रदर्शन हासिल करने में मदद मिली है। सीनियर टीम भी यहां साई, बेंगलुरु में मौजूद है। हमें उनके खिलाफ भी मैच खेलने का पर्याप्त अनुभव मिला है। टीम उत्साहित है और हम शीर्ष पर रहना चाहते हैं।

# कोलकाता ने हैदराबाद को 172 रन का दिया टारगेट

**एजेंसी। हैदराबाद**

इंडियन प्रीमियर लीग में आज सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच लीग स्टेज का 47वां मुकाबला जारी है। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्करम क्रीज पर हैं। टीम ने 11 ओवर के बाद 4 विकेट के नुकसान पर 90 रन बना लिए हैं। हैरी ब्रूक जीरो पर छइह हो गए। शार्दूल ठाकुर ने अभिषेक शर्मा, आंद्रे रसेल ने राहुल त्रिपाठी और हर्षित राणा ने मयंक अग्रवाल को आउट किया। 172 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरूआत खराब रही। टीम ने चौथे ओवर में दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। फिर छठे ओवर में राहुल त्रिपाठी भी आंद्रे रसेल की बॉल पर कैच हो गए। टीम ने 6 ओवर में 53 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए। पावरप्ले में 3 विकेट गंवाने के बाद कोलकाता से कप्तान नीतीश राणा और रिंकू सिंह ने पार्टनरशिप की। रिंकू 46 और राणा 42 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद आए आंद्रे रसेल बड़े-बड़े शॉट्स लगाने लगे, लेकिन उन्हें मयंक मारकंडे ने पवेलियन भेज दिया। रसेल ने 15 गेंद पर 24 रन बनाए। बाकी बैटर्स में जेसन रॉय ने 29, अनुकुल रॉय ने 13, वैभव अरोड़ा ने 2, शार्दूल ठाकुर ने 8 वेंकटेश अय्यर ने 7 और सुनील नरेन ने 1 रन बनाया। हर्षित राणा और रहमानुल्लाह गुरबाज खाता भी नहीं खोल सके। हैदराबाद से मार्को यानसेन और थंगारसु नटराजन ने 2 विकेट लिए। वहीं कार्तिक त्यागी, ऐडन मार्करम, भुवनेश्वर कुमार और मयंक मारकंडे को 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुआ। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी कोलकाता ने दूसरे ही ओवर में 2 विकेट गंवा दिए। मार्को यानसेन ने रहमानुल्लाह गुरबाज और वेंकटेश अय्यर को पवेलियन भेजा। पांचवें ही ओवर में कार्तिक त्यागी ने जेसन रॉय को भी कैच आउट करा दिया।



### गुजरात को हराकर शीर्ष पर पहुंचने उतरेगी राजस्थान

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस पर जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में राजस्थान को अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा पर ये उसके लिए आसान मुकाबला नहीं रहेगा। राजस्थान की टीम के अभी 10 अंक हैं पर अगर इस मैच को जीतती है तो वह बेहतर नेट रन रेट के कारण अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जायेगी। कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी टीम लगातार जीत दर्ज नहीं कर पा रही है।

# रियाल मैड्रिड को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंचा एटलेटिको

**एजेंसी। मैड्रिड**

एटलेटिको मैड्रिड ने कैडिज को 5-1 से करारी शिकस्त देकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रियाल मैड्रिड की जगह दूसरा स्थान हासिल कर लिया। एंटोनी ग्रीजमैन ने पहले हाफ में दो गोल किए जबकि अल्वारो मोराटा, यानिक कैरास्को और नाहुएल मोलिना ने दूसरे हाफ में एक एक गोल करके एटलेटिको को 14 लीग मैचों में 12वीं जीत दिलाई।

अब जबकि लीग में पांच दौर के मैच होने बाकी है तब एटलेटिको की टीम रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे हो गई है। एटलेटिको के अब 33 मैचों में 69 अंक हो गए हैं जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 68 अंक हैं। बार्सिलोना 33 मैचों में 82 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है।



### केकेआर ने लिटन दास की जगह जॉनसन चार्ल्स को टीम में रखा

**मुंबई।** केकेआर ने गुरुवार को आईपीएल के इस सीजन के बाकी मैचों के लिए लिटन दास की जगह जॉनसन चार्ल्स को टीम में रखा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज चार्ल्स ने 41 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें 971 रन बनाए हैं और वेस्टइंडीज की 2012 और 2016 की आईसीसी विश्व ट्वेंटी20 विजेता टीम का हिस्सा थे। इसके अलावा उन्होंने 224 टी20 मैच खेले हैं और उनके नाम पर 5600 से अधिक रन हैं। वह 50 लाख रुपये में केकेआर से जुड़े। बांग्लादेश के विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन दास किसी पारिवारिक मेडिकल इमरजेंसी के चलते घर वापस लौट गए हैं। केकेआर ने एक बयान में कहा, लिट्टन दास को एक जरूरी पारिवारिक चिकित्सा आपात स्थिति के कारण बांग्लादेश लौटना पड़ा।

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बनायी 3-0 की अपराजेय बढ़त



**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड की गलतियों का फायदा उठाते हुए तीसरा वनडे बुधवार रात 26 रन से जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। पदार्पण मैच खेल रहे आलराउंडर कॉल मैक्कोंची ने साहसिक नाबाद 64 रन बनाये जबकि टॉम ब्लंडेल (65) ने सर्वाधिक रन बनाये लेकिन टीम की गलतियों ने उनके प्रयास पर पानी फेर दिया और मेजबान पाकिस्तान ने मुकाबला 26 रन से जीत लिया।

पाकिस्तान ने ओपनर इमाम उल हक (90) और कप्तान बाबर आजम (54) की शानदार पारियों से 50 ओवर में 287/6 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन कीवी टीम आखिरी ओवर में 261 रन पर ढेर हो गयी जो उसकी लगातार तीसरी पराजय है। सीरीज में पहली बार खेल रहे टॉम ब्लंडेल ने सर्वाधिक रन बनाये लेकिन वह दो अनावश्यक रन आउट में से एक रहे। ब्लंडेल और विल यंग ने 15.3 ओवर में पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़े लेकिन यंग 41 गेंदों में 33 रन बनाकर रन आउट हो गए।

ब्लंडेल के आउट होने के बाद कीवी टीम की बल्लेबाजी में वह ताकत नहीं थी जो उसे लक्ष्य के आसपास भी ले जा सके। न्यूजीलैंड को आखिरी 10 ओवर में 97 रन की जरूरत थी लेकिन जब टॉम लाथम 60 गेंदों में 45 रन बनाकर आउट हो गए तो पाकिस्तान की जीत सुनिश्चित हो गयी। मैक्कोंची ने एकतरफा संघर्ष करते हुए 45 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 64 रन बनाये लेकिन उन्हें दूसरे बल्लेबाजों से कोई सहयोग नहीं मिला। इससे पहले फखर जमान के जल्दी आउट होने के बाद बाबर और इमाम उल हक ने दूसरे विकेट के लिए 108 रन जोड़े। बाबर ने 62 गेंदों पर 54 रन बनाये जबकि इमाम उल हक ने 107 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 90 रन बनाये। पाकिस्तान ने छह विकेट पर 287 रन बनाकर न्यूजीलैंड के सामने 288 रन का लक्ष्य रखा जो मेहमान टीम के लिए अंत में बड़ा साबित हुआ।

# रेडुकानु इस साल नहीं खेलेंगी फ्रेंच ओपन और विंबलडन



**एजेंसी। लंदन**

2021 यूएस ओपन महिला एकल चैंपियन ब्रिटिश टेनिस स्टार एम्मा रेडुकानु इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियनशिप सहित सभी इवेंट में हिस्सा नहीं लेंगी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैड्रिड ओपन से हटने के एक हफ्ते बाद बुधवार को 20 वर्षीय रेडुकानु ने अस्पताल के बिस्तर से अपनी एक तस्वीर और हाथ से लिखा एक पत्र की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की। रेडुकानु ने पत्र में कहा, पिछले 10 महीने कठिन रहे हैं। मैं दोनों हाथों की हड्डी में बार-बार होने वाली चोट से जूझ रही हूं। मैंने दर्द के बावजूद अपना प्रशिक्षण कम कर पिछले सीजन और इस सीजन में खेलने की पूरी कोशिश की। दुर्भाग्य से, यह पर्याप्त नहीं है। रेडुकानु ने आगे कहा, मुझे यह बताते हुए निराशा हो रही है कि मैं अगले कुछ महीने खेल से बाहर रहूंगी। मेरा एक छोटा सा ऑपरेशन होना है। रेडुकानू विंबलडन 2021 में अपने पहले बड़े टूर्नामेंट में चौथे दौर में पहुंच गई थी और फिर उसी वर्ष क्वालीफायर के रूप में यूएस ओपन खिताब जीतकर दुनिया को चौंका दिया था। तब से रेडुकानू चोटों और बीमारी से जूझ रही हैं और अगले हफ्ते विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो जाएंगी।

### टी20 में थाईलैंड के पांच बल्लेबाज शून्य पर आउट

**नई दिल्ली।** महिला टी20आई क्रिकेट में थाईलैंड ने नया इतिहास रच दिया है। थाईलैंड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी महिला टीम द्वारा अब तक के सबसे कम स्कोर का बचाव किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, नरुमोल चायवई के नेतृत्व वाली टीम ने केवल 53 रन बनाए। मलेशिया के तेज गेंदबाज विनीफ्रेड दुरीसिंगम ने तीन विकेट लिए, जबकि माहिरा इज्जती इस्माइल और नूर दानिया स्यूहदा ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया टीम ने अपने पहले तीन विकेट महज चार रन के अंदर गंवा दिए। उसके बाद, एक छोर से विकेट गिरते रहे, लेकिन एल्सा हंटर लड़ती रहीं और उन्होंने 32 गेंदों पर 19 रन बनाए। उसके अलावा, किसी अन्य बल्लेबाज ने दोहरे अंक में रन नहीं बनाए और मलेशियन के 5 बल्लेबाज अपना खाता खोलने में असफल रहे। अंत में थाईलैंड ने मलेशिया को 41 रन पर रोक दिया और 12 रन से मैच जीत लिया।

## आईपीएल 2023 | कोहली-गंभीर के विवाद पर बोले वीरेंद्र सहवाग

# छवि का ध्यान रखो, बच्चे भी यही कहेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2023 के 45वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व कप्तान विराट कोहली और लखनऊ सुजर जायंट्स के मेंटॉर गौतम गंभीर के बीच बड़ा विवाद देखने को मिला। क्रिकेट जगत में इन दोनों दिग्गजों द्वारा किए गए व्यवहार की आलोचना भी की जा रही है। वहीं कोई कोहली को सही मान रहा है तो कोई गंभीर के गुस्से को ठीक ठहरा है, लेकिन इस बीच पूर्व भारतीय ओपनर रहे वीरेंद्र सहवाग ने अपनी राय रखते हुए दोनों क्रिकेटरों की आलोचना करते हुए साफ कहा कि ये घटना ना सिर्फ क्रिकेट को शर्मसार करने वाली रही बल्कि बच्चों के लिए भी सही नहीं है।

क्रिकबज पर बात करते हुए सहवाग ने कहा कि गंभीर-कोहली देश के आइकन हैं। सहवाग ने कहा, "ये दोनों ही खिलाड़ी देश के आइकन हैं। लाखों बच्चे कोहली और गौतम गंभीर को सपोर्ट करते हैं। वो उन्हें देखकर सीखते हैं। अगर ऐसे में ये लोग मैच में ऐसा व्यवहार करेंगे तो यह सही नहीं है।" सहवाग ने आगे कहा कि ऐसी घटनाओं पर नकेल कसने के लिए बीसीसीआई को सख्त नियम बनाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, "यदि बीसीसीआई किसी पर प्रतिबंध लगाने का फैसला करता है तो हो सकता है कि ऐसी घटनाएं कभी-कभार ही होंगी या बिल्कुल भी नहीं होंगी। इस तरह की घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं इसलिए बेहतर होगा कि आप ड्रेसिंग रूम के नियंत्रित माहौल में जो चाहें करें।






#### दिया अपने बच्चों का उदाहरण

**इसके** अलावा सहवाग ने अपने बच्चों का उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा, जब आप मैदान पर होते हैं, तो ऐसी घटनाएं शोभा नहीं देती हैं। मेरे अपने बच्चे लिप-रीड कर सकते हैं और वे बेन स्टोक्स (सहवाग का मतलब यहां गाली से था) का मतलब बहुत अच्छी तरह से समझते हैं। इसलिए मुझे तब बुरा लगता है। अगर आप ऐसी बातें कह रहे हैं, अगर मेरे बच्चे इसे पढ़ सकते हैं तो फिर दूसरे बच्चे भी तो पढ़ सकते हैं और कल वे सोचेंगे कि अगर कोहली और गंभीर ऐसा कह सकते हैं, तो मैं भी कह सकता हूं।

#### अपनी छवि का ध्यान रखना चाहिए

**सहवाग** ने आगे कहा, "जैसे ही मैच खत्म हुआ था मैंने टीवी बंद कर दिया था। मैच के बाद क्या हुआ, उस बारे में मुझे कुछ नहीं पता। अगले दिन जब मैं उठा तो सोशल मीडिया पर देखा। जो भी हुआ था वो बिल्कुल भी ठीक नहीं रहा। अगर आप हारते हो तो उसे चुपचाप स्वीकार करना चाहिए और जीतने वाली टीम जश्न मनाएगी ही। उन्हें एक-दूसरे को कुछ कहने की क्या जरुरत है।' बता दें कि लीग के 43वें मैच में लखनऊ की पारी के दौरान अफगानिस्तानी क्रिकेटर नवीन उल हक और विराट कोहली के बीच बहस हुई। दोनों के बीच मैच खत्म होने के बाद फिर दोबारा कई बात हो रही थी तभी गौतम गंभीर उन्हें हटाते दिखे। इसके बाद गौतम गंभीर और विराट कोहली आमने-सामने आ गए। इन दोनों के बीच लंबी गर्मागर्म बहस हुई थी। इससे पहले भी वह आईपीएल के दौरान ही भिड़ चुके हैं।



# तंगहाल गो फर्स्ट की फ्लाइट्स 9 मई तक रद्द, बुकिंग भी रोकी



**एजेंसी। नई दिल्ली**
कैश की तंगी से जूझ रही गो फर्स्ट एयरलाइन ने गुरुवार को 9 मई तक की अपनी सभी फ्लाइट्स सस्पेंड करने का ऐलान कर दिया। एयरलाइन ने 15 मई तक के फ्लाइट टिकट की बुकिंग भी रोक दी है। इससे पहले सोमवार को गो फर्स्ट ने 3, 4 और 5 मई के लिए फ्लाइट्स कैंसिल करने की बात कही थी। इससे यात्री भी परेशान हो रहे हैं। इधर, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी डीसीजीए ने सख्त रुख दिखाते हुए फ्लाइट्स कैंसिल होने के बाद पैसेंजर्स को उनका पैसा तुरंत लौटाने को कहा है। गो फर्स्ट की वेबसाइट के अनुसार एयरलाइन रोजाना 27 डोमेस्टिक और 8 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 200 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती थी। एयरलाइन ने भी टिकटों का पैसा वापस करने की बात कही है। रिफंड ओरिजिनल पेमेंट मोड के जरिए किया जाएगा। मतलब, जिन लोगों ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से टिकट का पेमेंट किया है, उनके क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में रिफंड दिखाई देगा। वहीं जिन्होंने वढक और नेट बैंकिंग से पेमेंट किया है, उन्हें रिफंड सीधे उनके अकाउंट में मिलेगा। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने गोफर्स्ट की खुद से दायर की गई इन्सॉल्वेंसी यानी दिवालिया याचिका पर सुनवाई की। एयरलाइन ने ठउछळ से इंटरिम मोराटोरियम की मांग की थी। इंटरिम मोराटोरियम यानी लोन से जुड़े मामले में पेंडिंग कोई भी कानूनी कार्यवाही रुकी हुई मानी जाएगी। लेनदार किसी भी लोन के मामले में कोई लीगल एक्शन भी नहीं ले सकेते। हालांकि एनसीएलटी ने याचिका पर सुनवाई करते हुए अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। एनसीएलटी ने कहा कि इनसॉलवेंसी एंड बैकरप्सी कोड यानी क्इउ के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। गो फर्स्ट को लीज पर एयरक्राफ्ट देने वाली फर्म्स ने भी ठउछळ से कहा कि उन्हें एयरलाइन की इंटरिम मोराटोरियम की मांग पर गंभीर आपत्ति है। मोराटोरियम के गंभीर परिणाम होंगे। लेसर्स ने जस्टिस रामलिंगम सुधाकर की अगुवाई वाली बेंच को बताया कि उन्होंने लीज को खत्म कर दिया है और वे विमान वापस पाने के हकदार हैं। लेसर्स ने कहा कि मेंटेनेंस और अन्य खर्चों को लेकर भी गो फर्स्ट का रिकॉर्ड ठीक नहीं हैं। लेसर्स ने कहा कि यदि गो फर्स्ट को मोराटोरियम राहत दी जाती है, तो वे अपने ग्राउंडेड विमान को वापस नहीं ले पाएंगे।

# सोने और चांदी की कीमतों में आई तेजी



**एजेंसी। मुंबई**
आज यानी गुरुवार (4 मई) को सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, आज सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का दाम 521 रुपए बढ़कर 61,565 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 56,393 रुपए हो गई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार साल के आखिर तक सोना 65 हजार तक जा सकता है। वेबसाइट के अनुसार आज चांदी की कीमत में आज शानदार तेजी देखने को मिली है। ये 1077 रुपए महंगी होकर 76,359 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 75,282 रुपए पर थी। मई महीने के 4 दिनों में ही सोना 1,396 रुपए महंगा हुआ है। अप्रैल महीने के आखिर में सोना 60,168 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था जो अब 61,565 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं अगर इस साल की बात करें तो 1 जनवरी को ये 54,867 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।आइआइएफएल सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता कहते हैं कि शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 65 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया का अनुमान है कि इस साल चांदी 90 हजार रु./किलो तक जा सकती है। इंडस्ट्रीयल डिमांड बढ़ने और सोने की कीमतें ज्यादा होने से भी चांदी की कीमतों में उछाल आ रहा है। सिल्वर इटीएफ आने से चांदी में निवेश के विकल्प बढ़ने का भी असर।

# शेयर बाजार में आई तेजी




**एजेंसी। मुंबई**
आज यानी गुरुवार को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। ये 555 अंक चढ़कर 61,749 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 165 अंकों की तेजी रही। ये 18,255 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में बाजार को मेटल और सरकारी बैंकों के शेयरों से सपोर्ट मिला। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में बढ़त और 9 में गिरावट रही। बाजर के बंद होने के बाद अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज ने चौथी तिमाही का रिजल्ट घोषित किया। अडाणी एंटरपाइजेज का शेयर 86 रुपए या 4.68% बढ़कर 1,925 रुपए पर बंद हुआ। एचडीएफसी ने भी चौथी तिमाही का रिजल्ट घोषित किया है। अच्छे नतीजों के कारण एचडीएफसी के शेयर ने आज 2,867 रुपए का नया 52 वीक हाई बनाया। ये 74.25 रुपए बढ़कर 2,862 पर बंद हुआ। एचडीएफसी आज 2,785 रुपए पर ओपन हुआ था। कल ये 2787 रुपए पर बंद हुआ था। अडाणी एंटरप्राइजेज का मार्च तिमाही में मुनाफा सालाना आधार पर 137% बढ़ा है, वहीं आय में भी 26% से ज्यादा की बढ़ोतरी देखने को मिली है। कंपनी का मुनाफा 304 करोड़ से बढ़कर 722 करोड़ रुपए हो गया। आय 24,866 करोड़ से बढ़कर 31,346 करोड़ रुपए हो गई है।

# आईटी प्रमुख कॉग्निजेंट 3,500 कर्मचारियों की करेगी छंटनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
2023 में राजस्व में कमी के चलते आईटी प्रमुख कॉग्निजेंट ने गुरुवार को कहा कि वह 3,500 कर्मचारियों, या अपने कर्मचारियों के लगभग 1 प्रतिशत (मुख्य रूप से गैर-बिल योग्य) की छंटनी करेगा। कॉग्निजेंट ने अपने ऑपरेटिंग मॉडल को सरल बनाने, कॉरपोरेट कार्यों को अनुकूलित करने और पोस्ट-महामारी हाइब्रिड कार्य वातावरण को प्रतिबिंबित करने के लिए ऑफिस स्पेस को समेकित और पुनः व्यवस्थित करने के उद्देश्य से एक 'नेक्स्टजेन' कार्यक्रम शुरू किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, हम उम्मीद करते हैं कि इस कार्यक्रम के कार्मिक संबंधी कार्यों से लगभग 3,500 कर्मचारी या हमारे कर्मचारियों का लगभग 1 प्रतिशत प्रभावित होगा। कंपनी ने कहा, ₹सरलीकरण के लिए हमारे अभियान में एबिलिटी बढ़ाने और तेजी से निर्णय लेने में सक्षम बनाने के प्रयास में कम लेयर्स के साथ काम करना शामिल होगा।₹ कंपनी को उम्मीद है कि इस कार्यक्रम से होने वाली बचत से लोगों में निरंतर निवेश, राजस्व वृद्धि के अवसर और ऑफिस स्पेस के आधुनिकीकरण में मदद मिलेगी। कंपनी के अनुसार, पहली तिमाही के अंत में कर्मचारियों की कुल संख्या 3,51,500 थी, जो पिछली तिमाही 2022 से 3,800 कम थी और 2022 की पहली तिमाही से 11,100 ज्यादा थी। कॉग्निजेंट ने वित्त वर्ष 2023 की मार्च तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि के साथ 580 मिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने 4.8 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया, जो कि 2023 की पहली तिमाही में साल-दर-साल 0.3 प्रतिशत घट गया। रवि कुमार ने कहा, तिमाही में हमारी त्वरित बुकिंग वृद्धि, जिसमें कई बड़े सौदे और नए और विस्तार कार्य का एक स्वस्थ मिश्रण शामिल था, हमारी सेवाओं, हमारे ब्रांड और हमारे ग्राहकों के साथ हमारे पुराने संबंधों की ताकत को दर्शाता है। 'नेक्स्टजेन' कार्यक्रम के तहत, कॉग्निजेंट को लगभग 400 मिलियन डॉलर की रिकॉर्ड लागत की उम्मीद है।

## वीडियो गेम कंपनी यूनिटी सॉफ्टवेयर करेगी 600 कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** वीडियो गेम सॉफ्टवेयर डेवलपर यूनिटी सॉफ्टवेयर ने लंबी अवधि और लाभदायक विकास के लिए खुद को स्थिति में रखने के लिए लगभग 600 या अपने कर्मचारियों के 8 प्रतिशत को निकालने की घोषणा की है। यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) को कंपनी ने बताया है कि पुनर्गठन के संबंध में लगभग 26 मिलियन डॉलर लगेगा, 'जो काफी हद तक सभी नकद व्यय हैं और जो 2023 की दूसरी तिमाही में काफी हद तक खर्च होंगे।' यूनिटी ने कहा, ₹ये खर्च मुख्य रूप से कर्मचारी ट्रांजिशन, विच्छेद भुगतान और कर्मचारी लाभ से संबंधित हैं।

# 3,500 कर्मचारियों को निकालेगी कॉग्निजेंट

**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिग्गज आइटी कंपनी कॉग्निजेंट ने 3,500 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का फैसला किया है। इसके अलावा कंपनी खर्चे घटाने के लिए अपने कुछ ऑफिस को भी बंद करेगी। कॉग्निजेंट अमेरिका की कंपनी है, लेकिन भारत में इसके संचालन का एक बड़ा हिस्सा है। अमेरिका समेत यूरोपीय देशों में छाई मंदी के कारण क्ळ कंपनियों की कमाई पर असर पड़ा है। फिलहाल कॉग्निजेंट में 3 लाख 55 हजार 300 कर्मचारी हैं। कॉग्निजेंट ने साल-दर-साल आधार पर मुनाफे में मामूली 3% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, कंपनी का रेवन्यू 4.81 अरब डॉलर पर आ गया। रेवन्यू में साल-दर-साल 0.3% की गिरावट आई है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप की पेरेंट कंपनी मेटा 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी। ये छंटनी इसी महीने यानी मई से शुरू होगी। मेटा ने इससे पहले 11 हजार कर्मचारियों को निकाला था, जो पूरी वर्कफोर्स का 13% था। टेक कंपनी इंटरनेशनल बिजनेस मशीन्स कॉर्प हायरिंग रोककर अकजॉब डेवलप करने की योजना बना रही है। कंपनी के उएड अरविंद कृष्णा ने ब्लूमबर्ग को दिए एक इंटरव्यू में कंपनी के प्लान का खुलासा किया था। अरविंद ने कहा था कि अभी कंपनी में नॉन कस्टमर फेसिंग रोल में लगभग 26,000 वर्कर्स हैं। मैं अगले 5 साल में अक और ऑटोमेशन से 30% एम्प्लॉइज को रिप्लेस होते हुए देख रहा हूं।' इसका मतलब आईबीएम लगभग 7800 एम्प्लॉइज को अकसे रिप्लेस कर सकता है। इसी तरह, अमेरिका की दिग्गज मास मीडिया एंड एंटरटेनमेंट कंपनी वॉल्ट डिज्नी ने भी दूसरे राउंड की छंटनी शुरू कर दी है। इस राउंड की छंटनी में लगभग 4,000 एम्प्लॉइज की नौकरी जाएगी। इससे पहले इस साल की शुरूआत में डिज्नी ने 7,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला था।

# डेल ने भारत में नए जी-सीरीज गेमिंग लैपटॉप लॉन्च किए

**एजेंसी। नई दिल्ली**
डेल टेक्नोलॉजीज ने गुरुवार को भारत में लेटेस्ट 13वीं जनरेशन इंटेल कोर एचएक्स सीरीज प्रोसेसर द्वारा संचालित नए जी15 और जी16 सीरीज गेमिंग लैपटॉप लॉन्च किए। डेल जी15 और जी16 की कीमत क्रमशः 89,990 रुपये और 1,61,990 रुपये है और ये 4 मई से कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट, ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर्स से खरीदने के लिए उपलब्ध हैं। डेल टेक्नोलॉजीज के भारतीय उपभोक्ता प्रोडक्ट मार्केटिंग निदेशक पूजन चड्ढा ने एक बयान में कहा, ₹जी-सीरीज के ये नए गेमिंग डिवाइस युवा गेमिंग के प्रति उत्साही लोगों के लिए आदर्श हैं, जो प्रतिस्पर्धी मूल्य सीमा पर डिजाइन सौंदर्य और शक्तिशाली सुविधाओं के सही संयोजन की तलाश में हैं।₹ गेमर्स के लिए डिजाइन किए गए, जी15 में इमर्सिव गेमप्ले के लिए एंटी-ग्लेयर एलईडी-बैकलिट नैरो बॉर्डर के साथ फुल एचडी 15.6-इंच डिस्प्ले है और गेमर्स को 120 हट्र्ज या 165 हट्र्ज रिफ्रेश रेट के बीच चयन करने का विकल्प भी प्रदान करता है। जी16 गेमर्स को 16-इंच क्यूएचडी प्लस डिस्प्ले प्रदान करता है जिसमें 165 हट्र्ज और 240 हट्र्ज रिफ्रेश रेट के बीच चयन करने का विकल्प होता है। इसके अलावा, जी15 13वीं पीढ़ी के जेन इंटेल कोरटीएम आई7 14-कोर एचएक्स प्रोसेसर और एनवीडिया जीफोर्स आरटीएक्स 4060 जीपीयू द्वारा संचालित है।

## विदेश

# इस्लामाबाद हाईकोर्ट में पेश होंगे इमरान, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**एजेंसी। इस्लामाबाद**
पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को इस्लामाबाद के हाईकोर्ट में पेश होने का निर्देश मिला है। वहीं, उन्होंने कहा कि वह अपने पैर में दर्द और सूजन के बावजूद इस्लामाबाद हाईकोर्ट जाएंगे। पीटीआई चीफ ने कहा कि वह अदालत का सम्मान करते हैं, इसलिए वह दर्द के बावजूद अदालत में पेश होंगे। इमरान खान ने अपने आवास से इस्लामाबाद के लिए रवाना होने से पहले व्हीलचेयर पर बैठे हुए एक वीडियो संदेश जारी किया, जिसमें उक्त बातें कही हैं। पीटीआई प्रमुख ने आगे कहा, 'वह ऐसे नहीं हैं जो अपने पक्ष में फैसला ना आने पर जजों के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाएं। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारुख की अध्यक्षता वाली दो सदस्यों की बेंच इमरान खान के मामले की सुनवाई करेगी। इमरान खान लगातार सुनवाई से अनुपस्थित चल रहे थे, जिसके चलते हाईकोर्ट ने इमरान खान की जमानत खारिज करने की धमकी दी थी। साथ ही खान ने एक बयान में दावा किया कि उसने लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) को सूचित किया था कि उसकी हत्या करने की साजिश रची गई थी।इमरान खान ने दावा किया कि एक बार वजीराबाद में और दूसरी बार 18 मार्च को न्यायिक परिसर में उनकी हत्या करने की कोशिश की गई थी। नौ अलग-अलग मामलों में अंतरिम जमानत हासिल करने के लिए पीटीआई प्रमुख को अदालत में पेश होने से पहले उसके आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और पुलिस की भारी टुकड़ी तैनात कर दी गई है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कांटेदार तार और कंटेनर भी रखे जा रहे हैं। पुलिस ने आईएचसी में असंबंधित व्यक्तियों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। द न्यूज इंटरनेशनल के अनुसार, खान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

## अमेरिका के अटलांटा में चिकित्सा केंद्र में गोलीबारी, एक की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत के अटलांटा में एक चिकित्सा केंद्र के अंदर हुई गोलीबारी में एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गईं। चारों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है जबकि एक की मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर की पहचान 24 वर्षीय डियोन पैटरसन के रूप में हुई है, जो अभी फरार है। अधिकारी संदिग्ध तथा अन्य पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं। अटलांटा पुलिस विभाग ने कहा कि बुधवार को चिकित्सा केंद्र के अंदर गोली चलाने वाले शूटर की तलाश जारी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कोब काउंटी पुलिस विभाग ने ट्वीट किया कि रिपोर्ट मिली है कि संदिग्ध घटना को अंजाम देने के बाद वहां गया हो, इसलिए अधिकारी उसकी तलाश कर रहे हैं। पुलिस विभाग ने भी लिखा है कि अटलांटा की सीमा से सटे कोब काउंटी के कुछ हिस्सों में पुलिस बल की उपस्थिति सामान्य से ज्यादा दिखाई दे सकती है।

# सूडानी 7 दिन के युद्धविराम पर सहमत हुई, खार्तूम में लड़ाई जारी

**एजेंसी। खार्तूम**
खार्तूम में जारी लड़ाई के बीच सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) ने सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच हिंसक सशस्त्र संघर्ष को रोकने के लिए एक सप्ताह के युद्ध विराम पर सहमति की घोषणा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, एसएएफ के बुधवार देर रात जारी बयान में कहा गया है, देश के मौजूदा संकट से निपटने के लिए अपनी पहल के रूप में इस मुद्दे पर अंतर-सरकारी प्राधिकरण (आईजीएडी) ने एक नए प्रस्ताव की पेशकश की जिसमें एक सप्ताह के लिए वर्तमान युद्धविराम का विस्तार करना और युद्धविराम पर चर्चा करने के लिए प्रत्येक पक्ष से एक प्रतिनिधि का नाम देना शामिल है। उसने बयान में कहा, एसएएफ ने अमेरिकी-सऊदी पहल को ध्यान में रखते हुए महाद्वीप के मुद्दों के अफ्रीकी समाधान के सिद्धांत के आधार पर और हमारे नागरिकों के मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव पर स्वीकृति व्यक्त की। सेना ने जोर देकर कहा कि उसे उम्मीद है कि दूसरा पक्ष भी प्रस्तावित युद्धविराम का पालन करेगा। हालांकि, आईजीएडी की पहल पर आरएसएफ ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इससे पहले बुधवार को मध्य खार्तूम में लड़ाई जारी रही। सूडानी पुलिस ने एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने मध्य खार्तूम में उसके एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया जिसमें उसके पांच कर्मियों की मौत हो गई। आरएसएफ ने दावा किया कि उसने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की वर्दी पहने एक अधिकारी के हमले का जवाब दिया जिसने केंद्रीय खार्तूम में चौकियों पर हमला करने का प्रयास किया था। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र के अंडर-सेक्रेटरी-जेनरल मार्टिन ग्रिफिथ्स सूडान पहुंचे। ग्रिफिथ्स ने बुधवार को ट्वीट किया, सूडानी लोगों के प्रति संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए अभी-अभी पोर्ट सूडान आया हूं।

## पेज एक के शेष

### 15 लाख का इनामी ...

में इंदल ने आईजी अभियान अमोल वी होमकर, सीआरपीएफ आईजी अमित कुमार सिंह, हजारीबाग डीआईजी नरेंद्र कुमार सिंह, चतरा एसपी राकेश रंजन की मौजूदगी में सरेंडर किया।

**सरेंडर करें माओवादी**
राज्य पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने कहा कि इंदल ने पुलिस की सरेंडर पॉलिशी से प्रभावित होकर सरेंडर किया है। दूसरे माओवादियों को भी चेतावनी दी जाती है कि वह हिंसावादी विचारधारा को छोड़कर आत्मसमर्पण करें या कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आईजी अभियान ने कहा कि राज्य में पुलिस व केंद्रीय सुरक्षाबलों के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने कई शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया है, साथ ही कईयों ने नई दिशा के तहत सरेंडर भी किया है।

**किन बड़े कांडों में आरोपी है इंदल**
- अगस्त 2008 में गया के इमामगंज में पुलिस पर फायरिंग, कारबाइन, इंसास की लूट की। सीआरपीएफ का एक जवान मुठभेड़ में शहीद, एक जवान गंभीर रुप से जख्मी हुआ।
- दिसंबर 2008 में चतरा के हंटरगंज के पांडेयपुरा में चौकीदार फकरूद्दीन की पुलिस मुखबीरी के आरोप में हत्या।
- सितंबर 2012 में चतरा के प्रतापपुर में मुठभेड़ में एएसपी समेत तीन पुलिसकर्मी जख्मी। बाद में एक जवान शहीद हुआ।
- सितंबर 2013 में डोभी में हथियार लूटने के उदेश्य से पुलिस पर हमला। दो जवान शहीद हुए।
- दिसंबर 2014 चतरा के इटखोरी में पुलिस गश्ती पर हमला। एक पुलिसकर्मी शहीद।
- नवंबर 2020 में गया के बाराचट्टी में नदरपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र यादव की पुलिस मुखबीरी के आरोप में हत्या। इसी दौरान पुलिस से मुठभेड़ में इंदल के साथी आलोक की मौत।

### आईएएस अधिकारी छवि ...

इम्तियाज अहमद और भरत प्रसाद को दिया। इसके बाद दोनों ने यह जमीन 1.78 करोड़ में पुनीत भार्गव को बेची। पुनीत भार्गव ने बाद में यही जमीन विष्णु अग्रवाल को 1.80 लाख रुपये में बेची। जांच में यह बात सामने आयी है कि प्रेम प्रकाश व छवि रंजन के सहयोग से ही जमीन की पूरी डील की गई थी।

### बाइडेन ने अजय ...

और सीईओ के रूप में ज्वाइन किया था। वे निदेशक मंडल के भी सदस्य थे। उन्होंने मास्टरकार्ड का एक दशक से भी अधिक वक्त तक नेतृत्व किया। वह मास्टरकार्ड के 113,123,489 डॉलर के शेयर के मालिक हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजय बंगा मास्टरकार्ड में हर साल 23,250,000 डॉलर (1.92 अरब रुपये) सैलरी लेते थे, इसका मतलब है कि वह हर दिन 5.2 मिलियन रुपये यानी पचास लाख रुपये कमा रहे थे। बंगा ने 2021 में मास्टरकार्ड से रिटायरमेंट लेकर प्राइवेट इक्विटी फर्म जनरल अटलांटिक ज्वाइन कर लिया था और वर्तमान में इसके वाइस चेयरमैन हैं। भारत सरकार अजय बंगा को साल 2016 में पद्म श्री से सम्मानित कर चुकी है।अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन भी चाहते थे कि अजय बंगा दुनिया के दो शीर्ष वित्तीय संस्थानों-अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में से किसी एक का प्रमुख बने। राष्ट्रपति बाइडन ने ही बंगा के नॉमिनेशन का ऐलान किया था। दरअसल, वर्ल्ड बैंक का सबसे बड़ा शेयरहोल्डर अमेरिका है, इसलिए पारंपरिक तौर वही विश्व बैंक का प्रमुख चुनता रहा है। अजय बंगा को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस की तरफ से एक बयान जारी किया गया था, जिसमें बाइडन ने बंगा के लंबे अनुभव को रेखांकित किया था। बाइडन ने कहा था उन्हें अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को बनाने और चलाने का तीन दशक से ज्यादा का अनुभव है।

**खुलासा** — चार महीने सेंटर में इस्लाम की दी गई ट्रेनिंग, एक साल की बच्ची भी शामिल

# पाकिस्तान में 50 हिंदुओं का हुआ धर्मांतरण



**एजेंसी। इस्लामाबाद**
पाकिस्तान के मीरपुरखास में 10 परिवारों के 50 हिंदुओं को मुसलमान बनाया गया है। इनमें 1 साल की बच्ची भी शामिल है। इस मौके पर मजहबी मामलों के मंत्री मोहम्मद ताल्हा महमूद के बेटे मोहम्मद शमरोज खान भी मौजूद रहे। वो खुद भी सांसद हैं। हिंदुओं का सामूहिक धर्मांतरण कराने के लिए एक स्पेशल सेरेमनी ऑर्गनाइज की गई। जिन लोगों का मजहब बदलवाया गया है, उन्हें चार महीने तक एक जगह रखा गया, इसे आम बोलचाल में इस्लामी ट्रेनिंग सेंटर कह सकते हैं। करीब एक महीने पहले हिंदू सांसद दानिश कुमार ने सदन में यह कहकर सबको चौंका दिया था कि उनके सहयोगी सांसद उन्हें इस्लाम अपनाने के लिए लालच देते हैं या दबाव डालते हैं। अब हिंदुओं के सामूहिक धर्मांतरण का मामला सामने आया है। हिंदुओं को मुस्लिम बनाने की इस घटना का खुलासा पाकिस्तान के ही अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने एक स्पेशल रिपोर्ट में किया है। इसके मुताबिक-यह प्रोग्राम बैतुल इमान न्यू मुस्लिम कॉलोनी के एक मदरसे में किया गया। शाहबाज शरीफ सरकार में मजहबी मामलों के मंत्री मोहम्मद ताल्हा महमूद के बेटे और सांसद मोहम्मद शमरोज खान खुद भी इसका हिस्सा बने। जिस संगठन ने यह धर्मांतरण कार्यक्रम आयोजित किया, उसके केयरटेकर कारी तैमूर राजपूत ने कहा- कुल 10 परिवारों को इस्लाम में शामिल किया गया है। वो मर्जी से मुस्लिम बनने को राजी हुए। हमने कोई दबाव नहीं डाला। इस मौके पर कई स्थानीय लोग मौजूद थे। कारी ने कहा- 10 परिवारों के कुल 50 लोगों ने इस्लाम कबूल किया है। इनमें 23 महिलाएं के अलावा एक साल की बच्ची भी शामिल है। इन सभी लोगों को एक खास सेंटर में रखा गया था। ये सेंटर 2018 में उन लोगों के लिए बनाया गया था, जो दूसरे मजहबों को छोड़कर इस्लाम अपनाते हैं। सभी लोगों को इस सेंटर में चार महीने रखा गया। इस दौरान उन्हें मजहबी ट्रेनिंग दी गई।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### सोनिया गांधी कल कर्नाटक में करेंगी चुनाव प्रचार



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य कारणों से कर्नाटक में चुनाव प्रचार से अब तक दूर रहीं कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी शनिवार को हुबली में एक जनसभा को संबोधित करेंगी। चुनावी राज्य में यह उनकी पहली जनसभा होगी। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा दक्षिणी राज्य में आक्रामक रूप से प्रचार कर रहे हैं, जहां 10 मई को मतदान होगा। सोनिया गांधी पिछले साल 6 अक्टूबर को कर्नाटक के मांड्या में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुई थीं और राहुल गांधी के साथ चल रही थीं। वह इन दिनों स्वास्थ्य कारणों से सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रह रही हैं।

### डिब्रूगढ़ जेल में अमृतपाल की पत्नी ने उससे मुलाकात की



**डिब्रूगढ़।** खालिस्तान समर्थक नेता और 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख अमृतपाल सिंह की पत्नी किरणपाल कौर ने डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में उससे मुलाकात की, जहां अमृतपाल सिंह वर्तमान में बंद है, एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, किरणपाल कौर के साथ अमृतपाल के सहयोगी दलजीत सिंह कलसी के परिवार के सदस्य भी थे, दलजीत सिंह कलसी भी उसी जेल में बंद है। कलसी की पत्नी और बेटी ने उनसे डिब्रूगढ़ जेल में मुलाकात की।

# राष्ट्रपति ने नशा मुक्त ओडिशा अभियान का किया शुभारंभ

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को मयुरभंज जिले के हाटबादडा स्थित ब्रह्मकुमारी केन्द्र में नशा मुक्त ओडिशा अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जब लोग नशे की लत के दुष्परिणाम के बारे में अवगत होंगे, तब वे नशे की लत से मुक्त हो पाएंगे। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि नशा एक व्याधि है। नशा एक सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक व मानसिक शाप है। नशा सेवन करने के कारण समाज व परिवार में विवाद व तनाव उत्पन्न होते हैं। इसलिए नशा




से दुष्परिणाम के बारे में लोगों को जागरूक कराना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नशा के बारे में लोगों को अवगत कराना व जागरूक करना पुण्य का कार्य है। राष्ट्रपति ने ब्रह्मकुमारी केन्द्र द्वारा आध्यात्मिकता का जागरण कर स्वस्थ समाज के गठन के दिशा में प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने नशा मुक्त अभियान के सफलता की कामना की है।

इससे पहले राष्ट्रपति ने पहाडपुर गांव में श्यामचरण मुर्मू के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस गांव में उन्होंने एक स्किल ट्रेनिंग हब व कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास करने के साथ-साथ लोगों के साथ बातचीत की। इससे पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी जन्मभूमि मयुरभंज जिले में पहुंची।

# आपातकाल के खिलाफ चट्टान की तरह खड़े थे बादल : अमित शाह

**एजेंसी। बादल (पंजाब)**

दिवंगत अकाली नेता प्रकाश सिंह बादल को बड़े दिल वाला, किसानों का हमदर्द और आपातकाल के खिलाफ चट्टान की तरह खड़े रहने वाला व्यक्ति बताते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शाह ने कहा कि उन्होंने हमेशा धर्मनिरपेक्षता को महत्व दिया और उसका पालन किया और उनका निधन देश के लिए एक बड़ी क्षति है। पंजाब के मुक्तसर जिले में पैतृक गांव बादल में उनके परिवार और समर्थकों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए शाह ने कहा कि अनुभवी नेता का निधन बेहद दुखद है। उनका कई दशकों का करियर गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित था। उनका निधन भारतीय राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है। सिख 'पंथ' ने एक सच्चा सैनिक और देश ने एक सच्चा देशभक्त खो दिया है।

# छत्तीसगढ़ में सड़क हादसा में 11 की मौत, पसरा मातम

**एजेंसी। बालोद**

छत्तीसगढ़ बालोद में बुधवार रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक बोलेरो कार ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और इसमें सवार 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 10 एक ही परिवार के थे। मरने वालों में एक डेढ़ साल का बच्चा भी शामिल है। ये सभी लोग शादी में शामिल होने जा रहे थे। हादसा कांकेर नेशनल हाइवे पर जगतरा के पास हुआ। बताया जा रहा है कि परिवार धमतरी के सोरम गांव से बोलेरो में सवार होकर शादी में शामिल होने के लिए मरकाटोला जा रहा था, लेकिन बीच में ही एक्सीडेंट हो गया। हादसे में मरने वालों में दो बच्चे और 5 महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने मीडिया को बताया कि बुधवार रात ये हादसा हुआ। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। ये सभी लोग शादी में शामिल होने के



लिए मरकाटोला जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की अस्पताल जाते वक्त जान चली गई। उन्होंने बताया कि सभी के शवों को अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट किया कि ईश्वर दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं को शांति एवं उनके परिवारजनों को हिम्मत दे। घायल बच्ची के स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। हादसे में केशव साहू (34), डोमेश ध्रुव (19), टोमिन साहू (33), संध्या साहू (24), रमा साहू (20), शैलेंद्र साहू (22), लक्ष्मी साहू (45), धरमराज साहू (55), उषा साहू (52), योग्यांश साहू (3) और ईशान साहू (डेढ़ साल) मारे गए।

## बिहार के सीतामढ़ी में सड़क हादसे में परिवार के 6 लोगों की मौत

**एजेंसी। पटना**

बिहार के सीतामढ़ी जिले में बुधवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक के तिपहिया वाहन से टकरा जाने से एक ही परिवार के छह सदस्यों और एक ऑटो रिक्शा चालक की मौत हो गई। एक तिपहिया वाहन के चालक सहित परिवार एक शादी समारोह से लौट रहा था। सीतामढ़ी-पुपरी स्टेट हाइवे पर एफसीआई गोदाम के पास यह हादसा हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगा दी। पुलिस ने कहा कि हादसे में चार



लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी हालत बहुत गंभीर है। उन्हें सीतामढ़ी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान मोहम्मद मुर्तजा, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद बदरे आलम, मोहम्मद अशरफ और तीन बच्चों के रूप में हुई है।

शरद पवार ने रिटायरमेंट पर सस्पेंस बरकरार रखा, कहा-

# 1 या 2 दिन में अंतिम फैसला लेंगे

**एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार- जिन्होंने 2 मई को अपने पद से हटने का फैसला किया था- उन्होंने गुरुवार को कहा कि वह एक या दो दिनों में अपना अंतिम फैसला लेंगे। वह वाईबी चव्हाण मेमोरियल सभागार के बाहर प्रदर्शनकारी एनसीपी कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए विशेष रूप से पहुंचे और कहा कि वह अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं की भावनाओं का बहुत सम्मान करते हैं।



पवार ने नरम लहजे में कहा, मैं आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं..मुझे आप सभी के साथ अपनी योजनाओं पर चर्चा करनी चाहिए थी। लेकिन मुझे पता था कि आपने मुझे निर्णय लेने की अनुमति नहीं दी होगी। कल (शुक्रवार) समिति की बैठक है और वह इस मामले पर चर्चा करेंगे। मैं सभी से परामर्श करने के बाद अंतिम निर्णय लूंगा और आपको सूचित करूंगा। इससे पहले, उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने फिर से कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और हाथ जोड़कर उनसे पिछले 48 घंटों के अपने आंदोलन और भूख हड़ताल को वापस लेने का आग्रह किया। राज्य पार्टी अध्यक्ष जयंत पाटिल, जिन्होंने खुद को एनसीपी के शीर्ष पद के दावेदार के रूप में स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया था, उन्होंने प्रदर्शनकारियों से अपील की कि वह अपना विरोध वापस लें और शुक्रवार को पैनल की बैठक के नतीजे का इंतजार करें।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में अपना आंदोलन जारी रखा है, जिसमें मांग की गई है कि पवार को पार्टी प्रमुख के रूप में सेवानिवृत्त होने के अपने फैसले को वापस लेना चाहिए। इस मांग पर लगभग पूरी पार्टी एकमत से अडिग है, हालांकि अजित पवार ने इससे अलग रुख अपनाते हुए कहा है कि सीनियर पवार ने यह फैसला खुद लिया है और उनकी उम्र और सेहत को देखते हुए सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। एनसीपी और राज्य के राजनीतिक हलकों में अटकलें लगाई जा रही हैं- अगर पवार अपने फैसले से पीछे नहीं हटते- किसे नए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुना जाएगा। हालांकि पवार द्वारा बुलाई गई बैठक से पहले ही सुप्रिया सुले, जयंत पाटिल, अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल दौड़ से बाहर हो चुके हैं।

# दिल्ली सत्ता का बड़ा दलाल संजय राय

## नेताओं, अफसरों के अलावा अपने गांव व जिला के हजारों युवकों को भी फंसाया

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

केन्द्रीय व कई राज्यों की सत्ता में गहरी पैठ रखने वाला बड़ा डीलर संजय राय शेरपुरिया जिसके, रेसकोर्स के पास वाले अवैध तरीके से बनाये गये घर में तमाम अफसर, सांसद जाते रहते थे, वहीं काम करने-कराने के तथाकथित डील होते थे। हर कुछ दिन बाद नये-नये कारनामे उजागर हो रहे हैं। उप्र. के गाजीपुर जिले का मूल निवासी संजय राय शेरपुरिया के बड़ा डीलर बनने की उड़ान गुजरात जाने, वहां काम शुरू करने के बाद हुई। उसके बाद तो उसने अहमदाबाद, दिल्ली, उप्र के पूर्वांचल के कई जिलों सहित अपने गृह जनपद गाजीपुर के लोगों को भी खूब चूना लगाया। प्रभाव इतना कि अपने बनाए एक एनजीओ के लिए सरकारी कंपनियों से लगायत कई उद्योगपतियों से भी करोड़ों रुपये सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड में लिया। अहमदाबाद के एसबीआई बैंक से तो सैकड़ों करोड़ रुपये अपनी एक कंपनी के लिए लोन लेकर फ्रॉड कर दिया। उसने अपने गृह जिला गाजीपुर के बेरोजगार युवाओं को भी चूना लगा दिया। उसने लगभग 25 हजार युवाओं के दस्तावेज नौकरी और सरकारी अनुदान दिलाने के नाम पर अपने पास जमा कराए थे। शेरपुरिया की गिरफ्तारी के बाद अब ये युवा जांच एजेंसियों से संपर्क कर रहे हैं, ताकि उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग न हो। इनमें से ज्यादातर शेरपुरिया के गांव शेरपुर और उसके आसपास के गांवों के रहने वाले हैं। इसकी गिरफ़्तारी उप्र एसटीएफ ने की 2 मई को शेरपुरिया के दिल्ली, बनारस, गाजीपुर और लखनऊ के ठिकानों पर छापे मारे गये थे। इस दौरान शेरपुरिया के दिल्ली ऑफिस से लाखों रुपये नगद, संपत्तियों के दस्तावेज, एफडीआर, तमाम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, पैसों के लेन-देन के ब्योरे वाली कई डायरियां, नेताओं के साथ फोटो वाले कई एलबम आदि बरामद किए गए थे। इसके अलावा हजारों की संख्या में युवाओं के आधार कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेज और कुछ फार्म भी बरामद हुए। इन फॉर्मों में प्रत्येक युवा से 2200 रुपये जमा कराए जाने का भी पता चला है।इसके फोटो देश के प्रभावशाली सत्ताधारी नेताओं के साथ सोशल मीडिया पर सालों से लगे हुए हैं। गाजीपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़े मनोज सिन्हा ने अपने चुनावी खर्चा के विवरण में संजय राय शेरपुरिया से 25 लाख रू.उधार लेने की बात लिखे हैं। इन सब के बीच ईडी ने संजय राय शेरपुरिया के खिलाफ लखनऊ के विभूतिखंड थाने में दर्ज एफआईआर की प्रमाणित प्रति हासिल कर ली है। नोएडा के सूरजपुर थाने में शेरपुरिया के एजेंट कासिफ पर दर्ज एफआईआर की प्रति भी ली गई है। कहा जाता है कि इन दोनों के आधार पर शेरपुरिया और कासिफ पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत ईडी जल्द केस दर्ज करने की तैयारी में है।

### किश्तवाड़ में सेना के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, तीन घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को सेना के एक हेलीकॉप्टर की एहतियातन लैंडिंग के दौरान दो पायलट और एक तकनीशियन घायल हो गए। रक्षा सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को पूर्वाह्न 11.15 बजे ऑपरेशनल मिशन पर आर्मी एविएशन एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर ने मरुआ नदी के तट पर एहतियातन लैंडिंग की। इनपुट्स के मुताबिक, पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को तकनीकी खराबी की सूचना दी थी और एहतियाती लैंडिंग के लिए आगे बढ़े। उबड़-खाबड़ जमीन, अंडरग्रोथ और बिना तैयारी के लैंडिंग क्षेत्र के कारण, हेलीकॉप्टर ने स्पष्ट रूप से एक कठिन लैंडिंग की। सूत्रों ने बताया कि तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया।

## FILMY हलचल

### नागेश कुकुनूर का 'सिटी ऑफ ड्रीम्स' तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए तैयार

**स्ट्रीमिंग** सीरीज 'सिटी ऑफ ड्रीम्स' के तीसरे सीजन की तैयारी की जा रही है। सीरीज गायकवाड़ परिवार के भीतर के राजनीति झगड़े की कहानी है। इस सीरीज में अतुल कुलकर्णी, प्रिया बापट, सचिन पिलगांवकर, सुशांत सिंह, एजाज खान और रणविजय सिंह लीड रोल में है। नए सीजन को निर्देशक ने राजनीति में सत्ता के लिए अंतिम लड़ाई के रूप में वर्णित किया हैं। सीजन 3 के बारे में बात करते हुए, निर्देशक नागेश कुकुनूर ने कहाः सीजन 1 और 2 को दर्शकों द्वारा पसंद और सराहा गया था और सीजन 3 को भी इसी उम्मीद से तैयार किया गया है कि लोग इसका भरपूर आनंद लेंगे। हर एक किरदार के पीछे काफी खोज की गई है, जो उत्तराधिकार के लिए इस पेचीदा लड़ाई को और भी दिलचस्प बनाने में में अहम योगदान देती है।



### हनी सिंह को डेट करने की अफवाहों पर नुसरत भरुचा ने तोड़ी चुप्पी



**एक** इवेंट में एक्ट्रेस नुसरत भरुचा और रैपर हनी सिंह हाथों में हाथ डाले पहुंचे। दोनों ने 'सइयां जी' नाम के एक गाने में साथ काम किया था। चूंकि हनी सिंह तलाकशुदा हैं, इसलिए नुसरत के साथ उनकी उपस्थिति ने दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहों को हवा दे दी है। अब नुसरत ने इसे लेकर रिएक्ट किया है। नुसरत भरुचा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'छत्रपति' के प्रमोशन में व्यस्त हैं, लेकिन उन्होंने हनी सिंह को डेट करने की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, आप जानते हैं? यह मेरे जीवन की पहली डेटिंग अफवाह है।

### अनुपम खेर 537वीं फिल्म की ओर जल्द 'विजय 69' में आएंगे नजर




**राष्ट्रीय** पुरस्कार विजेता अभिनेता अनुपम खेर अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म 'विजय 69' में नजर आएंगे। यह खेर की 537वीं फिल्म होगी। अनुपम खेर 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'त्रिदेव', 'लम्हे', 'स्पेशल 26' और कई अन्य फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। फिल्म खेर द्वारा अभिनीत एक व्यक्ति के जीवन का अनुसरण करेगी, जो 69 साल की उम्र में एक ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला करता है। इसका निर्देशन अक्षय रॉय करेंगे, जो इससे पहले 'मेरी प्यारी बिंदु' बना चुके हैं। घोषणा करते हुए, खेर ने ट्वीट कियाः 69 साल का युवा होना अच्छा है। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट की 'विजय69' के जरिए ओटीटी के लिए काम करने के लिए सुपर एक्साइटिड हूं। कहानी एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है जो 69 साल की उम्र में ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला करता है। 'विजय 69' का निर्माण वाईआरएफ एंटरटेनमेंट और मनीष शर्मा कर रहे हैं, जिन्होंने 'बैंड बाजा बारात' का निर्देशन करने के साथ-साथ 'दम लगा के हईशा' और 'सुई धागाः मेड इन इंडिया' का निर्माण किया है।

बड़ा झटका

## दो दिनों की सुनवाई के बाद पटना हाईकोर्ट का फैसला

# बिहार में जाति गणना पर तत्काल प्रभाव से लगी रोक

**एजेंसी। पटना**

बिहार में नीतीश सरकार की जाति आधारित गणना पर गुरुवार को पटना हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने आदेश दिया है कि गणना को तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाए। इसके पहले हाईकोर्ट में मामले को लेकर दो दिन तक सुनवाई हुई थी। इसके बाद चीफ जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस फैसले के बाद नीतीश सरकार को बड़ा झटका लगा है।




दूसरी ओर जातीय गणना पर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कहा कि जाति आधारित गणना सर्वसम्मति से कराई जा रही है। हम लोगों ने केंद्र सरकार से इसकी अनुमति ली है। हम पहले चाहते थे कि पूरे देश में जाति आधारित जनगणना हो लेकिन जब केंद्र सरकार नहीं मानी तो हम लोगों ने जाति आधारित गणना सह आर्थिक सर्वे कराने का फैसला लिया। बीते 24 अप्रैल को ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पटना हाई कोर्ट जाने को कहा था। इसके बाद 2 और 3 मई को हाई कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई थी। मामले में बीते सोमवार को पहली सुनवाई होनी थी लेकिन सरकार की ओर से किए गए काउंटर एफिडेविट रिकॉर्ड में नहीं होने के कारण हाई कोर्ट ने सुनवाई को मंगलवार के लिए टाल दिया। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अपराजिता सिंह और हाईकोर्ट के अधिवक्ता दीनू कुमार को जातीय गणना को असंवैधानिक करार देने के लिए हाई कोर्ट में दलीलें पेश करनी थीं। एडवोकेट जनरल (महाधिवक्ता) पीके शाही ने सरकार की ओर से अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने एडवोकेट जनरल से पूछा कि जाति आधारित गणना कराने का उद्देश्य क्या है? इसको लेकर क्या कोई कानून बनाया गया है? जवाब में पीके शाही ने कहा कि दोनों सदन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर जातीय गणना कराने का निर्णय लिया गया था। कैबिनेट ने उसी के मद्देनजर गणना कराने पर अपनी मुहर लगाई। यह राज्य सरकार का नीतिगत फैसला है। इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

याचिकाकर्ता के वकील दीनू कुमार ने कहा कि आखिर इस जाति आधारित गणना का उद्देश्य क्या है? इसमें 500 करोड़ रुपये खर्च करने की बात कही जा रही है लेकिन इसका परिणाम क्या होगा और किसे फायदा होगा। सरकार यह बताए कि समाज में जाति प्रथा को खत्म करने की बात लगातार कही जा रही है लेकिन जातीय गणना कराकर किसे फायदा पहुंचाया जा रहा है? इसका जवाब सरकार दे।

संविधान के अनुच्छेद-37 का हवाला देकर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह संवैधानिक दायित्व है कि वह अपने नागरिकों के बारे में जानकारी प्राप्त करे ताकि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जा सके।